www.deshbandhu.co.in खबरें लगातार...

राष्ट्रीय संस्करण

SUNDAY

नई दिल्ली, रविवार, 29 अक्टूबर, 2023

वर्ष – 16 | अंक –204 | पृष्ठ – 10

मूल्य –3.00 रु.

www.deshbandhu.co.in खबरें लगातार...

पत्र नहीं मित्र

# देशबन्धु

साहित्य

जार्ज पंचम की नाक पृष्ठ 06

'आर्या' में ऐसी ताकत है जो बवंडर का मुकाबला कर सकती है : सुष्मिता सेन पृष्ठ 10

फलीस्तीन में युद्ध विराम पर हुए मतदान में भारत ... पृष्ठ 02

■ राजधानी को स्वच्छ व हरित बनाने के लिए दिल्ली...
■ दिवाली पर हड़ताल करेंगे दिल्ली के बिजली कर्मचारी 03

■ इजरायलियों का अपनी सरकार पर नहीं भरोसा
■ कजाकिस्तान में खदान में आग लगने से 21 लोगों की मौत 07

राहुल ने छत्तीसगढ़ में की चुनावी सभाएं

# केजी से पीजी तक निशुल्क शिक्षा का वादा

## केंद्र सरकार पर बरसे, चुनिन्दा पूंजीपति मित्रों के लिए काम करती हैं मोदी सरकार

**कांकेर ( छत्तीसगढ़ ),** 28 अक्टूबर (देशबन्धु)। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने छत्तीसगढ़ में सरकारी स्कूलों –कालेजों में केजी से पीजी तक निशुल्क शिक्षा का बड़ा चुनावी वादा करते हुए मोदी सरकार पर जोरदार हमला बोला और उस पर गरीबों की बजाय चुनिन्दा पूंजीपति मित्रों के लिए काम करने का आरोप लगाया। श्री गांधी ने शनिवार को भानुप्रतापपुर में एक बड़ी चुनावी सभा में कहा कि सरकार चलाने के केवल दो तरीके हैं,जिसमें पहला प्रदेश या देश के सबसे अमीर लोगो को फायदा पहुंचाने के लिए कार्य किया जाए, तो दूसरा सबसे गरीबों लोगो को आगे बढ़ने के लिए मदद की जाए। कांग्रेस और यूपीए की सरकारे दूसरे तरीके से काम कर रही है।

**खदान, एयरपोर्ट, पोर्ट अडानी को सब सौंप दिए गए**

उनकी प्राथमिकता में किसान, मजदूर, बेरोजगार हैं। दूसरी ओर भाजपा के की सरकारे एवं लोग बड़ी बड़ी बाते करेंगे लेकिन अन्त में वह अडानी जी की मदद करेंगे। उन्होने कहा कि खदान, एयरपोर्ट, पोर्ट अडानी को सब सौंप दिए गए, कृषि के तीन काले कानून भी अडानी की मदद के लिए बने थे। हिमाचल हो या कश्मीर सेव के व्यवसाय पर अडानी का कब्जा है। दो तीन बड़े उद्योगपतियों की खुली मदद हो रही हैं। श्री गांधी ने कहा कि जब तक किसानों गरीबों की मदद नही होगी,देश आगे नही बढ़ सकता। किसान की जेब में जब पैसा आता है,तो वह गांव में छोटे कस्बों और छोटे शहरों में पैसा डालता है और गांव से लेकर छोटे शहरों तक की अर्थव्यवस्था बढ़ती और मजबूत होती है। भाजपा इसके उलट अडानी को पैसा दे देती है,तो क्या अडानी वह पैसा गांव छोटे कस्बे में खर्च करता है। अडानी वह पैसा विदेशों में खर्च करता है,वहां पर फैक्ट्रियां खरीदता है,व्यापार करता है। श्री गांधी ने अन्य पिछड़ा वर्गके मुद्दे पर मोदी सरकार पर फिर हमला बोलते हुए कहा कि इस वर्ग को ठगा जा रहा है।



**जब तक किसानों गरीबों की मदद नही होगी, देश आगे नही बढ़ सकता : राहुल गांधी, कांग्रेस नेता**

**आखिर जाति जनगणना से क्यों डरते हैं प्रधानमंत्री**

उन्होने कहा कि हर भाषण में ओबीसी ओबीसी करने वालों की जाति जनगणना पर बोलती बन्द है। आखिर जाति जनगणना से क्यों डरते हो। इस पर क्यों चुप्पी साध रखी है। श्री गांधी ने कहा कि ओबीसी की जितनी भागीदारी होनी चाहिए,नही हैं। प्रधानमंत्री मोदी सच्चाई जानते है,लेकिन उसे छिपाया जा रहा है। उन्होने सवाल किया कि कांग्रेस के समय में हुई जातीय जनगणना के आकड़े सरकार के पास जब उपलब्ध हैं तो उसे सार्वजनिक करने में क्या दिक्कत हैं। उन्होने कहा कि देशभर में 50 से 55 प्रतिशत ओबीसी की आबादी है। इस वर्ग को अपनी भागीदारी के लिए जागरूक होना पड़ेगा। उन्हे ठगा जा रहा है। उन्होने देश के 90 सचिवों में महज तीन के ओबीसी वर्ग से होने के आकड़े को दोहराते हुए कहा कि देश को चलाने में उनकी महज पांच प्रतिशत भागीदारी है।

## कांग्रेस संविधान बचाने की लड़ाई लड़ रही : प्रियंका

**दमोह।** कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने मध्यप्रदेश चुनाव के पहले आज जनता का आह्वान करते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी संविधान बचाने और भ्रष्टाचार मिटाने के मुद्दे की लड़ाई लड़ रही है, लेकिन जब तक जनता स्वयं जागरुक होकर सही दल को वोट नहीं करेगी, तब तक कुछ नहीं होगा। श्रीमती वाड्रा मध्यप्रदेश के बुंदेलखंड अंचल के दमोह जिले में चुनावी सभा को संबोधित करने आईं थीं। इस दौरान प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ समेत पार्टी के अन्य वरिष्ठ नेता भी उपस्थित थे। श्रीमती वाड्रा ने कहा कि पहले नेताओं से सादा जीवन और सेवा की ज्यादा उम्मीदें थीं, पर अब लोगों की उम्मीदें कम हो रहीं हैं। अब ज्यादातर लोग सरकार से उम्मीद पालते हैं कि उनका जीवन थोड़ा आसान हो जाए, लेकिन वर्तमान में परिस्थिति अजीब सी हो गई हैं।

चुनाव के दौरान पहले कभी छापे नहीं पड़े : खड़गे

# एक दिन भाजपा को भी झेलना पड़ेगा

**नई दिल्ली,** 28 अक्टूबर (एजेंसियां)। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने शनिवार 28 अक्टूबर को विपक्षी पार्टियों के खिलाफ प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की कार्रवाई को लेकर केंद्र सरकार पर निशाना साधा। खड़गे ने कहा, हम 50 सालों से राजनीति में हैं। इससे पहले चुनाव के दौरान ईडी के छापे कभी नहीं पड़े। कांग्रेस के नेताओं को भाजपा डराना–झुकाना चाहती है। हम डरेंगे नहीं, बल्कि मुकाबला करेंगे। भाजपा हमेशा ऐसा करती है। वो जो कर रहे हैं, वह ठीक नहीं है। एक दिन भाजपा उन्हें भी झेलना पड़ेगा।



- कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा भाजपा जो कर रही है, वह ठीक नहीं है
- राजस्थान में कांग्रेस का चुनाव बिगाड़ना चाहती है भाजपा

**अशोक गहलोत ने बताया था गुंडागर्दी**

कांग्रेस अध्यक्ष ने आरोप लगाया कि राजस्थान में भाजपा सीएम अशोक गहलोत का चुनाव खराब करना चाहती है। दरअसल, 26 अक्टूबर को ईडी ने कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा के जयपुर और सीकर स्थित घरों पर रेड की थी। फिर सीएम अशोक गहलोत के बेटे वैभव गहलोत को फॉरेन एक्सचेंज मैनेजमेंट एक्ट केस में समन भेजा। 27 अक्टूबर को अशोक गहलोत ने ईडी की कार्रवाई को गुंडागर्दी बताया था। उन्होंने कहा– भाजपा ने जांच एजेंसियों के जरिए देश में आतंक फैला रखा

फिर गरमाया इंडिया बनाम भारत का मामला

# रेल मंत्रालय ने 'भारत' करने का भेजा प्रस्ताव

**नई दिल्ली,** 28 अक्टूबर (देशबन्धु)। इंडिया बनाम भारत का मामला रह रहकर गरमाता जा रहा है। सत्ताधारी भाजपा जहां इंडिया का नाम भारत करने का समर्थन कर रही है, वही विपक्ष का आरोप है कि गठबंधन का नाम भारत होने के कारण केंद्र सरकार इस तरह का महौल बना रही है। इसी बीच रेल मंत्रालय ने केंद्रीय मंत्रिमंडल के पास एक प्रस्ताव भेजकर इंडिया का नाम भारत करने की मांग कर दी है।

गौरतलब है कि केंद्रीय मंत्रिमंडल के पास इस तरह का यह प्रस्ताव है, जिसमें देश का नाम इंडिया के बजाय भारत रखने की बात कही गई है। प्रस्ताव में कहा गया है कि संविधान में इंडिया और भारत दोनों नामों का उल्लेख है, ऐसे में अगर भारत नाम का प्रयोग बढ़ता है तो इसमें कुछ भी गलत नहीं है। हालांकि इस प्रस्ताव पर अभी केंद्र की ओर से कोई प्रतिक्रिया या बयान नहीं नहीं आया है। लेकिन सरकार के सूत्रों का कहना है कि औपचारिक रूप से इंडिया का नाम बदले बगैर भी आने वाले दिनों मे सरकारी दस्तावेजों में इंडिया की जगह भारत शब्द लिखने का चलन बढ़ सकता है।

- आने वाले दिनों मे भारत लिखने का बढ़ सकता है चलन

**एनसीईआरटी कमेटी ने भी की है सिफारिश**

इससे पहले नेशनल कांउंसिल ऑफ एजुकेशनल रिसर्च एंड ट्रेनिंग (एनसीईआरटी) की ओर से गठित नेशनल सिलेबस एंड टीचिंग लर्निंग मेटेरियल कमेटी (एनएसटीसी) ने भी आगे से उसके पाठ्यक्रमों में इंडिया की जगह भारत लिखने की सिफारिश कर रखी है।

# टमाटर के बाद अब रुला रहा प्याज

**प्याज की कीमत 80 रुपए किलो के पार**

**नई दिल्ली,** 28 अक्टूबर (देशबन्धु)। अभी महंगे टमाटर के बोझ से लोग उबर भी नहीं पाए थे कि प्याज की कीमत ने लोगों को रुलाना शुरू कर दिया। नवरात्रि खत्म होने के साथ ही प्याज की कीमत रॉकेट की रफ्तार से भागने लगी है। जो प्याज एक हफ्ता पहले तक 20 से 25 रुपये किलो बिक रहा था अब वो दिल्ली में 80–85 रुपये किलो प्याज बिक रहा है। यही हाल रहा तो आने वाले कुछ दिनों में प्याज की कीमत 100 रुपए के पार पहुंच जाएगी। प्याज की बढ़ी कीमत से लोगों में नाराजगी है। लोगों का कहना है कि लंबे वक्त तक टमाटर के बढ़े दामों की वजह से घर का बजट बिगाड़ा, जो अब तक ठीक भी नहीं हो सका, अब प्याज की महंगाई के रुलाने लगी है। प्याज की कीमत में आई इस तेजी के पीछे वजह क्या है आज इसे समझने की कोशिश करते हैं। सब्जी विक्रेताओं की माने तो बाजार में प्याज की कमी है,जिसका असर उसके दाम पर पड़ रहा है। अगले महीने नवंबर–दिसंबर तक बाजार में नया माल आ जाएगा। नए माल के आने तक प्याज की कीमत कम होने की उम्मीद नहीं है।



# विपक्ष ने यूएन प्रस्ताव पर भारत के रुख पर सरकार को घेरा

**नई दिल्ली,** 28 अक्टूबर (देशबन्धु)। इस्राइल और हमास के बीच जारी जंग बढ़ती ही जा रही है। इस युद्ध के बाद से दुनिया दो गुटों में बंटी दिख रही है। हालांकि कई देशों ने शांति की भी अपील की है। इसी क्रम में संयुक्त राष्ट्र महासभा के विशेष सत्र में गाजा में मानवीय आधार पर संघर्षविराम के लिए पेश एक प्रस्ताव को भारी बहुमत से अपनाया गया। हालांकि, भारत, ब्रिटेन, कनाडा, जर्मनी समेत 45 देशों ने मतदान से खुद को अलग रखा। इस प्रस्ताव से खुद को अलग रखने के रुख पर देश में कई नेताओं और संगठनों ने हैरानी जताई है साथ ही आलोचना भी की है। इसी क्रम में वाम संगठनों सीपीआई (एम) और सीपीआई ने कहा कि भारत का यह रुख चौंकाने वाला है। एनसीपी सुप्रीमो शरद पवार ने भी कहा कि सरकार के दृष्टिकोण में भ्रम है। सीपीआई (एम) और सीपीआई ने एक संयुक्त बयान में कहा कि गाजा में संघर्ष विराम के संयुक्त राष्ट्र के प्रस्ताव पर मतदान से भारत का दूर रहना चौंकाने वाला है। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) के महासचिव सीताराम येचुरी और सीपीआई महासचिव डी राजा ने यह बयान जारी किया। उन्होंने 'गाजा में इस नरसंहार आक्रामकता को रोकें' शीर्षक वाले संयुक्त बयान में कहा कि भारत का कदम फलस्तीनी मुद्दे पर उसके दीर्घकालिक समर्थन को नकारता है।

**इस्राइल व हमास जंग का मामला**



- वाम दलों ने भारत के रुख की आलोचना की
- पवार बोले, सरकार के दृष्टिकोण में भ्रम



# दिल्ली की हवा 'बहुत खराब' श्रेणी में पहुंची

**नई दिल्ली,** 28 अक्टूबर (एजेंसियां)। सिस्टम ऑफ एयर क्वालिटी एंड वेदर फोरकास्टिंग एंड रिसर्च (सफर) के आंकड़ों के अनुसार, राष्ट्रीय राजधानी में वायु गुणवत्ता 'बहुत खराब' श्रेणी में पहुंच गई है। शनिवार सुबह समग्र वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 303 तक पहुंच गया। धीरपुर में पीएम 2.5 के साथ एक्यूआई 364 पर था, जो 'बहुत खराब' श्रेणी में था। पूसा में एक्यूआई ने पीएम 2.5 को 215 'खराब श्रेणी' में दर्ज किया। लोधी रोड पर, पीएम 2.5 सांद्रता के साथ वायु गुणवत्ता सूचकांक 'खराब' श्रेणी के तहत 239 पर था और पीएम 10 भी 'मध्यम' श्रेणी के तहत 178 पर था। आईआईटी दिल्ली स्टेशन में हवा खराब श्रेणी में थी और बाद में 176 के साथ मध्यम श्रेणी में पहुंच गई। शहर के मथुरा रोड पर एक्यूआई 'खराब' श्रेणी में था, इसमें पीएम 2.5 225 और पीएम 10 सांद्रता 304 'बहुत खराब' श्रेणी में थी। सफर के पूर्वानुमान के अनुसार, रविवार को शहर की वायु गुणवत्ता और खराब होकर 'बहुत खराब' श्रेणी में आ जाएगी।

**वायु गुणवत्ता सूचकांक 300 के पार पहुंचा**

# आचार समिति ने महुआ को 2 नवम्बर को बुलाया

**नई दिल्ली,** 28 अक्टूबर (एजेंसियां)। पैसे लेकर संसद में सवाल पूछने के मामले में महुआ मोइत्रा पर लगे आरोपों की जांच कर रही लोकसभा की आचार समिति ने टीएमसी सांसद के आग्रह पर अब उन्हें 31 अक्टूबर की बजाय 2 नवंबर को सुबह 11 बजे कमेटी के सामने पेश होकर अपने बचाव में तथ्यों को रखने को कहा है। दरअसल, इस मामले में महुआ मोइत्रा के खिलाफ शिकायत करने वाले भाजपा सांसद निशिकांत दुबे और जय अनंत देहाद्राई की गवाही के बाद लोकसभा की आचार समिति ने अपना पक्ष रखने के लिए महुआ मोइत्रा को 31 अक्टूबर को बुलाया था। लेकिन, महुआ मोइत्रा ने शुक्रवार को आचार समिति के अध्यक्ष विनोद सोनकर को पत्र लिखकर यह बताया कि वह अपने संसदीय क्षेत्र में पहले से निर्धारित कार्यक्रमों के कारण 4 नवंबर से पहले दिल्ली नहीं आ सकती, इसलिए समिति उन्हें 5 नवंबर के बाद कभी भी पेश होने का समय दे दें। महुआ मोइत्रा के पत्र का संज्ञान लेते हुए लोकसभा सचिवालय ने एथिक्स कमेटी के अध्यक्ष विनोद सोनकर के निर्देश पर उन्हें पत्र लिखकर कमेटी के सामने 2 नवंबर को 11 बजे पेश होने को कहा है। यह भी साफ कर दिया है अब इस तारीख को आगे बढ़ाने का महुआ मोइत्रा का कोई भी आग्रह स्वीकार नहीं किया जाएगा।

**महुआ मोइत्रा के आग्रह पर बढ़ाई तारीख**



गुजरात में दिल दहला देने वाली घटना

# एक ही परिवार के सात लोगों ने की आत्महत्या

**सूरत,** 28 अक्टूबर (एजेंसियां)। सूरत में शनिवार को एक चौंकाने वाली घटना में एक व्यापारी के परिवार के तीन बच्चों सहित सात सदस्यों ने अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। मौके पर पहुंची पुलिस को घटनास्थल पर एक सुसाइड नोट मिला, जिसमें संकटपूर्ण परिस्थितियों की बात कही गई है। पीड़ितों में परिवार का मुखिया फर्नीचर व्यवसायी मनीष सोलंकी भी शामिल है। उन्हें छत के पंखे से लटका पाया गया। उनके साथ उनकी पत्नी रीता, पिता कनु, मां शोभा और तीन छोटे बच्चों – दिशा, काव्या और कुशल ने भी अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। रिपोर्टों से पता चलता है कि उन्होंने गंभीर आर्थिक तंगी के कारण यह कदम उठाया है।

**राजनीति** *दोनों पार्टियों ने परिवार व राजनीतिक राजवंशों को मैदान में उतारा*

# कांग्रेस-भाजपा ने 26 वंशजों को बनाया उम्मीदवार

**जयपुर, 28 अक्टूबर (एजेंसियां)। कांग्रेस और भाजपा एक-दूसरे पर राजनीति में भाई-भतीजावाद का आरोप लगाते रहे हैं और बार-बार इसकी आलोचना करते रहे हैं। हालांकि, इस सार्वजनिक रुख के बावजूद, दोनों पार्टियों ने राजस्थान में अपने दिग्गज नेताओं के परिवार के सदस्यों को टिकट दिया है। राजस्थान में करीब 81 सीटें हैं, जो कई नेताओं का गढ़ मानी जाती हैं।**

इनमें से 40 सीटें दशकों से कुछ नेताओं और उनके परिवारों की पॉकेट रही हैं। दोनों दलों ने अपने वरिष्ठ नेताओं के रिश्तेदारों को 26 टिकट दिए हैं। इसमें दिग्गज नेताओं के 15 बेटे, छह बेटियां–पोतियां, तीन पत्नियां, एक बहू और एक रिश्तेदार शामिल हैं। राजस्थान में अब तक बीजेपी ने 124 और कांग्रेस ने 76 टिकट बांटे हैं। इनमें से भाजपा ने 11 और कांग्रेस ने 15 ऐसे उम्मीदवारों को टिकट दिए जिनके परिवार के सदस्य विधायक, सांसद और मंत्री रहे हैं। बीजेपी ने देवली–उनियारा से पूर्व सांसद प्रत्याशी किरोड़ी सिंह बैंसला के बेटे विजय बैंसला को टिकट दिया है। इसके बाद विद्याधर नगर से दीया कुमारी हैं जो पूर्व सांसद गायत्री देवी की पोती हैं और जयपुर के पूर्व शाही परिवार से आती हैं।



- दोनों पार्टियां एक दूसरे पर भाई-भतीजावाद का लगाती हैं आरोप

**बीकानेर से सिद्धि कुमारी को भाजपा से टिकट**

बीकानेर से सिद्धि कुमारी, जिनके दादा करणी सिंह 1952 से 1977 तक सांसद थे, को बीजेपी से टिकट मिला है। श्रीमाधोपुर से चार बार विधायक रहे हरलाल सिंह खर्रा के बेटे झाबर सिंह खर्रा को इस बार अपने पिता के निर्वाचन क्षेत्र से टिकट मिला है। मंजीत चौधरी को मुंडावर से टिकट मिला है और वह पूर्व विधायक धर्मपाल चौधरी के बेटे हैं। पूर्व मंत्री दिगंबरसिंह के बेटे शैलेश सिंह को डीग कुम्हेर से टिकट मिला है। इसी तरह नसीराबाद से रामस्वरूप लांबा को टिकट मिला है। वह पूर्व मंत्री और सांसद सांवरलाल जाट के बेटे हैं। पूर्व सांसद नाथूराम मिर्धा की पोती डॉ. ज्योति मिर्धा नागौर से बीजेपी के सिंबल पर चुनाव लड़ेंगी। धरियावद से कन्हैयालाल मीणा लड़ेंगे चुनाव। वह धरियावद के पूर्व विधायक गौतमलाल मीणा के बेटे हैं।

## सार संक्षेप

### प्रधानमंत्री मोदी ने 51 हजार नियुक्ति पत्र बांटे



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को 10वें रोजगार मेले के तहत 51 हजार युवाओं को नियुक्ति पत्र बांटे। ये युवा पिछले कुछ दिनों में केंद्र सरकार के अलग-अलग विभागों में भर्ती हुए हैं। इस मौके पर प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि दिवाली में अभी कुछ ही वक्त बाकी है, लेकिन नियुक्ति पत्र पाने वाले 50 हजार युवाओं के परिवार के लिए यह मौका दिवाली से जरा भी कम नहीं है, आपने कड़ी मेहनत से यह मुकाम हासिल किया है।

### राजस्थान चुनाव में 300 करोड़ से अधिक की जब्ती



**जयपुर।** राज्य में 9 अक्टूबर को आदर्श आचार संहिता (एमसीसी) लागू होने के बाद से, राजस्थान में प्रवर्तन एजेंसियों ने 300 करोड़ रुपए से अधिक की अवैध शराब, नकदी और अन्य सामग्री जब्त करके एक नया रिकॉर्ड बनाया है। यह 2018 के विधानसभा चुनाव में आचार संहिता की अवधि के दौरान की गई जब्ती से 433 प्रतिशत अधिक है, जो 65 दिनों में 70 करोड़ रुपए थी।

### मुकेश अंबानी को मिली जान से मारने की धमकी



**मुंबई।** रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड के चेयरमैन मुकेश अंबानी को ईमेल के जरिए जबरन वसूली और जान से मारने की धमकी मिली है। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। ईमेल में 20 करोड़ रुपए की मांग करते हुए रकम न देने पर 66 वर्षीय अंबानी को गोली मारने की धमकी दी गई है।

### 'वनों की रक्षा के लिए नया विधेयक लाएगी कांग्रेस'



**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने शनिवार को एक बार फिर केंद्र पर संसद के मानसून सत्र के दौरान वन संरक्षण अधिनियम में संशोधन करने का आरोप लगाया, यह दावा करते हुए कि कांग्रेस के नेतृत्व वाली मिजोरम की नई विधान सभा का पहला सत्र एक नया विधेयक पारित करेगा, जो राज्य के आदिवासी लोगों की भूमि, जंगलों और अधिकारों की रक्षा की गारंटी देता है।

### इजराइल रक्षा बल ने हमास के नौसैनिक प्रमुख को मारा

**तेल अवीव।** गाजा में जमीनी हमले शुरू कर चुके इजरायल रक्षा बल (आईडीएफ) ने शनिवार को कहा कि उसने रात में किए हमले में हमास नौसेना कमांडर अबू साहिबान को मार डाला है। आईडीएफ ने कहा कि मारे गए कमांडर ने समुद्र के रास्ते हमास की घुसपैठ की योजना बनाई थी और उसे अंजाम दिया था, जिसे सेना ने नाकाम कर दिया।

# देश

**उवाच**

"भाजपा व बीजद दोनों एक हैं व 2024 का चुनाव एक साथ लड़ने की योजना बना रहे हैं तथा पांडियन दोनों पार्टियों के राजनीतिक एजेंट की भूमिका निभा रहे हैं। केंद्र सरकार द्वारा महज तीन दिनों में पांडियन के वीआरएस को मंजूरी देना एक सोची समझी रणनीति है।"

–शरत पटनायक, कांग्रेस नेता



| तापमान | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| दिल्ली | 29.0 | 21.0 |
| मुंबई | 31.0 | 27.0 |
| कोलकाता | 29.0 | 22.0 |
| चेन्नई | 30.0 | 28.0 |

# फलीस्तीन में युद्ध विराम पर हुए मतदान में भारत की अनुपस्थित गलत : प्रियंका

## युद्ध विराम के लिए मतदान से भारत के दूर रहने पर जताई नाराजगी

**नई दिल्ली,** 28 अक्टूबर (एजेंसियां)। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने फलीस्तीन में युद्धविराम पर हुई वोटिंग में भारत की अनुपस्थित पर गहरी नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि मानवीय मूल्यों की रक्षा हमारे सिद्धांत रहा है और फलीस्तीन में युद्धविराम के मुद्दे पर चुप रहकर हमारी सरकार ने गलत किया है। वाड्रा ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को उद्धृत करते हुए कहा कि आंख के बदले आंख फोड़ने का सिद्धांत पूरी दुनिया को अंधा बना देती है–महात्मा गांधी। उन्होंने कहा कि मैं स्तब्ध और शर्मिंदा हूं कि हमारा देश गाजा में युद्धविराम के लिए हुए मतदान में अनुपस्थित रहा।

हमारे देश की स्थापना की बुनियाद अहिंसा और सत्य के सिद्धांतों पर आधारित है और इन सिद्धांतों के लिए हमारे स्वतंत्रता सेनानियों ने बलिदान दिया था और हमारे संविधान का यही सिद्धान्त हमारी राष्ट्रीयता को भी परिभाषित करते हैं। ये भारत के नैतिक साहस का प्रतिनिधित्व करते हैं और इन्हीं को आधार बनाकर हमने विश्व समुदाय के सदस्य के रूप में उसके कार्यों का मार्गदर्शन किया है। कांग्रेस महासचिव ने कहा जब मानवता के हर कानून को नष्ट कर दिया गया है, लाखों लोगों के लिए भोजन, पानी, चिकित्सा आपूर्ति, संचार और बिजली काट दी गई है और फलिस्तीन में हजारों नर, नारियों और बच्चों को मारा जा रहा है तो मानवीय मूल्यों के खिलाफ खड़े होने से इंकार कर चुपचाप रहना गलत है क्योंकि एक राष्ट्र के रूप में हम हमेशा इन्हीं मूल्यों के लिए खड़े रहे हैं। गौरतलब है कि भारत ने संयुक्त राष्ट्र महासभा में इजरायल–हमास संघर्ष में तत्काल मानवीय संघर्ष विराम के आह्वान के प्रस्ताव पर मतदान में अनुपस्थित रहा। इस प्रस्ताव में गाजा पट्टी में निर्बाध मानवीय पहुंच का भी आह्वान किया गया था।



**मानवीय मूल्यों के खिलाफ खड़े होने से इंकार कर चुपचाप रहना गलत : प्रियंका गांधी**

गौरतलब है कि इस्राइल और हमास के बीच जारी जंग बढ़ती ही जा रही है। इस युद्ध के बाद से दुनिया दो गुटों में बंटी दिख रही है। हालांकि कई देशों ने शांति की भी अपील की है। इसी क्रम में संयुक्त राष्ट्र महासभा के विशेष सत्र में गाजा में मानवीय आधार पर संघर्षविराम के लिए पेश एक प्रस्ताव को भारी बहुमत से अपनाया गया।

### वाम दलों ने की प्रस्ताव पर भारत के रुख की आलोचना

**नई दिल्ली।** सीपीआई (एम) और सीपीआई ने एक संयुक्त बयान में कहा कि गाजा में संघर्ष विराम के संयुक्त राष्ट्र के प्रस्ताव पर मतदान से भारत का दूर रहना चौंकाने वाला है। यह दिखाता है कि भारत अपनी विदेश नीति को अमेरिकी साम्राज्यवाद के अधीनस्थ सहयोगी के रूप में आकार दे रहा है। इस दौरान सीपीआई (एम) ने यह भी कहा कि वह फलस्तीन के साथ एकजुटता दिखाने के लिए रविवार को अपने एकेजी भवन कार्यालय पर विरोध प्रदर्शन करेगी। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) के महासचिव सीताराम येचुरी और सीपीआई महासचिव डी राजा ने यह बयान जारी किया। उन्होंने गाजा में इस नरसंहार आक्रामकता को रोकें शीर्षक वाले संयुक्त बयान में कहा कि भारत का कदम फलस्तीनी मुद्दे पर उसके दीर्घकालिक समर्थन को नकारता है। उन्होंने कहा कि एक प्रस्ताव पर भारत का अनुपस्थित रहना, जिसे भारी बहुमत से अपनाया गया।

### भूस्खलन से सुबनसिरी जलविद्युत परियोजना क्षतिग्रस्त



**गुवाहाटी,** 28 अक्टूबर (एजेंसियां)। 2,000 मेगावाट की लोअर सुबनसिरी जलविद्युत परियोजना भूस्खलन से आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त हो गई है। इस कारण सुबनसिरी नदी का बहाव भी प्रभावित हुआ है। यह परियोजना वर्तमान में असम और अरुणाचल प्रदेश की सीमा पर निर्माणाधीन है। एनएचपीसी (नेशनल हाइड्रोइलेक्ट्रिक पावर कॉर्पोरेशन) के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि उपयोग में आने वाली 5 डायवर्जन सुरंगों में डायवर्जन सुरंग 1 शुक्रवार को लगभग 11:30 बजे भूस्खलन से बंद हो गई थी।

निर्माण पूरा होने के बाद अन्य चार डायवर्जन सुरंग पहले से ही बंद थी। नतीजतन, नदी के बहाव में उल्लेखनीय कमी आई है। बांध स्पिलवे खाड़ी में समुद्र का औसत स्तर 145 मीटर है। जलाशय अपने वर्तमान 997 घन मीटर/सेकंड नदी प्रवाह को बरकरार रखे हुए है, और इसका जल स्तर बढ़ रहा है। दोपहर 1 बजे जलस्तर बढ़कर 139 मीटर हो गया। अधिकारी ने बताया कि अनुमान है कि शाम तक जल स्तर 145 मीटर तक पहुंच जाएगा।

# जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद का ग्राफ आ रहा शून्य पर : दिलबाग सिंह

## डीजीपी ने अधिकारियों की पासिंग आउट परेड को किया संबोधित



**लेथपोरा/पुलवामा,** 28 अक्टूबर (एजेंसियां)। जम्मू-कश्मीर के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) दिलबाग सिंह ने पांच साल का रिपोर्ट-कार्ड पेश करते हुए कहा है कि शून्य संपार्श्विक क्षति, शून्य कानून व्यवस्था की घटनाएं और शून्य नागरिक हताहत हुए हैं जबकि आतंकवाद का ग्राफ भी शून्य पर आ रहा है। सिंह ने पुलवामा जिले के सीटीसी लेथपोरा, पंपोर में 307 अधिकारियों की पासिंग आउट परेड को संबोधित करते हुए इस आशय का दावा किया। उन्होंने कहा कि 'जीरो' शब्द पिछले पांच वर्षों से जम्मू-कश्मीर में सबसे लोकप्रिय है। डीजीपी ने कहा कि जम्मू-कश्मीर के पांच साल के रिपोर्ट कार्ड से पता चलता है कि शून्य संपार्श्विक क्षति, शून्य कानून और व्यवस्था की घटना और शून्य नागरिक हताहत हुआ है। निवर्तमान पुलिस प्रमुख ने कहा कि आतंकवाद का ग्राफ जिसने जम्मू-कश्मीर को बदनाम किया, वह भी शून्य पर आ रहा है। उन्होंने कहा कि इस साल 43 थानों को नवीनतम हथियारों और आतंकवाद विरोधी टीमों से लैस करने के लिए ऑपरेशन कैपेसिटी बिल्डिंग शुरू की गई है। उन्होंने कहा कि पहले चरण में, हमने 21 थानों को कवर किया और आज, शेष 22 पुलिस स्टेशनों के लिए टीमें लॉन्च की गई हैं। इन थानों को जीरो टेरर प्लान के तहत कवर किया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि अनंतनाग जिले में तीन आतंकी घटनाएं दर्ज की गईं, जबकि 36 थानों ने 100 प्रतिशत आतंक मुक्त रिकॉर्ड दिखाया। उन्होंने कहा कि ओपी क्षमता निर्माण के तहत आने वाले थानों में आतंकवादी घटनाओं से निपटने के लिए ड्रोन की उपलब्धता, नवीनतम हथियार और प्रत्येक में 14 सदस्यीय दस्ता होगा। इन नई टीमों की मदद से क्षेत्र का वर्चस्व और मजबूत होगा।

### हमारा बॉर्डर ग्रिड बहुत मजबूत : डीजीपी

जम्मू-कश्मीर के पुलिस महानिदेशक ने कहा कि हमारा बॉर्डर ग्रिड बहुत मजबूत है और हम सुनिश्चित करेंगे कि नियंत्रण रेखा (एलओसी) पर सभी कोशिशों को नाकाम कर दिया जाए। डीजीपी ने कहा कि पुलिस ने जो भी उपलब्धियां हासिल की हैं, वह जनता के सहयोग के बिना असंभव थी। उन्होंने कहा कि जम्मू-कश्मीर पुलिस लोगों की पुलिस है, जो युवाओं, लोगों और बच्चों की सुरक्षा के लिए काम कर रही है जो बेहतर भविष्य के लिए स्कूल के लिए अपना घर छोड़ते हैं।

## सार संक्षेप

### वाल्मीकि जयंती पर आदि कवि को खड़गे ने किया नमन

**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने आदि कवि महर्षि वाल्मीकि को सामाजिक न्याय का उद्घोषक बताते हुए उनकी जयंती पर उन्हें नमन किया। खडगे ने कहा कि महान धर्मग्रंथ रामायण के रचनाकार आदिकवि महर्षि वाल्मीकि की जयंती पर उन्हें कोटि-कोटि नमन। सामाजिक न्याय की शिक्षा देने वाले एवं दीनहीन के पक्ष में खड़े होने के लिए प्रेरित करने वाले वाल्मीकि के जीवन एवं उनकी रचनाओं से हमें सत्य, प्रेम एवं कर्तव्य के मार्ग पर चलने की प्रेरणा मिलती है।

### व्यापारी परिवार के सात लोगों ने की आत्महत्या

**सूरत।** सूरत में शनिवार को एक चौंकाने वाली घटना में एक व्यापारी के परिवार के तीन बच्चों सहित सात सदस्यों ने अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। मौके पर पहुंची पुलिस को घटनास्थल पर एक सुसाइड नोट मिला, जिसमें संकटपूर्ण परिस्थितियों की बात कही गई है। पीड़ितों में परिवार का मुखिया फर्नीचर व्यवसायी मनीष सोलंकी भी शामिल है। उन्हें छत के पंखे से लटका पाया गया। उनके साथ उनकी पत्नी रीता, पिता कनु, मां शोभा और तीन छोटे बच्चों दिशा, काव्या और कुशल ने भी अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। रिपोर्टों से पता चलता है कि उन्होंने गंभीर आर्थिक तंगी के कारण यह कदम उठाया है, हालांकि सटीक कारण की जांच की जा रही है।

### असम में भाजपा नेता की हत्या

**गुवाहाटी।** असम के करीमगंज जिले में पिछले कुछ दिनों से लापता 47 वर्षीय पूर्व पंचायत सदस्य और भाजपा नेता का शव मिला है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। पुलिस ने शुक्रवार रात जिले के पत्थरकांडी इलाके में भारतीय जनता पार्टी के स्थानीय नेता अब्दुल सत्तार का शव बरामद किया। गत 23 अक्टूबर को उनकी गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। करीमगंज जिले के पुलिस अधीक्षक पार्थ प्रतिम दास ने बताया कि हत्या का मामला दर्ज किया गया है।

### बंगाल में तेज रफ्तार ट्रक ने छह लोगों को कुचला

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के मिदनापुर जिले में शनिवार को एक तेज रफ्तार ट्रक की चपेट में आने से छह लोगों की मौत हो गई। खड़गपुर में हुई इस घटना में चार अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए और उनका अस्पताल में इलाज चल रहा है। सभी पीड़ित पेशे से फूल विक्रेता थे। मृतक खड़गपुर पुलिस स्टेशन के अंतर्गत बुरोमला इलाके में मुख्य सड़क पर फूलों से भरी बोरियां एक पिकअप वैन में लाद रहे थे, तभी अचानक एक सीमेंट से भरा ट्रक उनके ऊपर से गुजर गया। इस दौरान तीन लोगों मौके पर ही मौत हो गई।

# एमएसपी के नाम पर भाजपा कर रही ढोंग : अखिलेश यादव



**लखनऊ,** 28 अक्टूबर (एजेंसियां)। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने शनिवार को कहा कि भाजपा सरकार में लगातार बढ़ती महंगाई ने किसानों की कमर तोड़ दी है। एमएसपी के नाम पर सरकार दिखावा करने का ढोंग क्यों करती है। सपा मुखिया ने कहा कि भाजपा सरकार में किसान बेहाल हैं। भाजपा सरकार की नीतियां किसान विरोधी और पूंजीपतियों को लाभ देने वाली हैं। धान की फसल तैयार है लेकिन प्रदेश में किसानों के धान की खरीद की कोई व्यवस्था नहीं है। किसानों को गेंहू की एमएसपी नहीं मिली। अब धान की भी कीमत नहीं मिल रही है। अखिलेश यादव ने कहा कि डीजल, खाद-बीज, कीटनाशक सब महंगा है। भाजपा की डबल इंजन सरकार ने किसानों को धोखा दिया। पांच साल तक किसानों की सुध नहीं ली। अब चुनाव सामने देखकर सरकार किसानों को बरगलाने के लिए नए-नए हथकंडे अपना रही है। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि भाजपा की गलत नीतियों और काले कृषि कानूनों के विरोध में आंदोलन में 700 से ज्यादा किसान शहीद हो गए थे।

# मप्र में किसानों से छलावा कर रही सरकार : कांग्रेस

**भोपाल,**28 अक्टूबर (एजेंसियां)। चुनाव के बीच मध्य प्रदेश में किसानों पर सियासत गरमा गई है। मध्यप्रदेश कांग्रेस के प्रभारी रणदीप सुरजेवाला ने भोपाल में प्रेस वार्ता कर किसानों के मुद्दों पर भाजपा को जमकर घेरा। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान को रेडियो गप्पिस्तान बताते हुए उन्होंने कहा कि शिवराज सरकार किसानों से छलावा कर रही है।

**किसानों के मुद्दों पर भाजपा सरकार को जमकर घेरा**

सर्मथन मूल्य का सच छिपाकर किसानों की योजनाओं पर ताला लगाने का काम किया गया है। उन्होंने कहा कि भाजपा की सरकार ने किसानों के साथ छल किया है। समर्थन मूल्य लागत से कम दिया जा रहा है। खुद शिवराज सरकार ने एमएसपी से अधिक कीमत मांगी थी। महाराष्ट्र और गुजरात ने भी इसकी डिमांड की थी, लेकिन बावजूद इसके कीमत कम मिल रही है। गेहूं की एमएसपी 2275 रुपए घोषित की गई है, जबकि 2400 रुपए किसान की बोवाई की लागत है। सुरजेवाला ने कहा कि महाराष्ट्र ने 4 हजार, गुजरात ने 3 हजार से ज्यादा की लागत बताई है। सुरजेवाला ने कहा कि फरवरी 2016 में सीहोर में भाजपा ने कहा था किसान को लागत और मुनाफा देंगे। रबी का एमएसपी और कम है, किसान से किया गया वादा धराशायी हुआ है। सरकार एमएसपी की घोषणा करती है, लेकिन किसान को समर्थन मूल्य नहीं मिलता। मध्यप्रदेश में सरकार ने एक और छल किया है। 2023-24 में बजट में भावन्तर योजना का 1 हजार रुपए मात्र रखा गया था। 21-22 और 22-23 में एक फूटी कौड़ी शिवराज सरकार ने खर्च नहीं की।



**■ सर्मथन मूल्य का सच छिपाकर किसानों की योजनाओं पर ताला लगाने का लगाया आरोप**

इन्होंने किसान सम्मान निधि को किसान अपमान निधि बना दिया। भाजपा 9 लाख किसानों को 8 अगस्त 2023 से किसान सम्मान निधि नहीं दे रही है।

सुरजेवाला ने कहा कि किसान स्वामीनाथन आयोग के हिसाब से मांग करते हैं। कांग्रेस ने किसानों को वचन दिया है। केंद्रीय कृषि विभाग की रिर्पोट का हवाला देते सुरजेवाला ने यह दावा किया कि पिछले 7 साल में किसानों की आए बढ़ने के स्थान पर कम हुई है। खेती के उपकरण महंगे हुए हैं। खेती करने की लागत बढ़ी है। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना को लेकर सुरजेवाला ने कहा कि दो करोड़ किसानों के नाम किसान सम्मान निधि की सूची से हटाए गए हैं। इनमें मध्य प्रदेश के 9 लाख किसान भी शामिल हैं।

### चित्रकूट में हुए कार्यक्रम को लेकर चुनाव आयोग पहुंची कांग्रेस

**भोपाल।** मध्यप्रदेश कांग्रेस ने चित्रकूट में हुए शासकीय कार्यक्रम की शिकायत चुनाव आयोग से की है। कांग्रेस के प्रतिनिधिमंडल ने शनिवार को मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय पहुंचकर इस संबंध में अपनी शिकायत दर्ज कराई। कांग्रेस मीडिया विभाग के अध्यक्ष केके मिश्रा ने कहा कि चित्रकूट में सरकारी कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान शामिल हुए हैं। ये आचार संहिता का खुला उल्लंघन है। केके मिश्रा ने सवाल उठाते हुए कहा कि मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान बुधनी विधानसभा से भाजपा प्रत्याशी होते हुए सरकारी कार्यक्रम में कैसे शामिल हो सकते हैं। उन्होंने सरकारी कार्यक्रम में पॉलिटिकल भाषण दिया। मिश्रा ने कहा कि प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री के ऊपर आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन का मामला दर्ज किया जाए।

# बयानबाजी में हीरो, काम करने में भाजपा जीरो : राजीव रंजन

## जनता को झूठे सपने दिखाने का लगाया आरोप

**पटना,** 28 अक्टूबर (देशबन्धु)। जनता दल यूनाइटेड (जदयू) के राष्ट्रीय महासचिव राजीव रंजन ने कहा कि झूठ बोल-बोल कर और जनता को सपने दिखाने की राजनीतिक आदत ने भारतीय जनता पार्टी के तमाम नेताओं को बयानबहादुर बना दिया है। रंजन ने शनिवार को यहां कहा कि जनता से जुड़ा कोई काम भाजपा से नहीं होता है, लेकिन बाते बनाने में इनका कोई सानी नहीं है। चाहे किसानों की बात हो या महिलाओं अथवा आम आदमी की, हर मसले पर इनकी कथनी और करनी में अंतर स्पष्ट दिखाई देता है। उन्होंने कहा कि पूरी तरह प्रचार पर आश्रित इस पार्टी के नेता हर दिन कोई नया जुमला फैलाने की कोशिशों में लगे रहते हैं लेकिन सच्चाई देखें तो इनके अधिकांश वादे आज तक जमीन पर नहीं उतर पाए हैं। सिर्फ आंकड़ों की बाजीगरी के सहारे यह झूठ को सच साबित करने में लगे रहते हैं। इनके साढ़े नौ वर्षों में एक मात्र फायदा सिर्फ इनकी पार्टी और उसके पूंजीपति मित्रों को हुआ है, जहां आम लोग रोजमर्रा के खर्चे निकालने के लिए परेशान हैं वहीं भाजपा के मित्र पूंजीपतियों की संपत्ति में अरबों से खरबों में तब्दील होती जा रही है।



### भाजपा को नीतीश से लेनी चाहिए सीख : जदयू

जदयू महासचिव ने भाजपा को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से सीख लेने की सलाह देते हुए कहा कि हकीकत में भाजपा को मुख्यमंत्री कुमार से सीखना चाहिए कि अपने कहे पर खरा कैसे उतरा जाता है, चाहे जातिगत गणना की बात हो या शराबबंदी की, उन्होंने तमाम कठिनाई आने के बाद भी जनता से किये अपने हर वादे को पूरा किया है। आज उन्हीं की बदौलत बिहार के हर गांव में सड़क, बिजली, पानी जैसी सुविधाएं पहुंच चुकी हैं।

### आम चुनाव तक तमिलनाडु के राज्यपाल को न बदलें : स्टॉलिन

**चेन्नई,** 28 अक्टूबर (एजेंसियां)। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री और द्रमुक प्रमुख एम.के.स्टालिन ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से 'अनुरोध' करते हुए तंज कसा कि वे राज्यपाल आर.एन. रवि को कम से कम 2024 के लोकसभा चुनाव तक उन्हें उनके पद से स्थानांतरित न करें। सत्तारूढ़ द्रमुक के द्रविड़ मॉडल शासन की आलोचनाओं को लेकर राजभवन पर हमला करने के बाद मुख्यमंत्री एम.के.स्टालिन ने प्रधानमंत्री से यह 'अनुरोध' किया। गौरतलब है कि द्रमुक सरकार और राजभवन कई मुद्दों पर आमने-सामने हैं, जिनमें सनातन धर्म, राज्य विधानसभा में पारित विधेयकों को मंजूरी देना और एक गिरफ्तार मंत्री को बिना विभाग के कैबिनेट में बनाए रखना शामिल है। द्रमुक और उसके सहयोगी भी राज्यपाल को वापस बुलाने की मांग करने लगे और मांग को दबाने के लिए संसद परिसर में विरोध प्रदर्शन भी किया। स्टालिन ने कहा हमारे पास बहुत सारे फायदे हैं। रवि जो कहना चाहते हैं वह कह सकते हैं, लेकिन तमिलनाडु के लोग उन्हें गंभीरता से नहीं लेंगे।



### चंद्रबाबू के खिलाफ सबूत पेश करने में सीआईडी विफल : लोकेश



**राजमुंदरी,** 28 अक्टूबर (एजेंसियां)। तेलुगु देशम पार्टी (तेदेपा) के राष्ट्रीय महासचिव नारा लोकेश ने दावा किया है कि आंध्र प्रदेश में अपराध अनुसंधान विभाग (सीआईडी) पुलिस तेदेपा प्रमुख एवं पूर्व मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू के खिलाफ दर्ज कौशल विकास घोटाला मामले में सबूत पेश करने में विफल रही है। नायडू के पुत्र नारा लोकेश ने अपनी मां एन भुवनेश्वरी के साथ शनिवार को यहां सेंट्रल जेल में अपने पिता से मुलाकात की। लोकेश ने बाद में मीडिया से बात करते हुए सरकार को चुनौती दी कि अगर उनके पास कौशल विकास मामले में चंद्रबाबू नायडू की संलिप्तता के बारे में सबूत हैं तो वह लोगों के सामने रखे। इस बात पर अफसोस जताते हुए कि पिछले 50 दिनों से उनके पिता केंद्रीय जेल में हैं, उन्होंने आरोप लगाया कि वाईएसआरसीपी नेताओं ने संस्थानों को प्रबंधित किया, यही कारण है कि पूर्व मुख्यमंत्री कोई गलती नहीं करने के बावजूद जेल में हैं।

लोकेश ने दोहराया कि न तो उनके परिवार के सदस्य और न ही दोस्त कौशल विकास घोटाले में शामिल हैं। वाईएस जगन मोहन रेड्डी के नेतृत्व वाली सरकार पर नायडू के खिलाफ प्रतिशोध की भावना से काम करने का आरोप लगाते हुए लोकेश ने कहा कि वाईएसआरसीपी नेता कह रहे हैं कि उनकी मां को भी गिरफ्तार किया जाएगा। उन्होंने कहा कि वाईएसआरसीपी के एक सांसद ने खुले तौर पर घोषणा की कि अगर जगन मोहन रेड्डी अगले विधानसभा चुनाव में सत्ता में आए, तो चंद्रबाबू नायडू मा जाएंगे। हमारा संस्थानों पर से विश्वास उठ गया है। तेदेपा नेता ने भड़कते हुए कहा कि चंद्रबाबू नायडू को गिरफ्तार करके रेड्डी परपीड़क खुशी महसूस कर रहे हैं।

**आयोजन** — *देशभर में 37 स्थानों पर राष्ट्रीय रोजगार मेले का हुआ आयोजित*

# 51 हजार से अधिक युवाओं को किए गए नियुक्ति पत्र वितरित

**नई दिल्ली, 28 अक्टूबर (देशबन्धु)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से राष्ट्रीय रोजगार मेले को संबोधित किया और विभिन्न सरकारी विभागों और संगठनों में नवनियुक्त अभ्यर्थियों को 51,000 से अधिक नियुक्ति पत्र वितरित किए। देश भर से चुने हुए नवनियुक्त युवा रेल मंत्रालय, डाक विभाग, गृह मंत्रालय, राजस्व विभाग।**

उच्च शिक्षा विभाग, स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग और शिक्षा मंत्रालय, स्वास्थ्य और परिवार कल्याण सहित विभिन्न मंत्रालयों/विभागों में सरकार में शामिल होंगे।

रोजगार मेले में प्रधानमंत्री के संबोधन के दौरान के दौरान देशभर के 37 स्थान मेले से जुड़े रहे। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि रोजगार मेलों की यह विकास यात्रा एक महत्वपूर्ण पडाव पर पहुंच गई है, रोजगार मेले पिछले वर्ष अक्टूबर में शुरू हुए थे और केंद्र और राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) शासित राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों में विभिन्न रोजगार मेलों में लाखों युवाओं को सरकारी नौकरियों के लिए नियुक्ति-पत्र प्रदान किए गए। आज भी 50 हजार से अधिक युवाओं को सरकारी नौकरी दी गई है।



**■ नवनियुक्तों व उनके परिवारों को प्रधानमंत्री ने दीं शुभकामनाएं**

प्रधानमंत्री ने नवनियुक्तों और उनके परिवारों को शुभकामनाएं दीं। प्रधानमंत्री ने कहा कि विभिन्न राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में आयोजित रोजगार मेले युवाओं के भविष्य के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता के संकेत हैं, जहां मिशन मोड में काम चल रहा है। मोदी ने भर्ती प्रक्रियाओं में युवाओं के बढ़ते भरोसे पर बल देते हुए कहा कि हम न केवल रोजगार प्रदान कर रहे हैं बल्कि एक पारदर्शी प्रणाली भी कायम रख रहे हैं। उन्होंने कहा कि सरकार न केवल प्रक्रियाओं को सुव्यवस्थित करने का प्रयास कर रही है बल्कि परीक्षा प्रक्रिया का पुनर्गठन भी कर रही है। प्रधानमंत्री ने कहा कि कर्मचारी चयन प्रणाली के तहत भर्ती में लगने वाला समय भी घटाकर आधा कर दिया गया है। मोदी ने बताया कि रोजगार की अधिसूचना से लेकर रोजगार-पत्र मिलने तक का अंतराल काफी कम हो गया है।

कर्मचारी चयन आयोग (एसएससी) के तहत कुछ परीक्षाओं के बारे में उन्होंने बताया कि परीक्षाएं अब हिंदी और अंग्रेजी के अतिरिक्त 13 विभिन्न क्षेत्रीय भाषाओं में आयोजित की जा रही हैं, जिससे उन उम्मीदवारों के लिए भाषा की बाधा को तोड़ना आसान हो गया है। प्रधानमंत्री ने कहा कि यह विकास की वो गति है जो प्रत्येक क्षेत्र में रोजगार के नए अवसर सृजित कर रही है। उन्होंने धोरडो गांव का उल्लेख किया जिसे संयुक्त राष्ट्र ने सर्वश्रेष्ठ पर्यटन गांव के पुरस्कार से सम्मानित किया है और होयसला मंदिर परिसर और शांति निकेतन को विश्व धरोहर स्थल की मान्यता दी है। प्रधानमंत्री ने कहा कि इससे युवाओं के लिए पर्यटन क्षेत्र में नए अवसर सृजित होंगे।

**उल्टा पुल्टा**

डॉक्टर ने महिला के मुंह में थर्मामीटर रख कर कुछ देर मुंह बंद रखने को कहा।

पत्नी को खामोश देख कर पति ने पूछा : डॉक्टर साहब, ये जादुई चीज कितने की आती है?

# राजधानी को स्वच्छ व हरित बनाने के लिए दिल्ली सरकार प्रतिबद्ध : शैली

## मेयर ने सड़कों व नालियों के विकास कार्यों का किया उद्घाटन

**नई दिल्ली,** 28 अक्टूबर (देशबन्धु)। मेयर डॉ.शैली ओबरॉय ने शनिवार को पार्षद रितु मुकेश कुमार, विधायक जयभगवान उपकार के साथ

> **एमसीडी क्षेत्र में स्वच्छता सुनिश्चित करने का दिन रात हो रहा काम : शैली ओबरॉय**

रोहिणी सेक्टर 23 में सड़कों और नालियों के विकास कार्यों का उद्घाटन किया। मेयर डॉ. शैली ओबरॉय ने कहा कि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व में दिल्ली को विकसित करने और इसे स्वच्छ और हरित बनाने के लिए हम प्रतिबद्ध हैं। इनके पास के सेक्टरों में पॉलीक्लिनिक और मोहल्ला क्लिनिक बनाने की योजना है। उन्होंने कहा कि जब सेक्टर 20, 21, 22 और 23 में सड़कों का विकास किया गया था, कुछ इलाकों को एमसीडी को नहीं सौंपा गया था। इसलिए एमसीडी इन क्षेत्रों में ज्यादा काम नहीं कर सकी। आम आदमी पार्टी ने इन क्षेत्रों को एमसीडी में स्थानांतरित कराने के लिए काम किया, ताकि उचित विकास कार्य सुनिश्चित किया जा सके। इन क्षेत्रों के पार्कों में हाई मास्ट लाइट, बेंच और स्ट्रीट लाइट भी स्वीकृत किए गए हैं। मेयर डॉ.शैली ओबरॉय ने कहा कि हम इन क्षेत्रों को विकसित करने के लिए समर्पित हैं। एमसीडी क्षेत्र में स्वच्छता सुनिश्चित करने और इसे सुंदर बनाने के लिए दिन रात काम कर रही है। पिछले 15 सालों से इन इलाके में कोई काम नहीं हुआ है लेकिन आप सरकार इसे बदल रही है। अगले 2-3 सालों में दिल्ली में बेहतर तस्वीर लोगों के सामने आएगी। इसमें बेहतर शिक्षा प्रणाली, बेहतर स्कूल, स्वच्छ क्षेत्र, बेहतर बुनियादी ढांचा और एक सुंदर शहर दिखाई देगा।



### सामुदायिक भवन बनाने के निर्देश दिए

मेयर डॉ.शैली ओबरॉय ने अधिकारियों को सामुदायिक भवन के लिए भूमि चिन्हित कर निर्माण करने के निर्देश दिए। मेयर डॉ ओबेरॉय ने बताया कि हम मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की सभी दस गारंटियों को पूरा करने की दिशा में काम कर रहे हैं, जो उन्होंने दिल्ली के नागरिकों को दी थी।

# फिलिस्तीनियों का कत्लेआम कर रही है इजरायली सेना : दानिश

**नई दिल्ली,** 28 अक्टूबर (देशबन्धु)। बहुजन समाज पार्टी (बसपा) नेता एवं लोकसभा सांसद कुंवर दानिश अली ने कहा है कि वह यह देखकर स्तब्ध रह गये कि संयुक्त राष्ट्र महासभा में भारत ने इज़राइल और फिलिस्तीन के बीच युद्धविराम के लिए मतदान में हिस्सा नहीं लिया। अमरोहा से लोकसभा सांसद अली ने एक बयान जारी करके कहा कि इजरायली सेना फिलिस्तीनियों का कत्लेआम कर रही है और दुनिया इसे एक एक्शन फिल्म की तरह देख रही है। इसके अलावा बहुत सारे पत्थर दिल लोग तो मासूम बच्चों के कत्लेआम पर भी खुश हो रहे रहें या लाशों की गिनती कर रहे हैं।



उन्होंने कहा कि मैंने कभी अपनी कल्पना में भी नहीं सोचा था कि भारत मजलूमों को उनके हाल पर छोड़ देगा और उन जालिमों के साथ खड़ा नजर आयेगा जो हिंसा में विश्वास करते हैं और उनकी नज़र में मासूम बच्चे, बेबस महिलाएं और बुजुर्ग सब उनके दुश्मन हैं और दुनिया ने उन्हें सब को मिट्टी में मिला देने का लाइसेंस दे दिया है। मैं वास्तव में यह देखकर स्तब्ध रह गया जब मेरे देश ने युद्धविराम के लिए मतदान में हिस्सा नहीं लिया और गाजा में शांति लाने और फिलिस्तीनी बच्चों की जान बचाने में एक बड़ी भूमिका निभाने का अवसर खो दिया। उन्होंने कहा कि भारत की स्थापना सत्य और अहिंसा के सिद्धांतों पर हुई थी। वह मूल सिद्धांत जिनके लिए हमारे स्वतंत्रता सेनानियों ने अपने जीवन का बलिदान दिया, यह सिद्धांत भारतीय संविधान का आधार हैं जो हमारी राष्ट्रीयता और दुनिया में अद्वितीय पहचान को परिभाषित करते हैं।

# दिवाली पर हड़ताल करेंगे दिल्ली के बिजली कर्मचारी

## 31 अक्टूबर को सीएम आवास का होगा घेराव

**नई दिल्ली,** 28 अक्टूबर (देशबन्धु)। ठेकेदारी हटाओ राष्ट्रीय संयुक्त मोर्चा ने शनिवार को दिल्ली में एक प्रेस कांफ्रेंस में दिल्ली की केजरीवाल सरकार को खुली चुनौती देते हुए कहा कि यदि सरकार ने हमारी लंबित मांग नहीं मानी तो 31 अक्टूबर को मुख्यमंत्री केजरीवाल के आवास का घेराव किया जाएगा और दिवाली पर दिल्ली की बिजली गुल कर दी जाएगी। मोर्चे के राष्ट्रीय अध्यक्ष डीसी कपिल ने कहा कि ठेकेदारी प्रथम रूप में एक शोषणकारी प्रथा है। और यह अनुसूचित जाति, जनजाति, ओबीसी वर्ग के आरक्षण के खिलाफ षड्यंत्र है। इस प्रथा के तहत राजनेताओं, अधिकारियों और ठेकेदारों की तिगड़ी मिलकर, ठेकाकर्मियों को मिलने वाले वेतन को सरेआम लूट रही है।

उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी ने अपने 2013, 2015 और 2020 के चुनावी घोषणा पत्रों में जो वादा किया था लेकिन सरकार पूरी तरह फेल हो चुकी है। सरकार के नौ वर्षों के शासनकाल में मात्र 432 युवाओं को सरकारी नौकरी मिल पायी है। पांच लाख 32 हजार सरकारी पद खाली पड़े हुए है। इन पदों पर स्थायी भर्ती करने की बजाय, आउटसोर्स को बढ़ावा देकर ठेका प्रथा को बढ़ावा दिया जा रहा है। ठेका प्रथा के विरोध में मोर्चा दर्जनों बार धरने, प्रदर्शन, रैलियां और घेराव कर चुका है मगर सरकार मनमानी और हठधर्मिता पर अड़ी हुई है। उन्होंने सरकार को खुली चुनौती देते हुए कहा कि 31 अक्टूबर को मोर्चा दिल्ली की बिजली वितरण कंपनियों मे कार्यरत 25 हजार संविदा कर्मियों की मांगों को लेकर आंदोलन करेगी। यदि सरकार ने मांगे नहीं मानी तो वे 31 अक्टूबर को दिवाली पर बिजली हड़ताल की घोषणा करेगा। हमारी मुख्य मांगों में दिल्ली सरकार विधानसभा का विशेष सत्र बुलाकर दिल्ली के सभी संविदा कर्मचारियों को पक्का करने का प्रस्ताव पास करे। इसके अलावा खतरनाक कार्य में कर्मचारी की मृत्यु पर शहीद का आश्रित और एक करोड़ रुपए का मुआवजा एवम परिवार के एक सदस्य को स्थायी सरकारी नौकरी दी जाएं।




## सार संक्षेप

### घोंडा में धूमधाम से मनाया महर्षि वाल्मीकि का जन्मोत्सव



**नई दिल्ली।** शनिवार को घोंडा वार्ड के अंबेडकर बस्ती व ब्रह्मपुरी व चौधरी फतेह सिंह मार्ग पर निगम पार्षद प्रीति गुप्ता, जिलाध्यक्ष पूनम चौहान ने रामायण के रचियता महर्षि वाल्मीकि जी का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया, साथ ही भंडारे व शोभा यात्रा भी निकाली गई। इस मौके पर प्रीति गुप्ता ने कहा कि भगवान महर्षि वाल्मीकि के आदर्श व उनका काव्य न केवल सबसे प्राचीन है बल्कि आज देश ही नही दुनिया के लिए भी सार्थक है। उन्होंने कहा कि भगवान वाल्मीकि जी ने उच्च आदर्शों की स्थापना के साथ नारी के सम्मान को हमेशा प्राथमिकता दी। इस अवसर पर क्षेत्र की जनता का भी भरपूर साथ मिला। वाल्मीकि जन्मोत्सव पर विभिन्न कार्यक्रम भी आयोजित किए गए। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष सतीश राघव, महामंत्री सचिन छजलाना, जितेंद्र छजलाना, मनोज गौतम, संतोष टंडन, मनोज सोनी, उर्मिला शुक्ला, ललित चौधरी, दिनेश अछवान, रेणु शर्मा, विजय भाटिया, नीलकमल चंदेल सहित कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### बिजनेस कस्टमर्स के लिए अमेजन ने पेश की आकर्षक डील्स

**नई दिल्ली।** भारत में सबसे बड़ा त्योहारी उत्सव, अमेजन ग्रेट इंडियन फेस्टिवल 2023, शानदार डील्स, आकर्षक ऑफर्स और बड़ी बचत के साथ लाइव है। इस त्योहारी सीजन में, बिजनेस कस्टमर्स आसुस, डेल, हॉनर, व्हर्लपूल, सीपी प्लस सहित टॉप ब्रांड्स के लैपटॉप, डेस्कटॉप और मॉनिटर, एप्लाएंसेस, वैक्यूम क्लीनर्स, वॉशिंग मशीन, फ्रिज, ऑफिस चेयर्स, सिक्यूरिटी कैमरा, टूल्स, और इंस्ट्रुमेंट्स आदि सभी श्रेणियों के अद्वितीय उत्पादों पर पहले कभी न देखी गई डील्स और ऑफर्स का लुत्फ उठा सकते हैं। अमेजन बिजनेस पर बिजनेस कस्टमर्स जीएसटी बिल के साथ 28 प्रतिशत तक की अतिरिक्त बचत कर सकते हैं और 15,000 से ज्यादा जीएसटी-सक्षम उत्पादों पर थोक खरीद छूट के साथ 40 प्रतिशत तक की बचत कर सकते हैं। 10 लाख से अधिक विक्रेताओं द्वारा पेश किए गए 19 करोड़ से ज्यादा उत्पादों के जीएसटी सक्षम चयन के साथ, व्यावसायिक उद्यम अपनी खरीद पर बड़ी बचत कर सकते हैं।

### एनआरआई चायवाला ने लॉन्च की उत्तम तंदूरी चाय

**नई दिल्ली।** चाय उद्यम में अग्रणी ब्रांड, एनआरआई चायवाला जगदीश कुमार द्वारा स्थापित, चाय के लिए एक प्रसिद्ध गंतव्य के रूप में विकसित हुआ है, जो विभिन्न प्रकार के चाय के स्वाद और स्वादिष्ट व्यंजनों की पेशकश करता है जो कि विकसित हो रहे स्वाद के अनुकूल हैं, अपनी नई रचना की घोषणा करते हुए रोमांचित हैं स्वादिष्ट तंदूरी चाय, जिसमें पारंपरिक इलायची की सुगंध और तेज पत्ते और अन्य मसालों के मिश्रण से भरपूर धुआं शामिल है, शौकीनों और विशेषज्ञों दोनों के लिए चाय पीने के आनंद को बदलने के लिए तैयार है। एनआरआई चायवाला की तंदूरी चाय, जो स्वाद की खोज के प्रति आकर्षण से प्रेरित है, भारतीय व्यंजनों की सच्ची भावना को दर्शाती है, जो हर कौर को कुल्हड़ की गर्माहट देती है। तंदूरी चाय अपनी विशिष्ट सुगंध और स्वादिष्ट, हार्दिक मिश्रण के कारण सभी रूढ़ियों को तोड़ती है और अच्छी यादें वापस लाती है।

# यूनानी चिकित्सकों को हीन भावना का शिकार नहीं होना चाहिए : आरिफ जैदी

**नई दिल्ली,** 28 अक्टूबर (देशबन्धु)। ऑल इंडिया यूनानी तिब्बी कांग्रेस दिल्ली प्रदेश की तरफ से दरियागंज में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता आल इंडिया यूनानी तिब्बी कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव डॉ. सैयद अहमद खान ने की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर प्रोफेसर आरिफ जैदी ने भाग लिया। इस मौके पर प्रोफेसर जैदी ने कहा कि यूनानी चिकित्सकों को हीन भावना का शिकार नहीं होना चाहिए। यूनानीपैथी विश्व की सबसे पुरानी पैथियों में से एक है। यहां पर स्वास्थ्य की देखभाल के लिए हर तरह की चिकित्सकीय संभावनाएं मौजूद हैं। एलोपैथी का सौ डेढ़ सौ साल का इतिहास है। एलोपैथी ने हमारी यूनानी पैथी से ही बहुत कुछ सीखा है और अपनाया है। उनका कहना है कि यूनानी चिकित्सकों को हर तरह की आधुनिक उपकरणों आदि का ज्ञान होना चाहिए। उन्हें सर्जरी से भी परिचित होना चाहिए। हमारा प्रयास है कि हम अपोलो जैसा यूनानी अस्पताल स्थापित करें। जहां पर मरीजों को हर तरह की आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाए और उनका इस्तेमाल करते हुए इलाज भी किया जाए।




# प्रदूषण नियंत्रित करने को केंद्र के पास कोई योजना नहीं : आप

**नई दिल्ली,** 28 अक्टूबर (देशबन्धु) आम आदमी पार्टी (आप) ने कहा है कि वायु प्रदूषण से पूरे उत्तर भारत में लोगों का दम घुट रहा है लेकिन इसे नियंत्रित करने के लिए केंद्र सरकार के पास कोई योजना नहीं है। 'आप' की वरिष्ठ नेता एवं राष्ट्रीय प्रवक्ता रीना गुप्ता ने कहा कि जैसे ही सर्दी का मौसम आता है पूरे उत्तर भारत में हवा की गुणवत्ता खराब होने लगती है। सर्दी के मौसम में दमा के मरीजों की संख्या बढ़ जाती है। वर्ष 2019 में विश्व स्वास्थ्य संगठन ने एक अध्ययन की थी जिसमें उन्होंने कहा था कि भारत के 99.5 प्रतिशत जिलों में हवा की गुणवत्ता खराब है। अगर इतनी बड़ी आपात है तो क्या केंद्र सरकार को समाधान के लिए कोई कदम नहीं उठाना चाहिए। इस पर केंद्र सरकार की योजना का कुछ पता नहीं है। पूरे देश में सिर्फ दिल्ली के मुख्यमंत्री ऐसे हैं जो हर साल सर्दी और गर्मी में कार्य योजना की घोषणा करते हैं। वह बताते हैं कि आने वाले समय में दिल्ली के लोगों को प्रदूषण से बचाने के लिए वह क्या-क्या कदम उठा रहे हैं। गुप्ता ने कहा कि अगर विश्व के 50 सबसे प्रदूषित शहर की सूची उठाएं तो उसमें 39 शहर हमारे देश से हैं।



## वाल्मीकि जन्मोत्सव पर निकाली गई शोभा यात्रा

# महर्षि वाल्मीकि हम सभी के आराध्य : जय किशन

**नई दिल्ली,** 28 अक्टूबर (देशबन्धु)। आदि कवि महर्षि वाल्मीकि जन्मोत्सव के पावन पर्व पर वाल्मीकि चौधरी सरपंच कमेटी व महर्षि वाल्मीकि जन्मोत्सव कमेटी के तत्वावधान में शनिवार को हर वर्ष की भांति लाल किले से विशाल शोभा यात्रा का शुभारम्भ किया गया। इस अवसर पर दिल्ली कांग्रेस के अध्यक्ष अरविंदर सिंह लवली विशेष रूप से उपस्थित थे। एससी विभाग के चेयरमैन राजेश लिलोठीया समाज को शुभकामनाएं दी। दिल्ली के पूर्व सांसद व पूर्व विधायक उपस्थित थे। उन्होंने महर्षि के चरणों में पुष्पांजलि अर्पित की।शोभा यात्रा के संरक्षक जय किशन पूर्व विधायक सहित कमेटी के पदाधिकारियों प्रधान चौधरी रमेश, चौधरी दुर्गादास। चौधरी कमर सिंह, चौधरी बोला पहलवान, चौधरी ओम प्रकाश, चौधरी लाल चंद रूखड़, चौधरी महेंद्र सिंह, सहित भारी संख्या में महर्षि वाल्मीकि के अनुयायी उपस्थित थे।



महर्षि वाल्मीकि के जीवन पर आधारित झांकियों सहित शोभा यात्रा लाल किले से शुरू होकर विभिन्न मार्गों से होते हुए ऐतिहासिक वाल्मीकि मंदिर पंचकुइयां रोड पर समाप्त हुई। सबसे पहले कांग्रेस पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी ने वाल्मीकि समाज के प्रतिनिधि मंडल को 24 अकबर रोड कांग्रेस मुख्यालय बुलाया और वाल्मीकि जयंती की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर उन्होंने महर्षि वाल्मीकि के चरणों में पुष्पांजलि अर्पित की। प्रतिनिधि मंडल में पूर्व विधायक जय किशन के साथ रामकुमार बिड्लान, राजकुमार घिगान, ननवा राम प्रधान, बालकिशन बाली, मोहन पहलवान, ईश्वर बागड़ी, सुनील बागड़ी, हरी पाल सांगवान, ओम ढिगान, राज कुमार ढिगान, राजेश ढकोलिया, जे पी सिंह, विजय, अनिल मित्तर, किशन बुराड़ी, राजेंद्र भजनी, ब्रहम ढिगिया, राजेश ढिकोलिया, डॉ.मुनीष पाल, कृष्ण बुराड़ी, ओम पाल ढिगांन आदि शामिल थे। जय किशन ने अपने संबोधन में कहा कि आदि पुरुष महर्षि वाल्मीकि हम सभी के आराध्य हैं।

### प्रकृति प्रेमियों को लुभा रही है बोटेनिकल टेपेस्ट्री प्रदर्शनी

**नई दिल्ली।** कला एवं प्रकृति के बीच अनूठा साम्य है। जहां एक ओर प्रकृति अनगिनत कला और खूबसूरती के प्रतीकों से भरी हुई है, वहीं कला में भी प्राकृतिक तत्व समाहित हो जाएं तो उसका शिल्प एवं सौंदर्य निखर जाता है।

# विश्व में सुकून चाहते हैं तो पहले अंतर्मन में सुकून लाना होगा : निरंकारी सत्गुरु




**नई दिल्ली,** 28 अक्टूबर (देशबन्धु)। हर एक इंसान चाहता है कि विश्व में शांति हो, सुकून हो, हर कोई सुकून की जिंदगी जी पाए। वास्तविक रूप में यह तभी सम्भव है जब हम अपने अंतर्मन में पहले सुकून ले आएं। उक्त उद्गार निरंकारी सत्गुरु माता सुदीक्षा जी महाराज ने 76वें वार्षिक निरंकारी संत समागम के शुभारम्भ के अवसर पर व्यक्त किए। 'सुकून अंतर्मन का' शीर्षक पर आधारित यह तीन दिवसीय सन्त समागम निरंकारी आध्यात्मिक स्थल, समालखा में आयोजित किया गया है जिसमें देश के कोने-कोने से एवं दूर देशों से लाखों की संख्या में उपस्थित होकर इस पावन अवसर का भरपूर आनंद प्राप्त कर रहे हैं। इस अवसर पर सत्गुरु माता जी ने कहा कि जब हम स्वयं बेचैन हैं, हमारे अंतर्मन में उथल-पुथल है तो हम कहीं पर भी चले जायें हमें सुकून प्राप्त नहीं हो सकता। यदि हमें सही मायनों में सुकून प्राप्त करना है तो हमें पहले मानवीय गुणों को अपनाना होगा। उसके उपरान्त ही हम समुचे संसार के लिए वरदान बन सकते हैं। हमारे मन में यदि स्वयं के लिए मानवता का भाव नहीं तो हमारे जीवन में चैन, अमन, सुकून नहीं आ सकता। अंत में सत्गुरु माता जी ने कहा कि जीवन का सबसे बड़ा सुकून परमात्मा को जानकर इसके साथ जुड़ने में ही है। जब हम निरंकार प्रभू से जुड़ जाते हैं तब हर समय हर स्थान पर केवल इस परमात्मा के ही दर्शन होते हैं और प्रेमभाव से युक्त होकर मन में सुकून धारण कर इसकी लहरों को अपने परिवार, प्रियजनों से होते हुए पूरे देश एवं विश्व में विस्तृत करते चले जाएं।


**उत्तर रेलवे**

आज़ादी का अमृत महोत्सव

**ई-नीलामी हेतु सूचना**

**वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक/मालभाड़ा, दिल्ली डिवीजन, उत्तर रेलवे,** रेलवे बोर्ड के पत्र सं. 2022/टीसी(एफएम)/10/04 दिनांक 13.06.2022, के अनुसार **दिल्ली मंडल के आनंद विहार रेलवे स्टेशन पर 05 वर्षों के लिए क्लोकरूम सेवा** (ROMT) के आधार पर प्रबंधन और संचालन को देने के लिए **(www.ireps.gov.in)** के **ई-नीलामी** मॉड्यूल के माध्यम से बोलियां आमंत्रित की जाती है:

| क्रम संख्या | ई-नीलामी के आरम्भ होने की तिथि तथा समय | Asset जिसकी नीलामी की जानी है |
|---|---|---|
| 1 | 09.11.2023 को 10:00 बजे प्रातः | 24.726 वर्ग मीटर क्षेत्रफल वाले आनंद विहार रेलवे स्टेशन (ANVT) के मुख्य हॉल में स्थित क्लोकरूम सेवा को, 5 वर्षों के लिए, प्रबंधन और संचालन (ROMT के आधार पर)। |

**महत्वपूर्ण सूचना: 1.** ई-नीलामी के विभिन्न पहलुओं के बारे में अधिक जानकारी के लिए इच्छुक बोलीदाताओं को **https:/www.ireps.gov.in/html/helpdesk/learning_centre.html.** (e-Auction leasing section) पर जाने की सलाह दी जाती है। **2. धरोहर राशि जमा (ईएमडी):** नीलामी के दौरान कुल संविदात्मक बोली मूल्य का 5% ऑनलाइन जमा किया जाना है। सफल बोलीदाता की ईएमडी सुरक्षा जमा के रूप में रखी जाएगी। **3.** रेलवे प्रशासन किसी भी अनुबंध को समाप्त करने और अतिरिक्त नियमों और शर्तों के साथ/या संशोधित/जारी रखने/अनुबंध को बंद करने के संबंध में कोई भी निर्णय लेने का पूर्ण अधिकार सुरक्षित रखता है। **3363/2023**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**उत्तर रेलवे**

आज़ादी का अमृत महोत्सव

**ई-नीलामी हेतु सूचना**

**वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक/माल भाड़ा, दिल्ली डिवीजन, उत्तर रेलवे,** रेलवे बोर्ड के पत्र सं. 2022/टीसी (एफएम)/10/04 दिनांक 13.06.2022, के अनुसार **दिल्ली मंडल के विभिन्न स्टेशनों से चलने वाली** निम्नलिखित ट्रेनों में **एसएलआर/पार्सल वैन** (राउंड ट्रिप के आधार पर) के स्थान को **02 वर्षों** के पट्टे पर देने के लिए आईआरईपीएस के **ई-नीलामी** मॉड्यूल के माध्यम से बोलियां आमंत्रित की जाती है:

| क्रम संख्या | ई-नीलामी के आरम्भ होने की तिथि तथा समय | एस्सेट्स जिनकी नीलामी की जानी है |
|---|---|---|
| 1 | 30.10.2023 को 10:30 बजे | 12045 (F1), 12963 (F1), 14152 (F1), 14164 (F1, F2 & R1), 14681 (F1), 20938 (F1 & R1), 22401 (F1) |
| 2 | 31.10.2023 को 10:30 बजे | 12265 (F1), 12444 (F1), 12463 (F1), 12584 (F1), 12908 (F1), 13430 (F1), 14035 (F1, F2 & R1), 14212 (F1), 14521 (F1, F2 & R1), 14553 (R1), 22806 (F1) |
| 3 | 03.11.2023 को 10:30 बजे | 12191 (F1, F2 & R1), 12424 (F1), 12457 (F1, F2 & R1), 12918 (F1), 14041 (R1), 14316 (F1), 14507 (F1, F2 & R1), 15035 (F1 & R1), 15116 (F1), 19338 (F1), 20914 (F1, F2 & R1), 20946 (F1), 22418 (F2), 22429 (F1), 22463 (F1) |
| 4 | 06.11.2023 को 10:30 बजे | 12066 (F1), 12428 (F1), 13430 (F2 & R1), 14011 (F1 & R1), 14731 (F1 & R1), 15060 (F1 & R1), 20409 (F1), 20473 (F1 & R1), 22168 (F1 & F2), 22950 (F1), 22986 (F1) |
| 5 | 07.11.2023 को 10:30 बजे | 12005 (F1), 12038 (F1), 12148 (R1), 12481 (F1, F2 & R1), 14714 (F1), 22421 (F1, F2 & R1), 22438 (F1) |
| 6 | 08.11.2023 को 10:30 बजे | 01 LVPH (24 टन) राउंड ट्रिप पर प्रत्येक गाड़ी में – 12226/12225, 12236/12235, 12264/12263, 12284/12283, 12425/12426, 12432/12431, 12442/12441, 12445/12446, 12454/12453, 12488/12487, 14033/14034, 20408/20407, 22412/22411, 22420/22419, 22428/22427, 22429/22430, 22434/22433, 22460/22459 तथा 01 VP (23 टन) राउंड ट्रिप पर गाड़ी संख्या: 22418/22417 |
| 7 | 09.11.2023 को 10:30 बजे | 12034 (F1), 12284 (F1), 12310 (F1), 12958 (F1), 14014 (F1), 14303 (F1 & R1), 14305 (F1 & R1), 14331 (F1, F2 & R1), 14545 (F1, F2 & R1), 20488 (F1, F2 & R1), 22222 (F1), 22654 (F1) |
| 8 | 10.11.2023 को 10:30 बजे | 12011 (F1), 12017 (F1), 12029 (F1), 12040 (F1), 12148 (F1 & F2), 12432 (F1), 12455 (F1), 14041 (F1), 14208 (F1), 14553 (F2), 15035 (F2), 22454 (F1, F2 & R1) |
| 9 | 13.11.2023 को 10:30 बजे | 04304 (F1, F2 & R1), 12013 (F1), 12015 (F1), 12031 (F1), 12448 (F1), 12459 (F1), 12596 (F1), 12646 (F1), 12986 (F1), 15274 (F1), 22210 (F1), 22414 (F1), 22472 (F1, F2 & R1), 22540 (F1) |

**महत्वपूर्ण सूचना: 1.** ई-नीलामी के विभिन्न पहलुओं के बारे में अधिक जानकारी के लिए इच्छुक बोलीदाताओं को **https:/www.ireps.gov.in/html/helpdesk/learning_centre.html.** (e-Auction leasing section) पर जाने की सलाह दी जाती है। **2. धरोहर राशि जमा (ईएमडी):** नीलामी के दौरान कुल संविदात्मक बोली मूल्य का 5% ऑनलाइन जमा किया जाना है। सफल बोलीदाता की ईएमडी सुरक्षा जमा के रूप में रखी जाएगी। **3.** रेलवे प्रशासन किसी भी समय इन निविदाओं/अनुबंधों को समाप्त करने का सम्पूर्ण अधिकार रखता है या इनके संबंध में किसी संशोधन अथवा अतिरिक्त नियमों और शर्तों के साथ इन निविदाओं अथवा अनुबंधों के बीच में ही समाप्त करने अथवा जारी रखने के संबंध में, जो कि इन ट्रेनों के जारी रहने अथवा समाप्त होने कि स्थिति पर निर्भर करता है। **3371/2023**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**त्यौहार विशेष रेलगाड़ियाँ-2023 की संख्या में वृद्धि**

**रेलयात्रियों के सुविधाजनक आवागमन हेतु रेलवे द्वारा निम्नलिखित दीपावली / छठ पूजा त्यौहार विशेष एक्सप्रेस रेलगाड़ियाँ नीचे दशाई गई समय-सारणी के अनुसार संचालित की जाएंगी:-**

**02252/02251 नई दिल्ली - पटना जं. - नई दिल्ली आरक्षित वंदे भारत एक्सप्रेस विशेष रेलगाड़ी — 06 फेरे**

| रेलगाड़ी सं.: 02252 आगमन | रेलगाड़ी सं.: 02252 प्रस्थान | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं.: 02251 आगमन | रेलगाड़ी सं.: 02251 प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| ---- | 07:25 | नई दिल्ली | 19:00 | ---- |
| 19:00 | ---- | पटना जं. | ---- | 07:30 |

**चलने के दिन: 02252 नई दिल्ली** से दिनांक 11, 14 एवं 16.11.23 एवं **02251 पटना जं.** से दिनांक 12, 15 एवं 17.11.2023 को।
**ठहराव:** कानपुर सेंट्रल, प्रयागराज जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर एवं आरा स्टेशन।
**स्थान:** वाता. एग्जेक्युटिव कुर्सीयान एवं वाता. कुर्सीयान।

**09075/09076 मुंबई सेन्ट्रल - काठगोदाम - मुंबई सेन्ट्रल सुपरफास्ट एक्सप्रेस विशेष रेलगाड़ी — 08 फेरे**

| रेलगाड़ी सं.: 09075 आगमन | रेलगाड़ी सं.: 09075 प्रस्थान | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं.: 09076 आगमन | रेलगाड़ी सं.: 09076 प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| ---- | 11:00 | मुंबई सेन्ट्रल | 20:55 | ---- |
| 14:30 | ---- | काठगोदाम | ---- | 17:30 |

**चलने के दिन: 09075 मुंबई सेन्ट्रल** से बुधवार दिनांक 08, 15, 22 एवं 29.11.23 एवं **09076 काठगोदाम** से वीरवार दिनांक 09, 16, 23 एवं 30.11.2023 को।
**ठहराव:** बोरीवली, वापी, वलसाड, सूरत, वडोदरा, रतलाम, कोटा, गंगापुर सिटी, हिण्डौन सिटी, भरतपुर, अछनेरा, मथुरा, हाथरस सिटी, कासगंज, बदायूँ, बरेली जं., बरेली सिटी, इज्जतनगर जं., बहेरी, किच्छा, लालकुआँ जं. एवं हल्द्वानी स्टेशन।
**स्थान:** प्रथम वाता., वाता.-2 टीयर, वाता.-3 टीयर, शयनयान एवं सामान्य।

**09097/09098 बांद्रा टर्मिनस - जम्मू तवी - बांद्रा टर्मिनस एसी सुपरफास्ट एक्सप्रेस विशेष रेलगाड़ी — 06 फेरे**

| रेलगाड़ी सं.: 09097 आगमन | रेलगाड़ी सं.: 09097 प्रस्थान | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं.: 09098 आगमन | रेलगाड़ी सं.: 09098 प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| ---- | 21:50 | बांद्रा टर्मिनस | 10:10 | ---- |
| 08:35 | ---- | जम्मू तवी | ---- | 23:20 |

**चलने के दिन: 09097 बांद्रा टर्मिनस** से रविवार दिनांक 12, 19 एवं 26.11.2023 एवं **09098 जम्मू तवी** से मंगलवार दिनांक 14, 21 एवं 28.11.2023 को।
**ठहराव:** बोरीवली, वापी, वलसाड, सूरत, वडोदरा, रतलाम, कोटा, सवाई माधोपुर, गंगापुर सिटी, भरतपुर, मथुरा, दिल्ली सफदरजंग, अम्बाला, लुधियाना, जालंधर छावनी एवं पठानकोट स्टेशन।
**स्थान:** वाता.-3 टीयर एवं वाता. कुर्सीयान।

**09523/09524 ओखा - दिल्ली सराय रोहिल्ला - ओखा सुपरफास्ट एक्सप्रेस विशेष रेलगाड़ी (साप्ताहिक) — 10 फेरे**

| रेलगाड़ी सं.: 09523 आगमन | रेलगाड़ी सं.: 09523 प्रस्थान | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं.: 09524 आगमन | रेलगाड़ी सं.: 09524 प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| ---- | 10:00 | ओखा | 13:50 | ---- |
| 10:10 | ---- | दिल्ली सराय रोहिल्ला | ---- | 13:20 |

**चलने के दिन: 09523 ओखा** से मंगलवार दिनांक 31.10.2023, 07, 14, 21 एवं 28.11.2023 एवं **09524 दिल्ली सराय रोहिल्ला** से बुधवार दिनांक 01, 08, 15, 22 एवं 29.11.2023 को।
**ठहराव:** द्वारका, खंभालिया, जामनगर, हापा, राजकोट जं., सुरेन्द्रनगर, विरमगाम जं., महेसाना जं., ऊंझा, सिध्धपुर, पालनपुर जं., आबू रोड, फालना, मारवाड़ जं., ब्यावर, अजमेर, किशनगढ़, जयपुर जं., गांधीनगर जयपुर, दौसा, बाँदीकुई, अलवर एवं रेवाड़ी स्टेशन।
**स्थान:** वाता.-2 टीयर, वाता.-3 टीयर, शयनयान एवं सामान्य।

**रेलयात्रियों से अनुरोध है कि उपरोक्त रेलगाड़ियों के मार्ग में पड़ने वाले स्टेशनों एवं उनकी विस्तृत समय-सारणी की जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाईन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाईट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES App देखें।**

रेलमदद वेबसाइट देखें:- www.railmadad.indianrailways.gov.in रेलमदद ऐप डाउनलोड करें

हमें फॉलो करें | आज़ादी का अमृत महोत्सव | उत्तर रेलवे आपकी सुविधा – हमारा ध्येय हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें 3370/23

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# कैपिटल ज़ोन

**उवाच** "थाना सेक्टर-39 पुलिस टीम शनिवार सुबह सेक्टर-37 में वाहनों की जांच की जा रही थी, तभी एक बाइक पर सवार दो लोगों को रोका गया। जबकि बदमाश पुलिस को देखते ही भागने लगे। इसके बाद पुलिस बाइक सवार बदमाशों का पीछा किया। इस दौरान सेक्टर-43 के पास बदमाश ने पुलिस पर फायरिंग कर दी।"

शक्ति मोहन अवस्थी, एडीसीपी

# नमो भारत ट्रेन में यात्रा करने का उत्साह कई स्कूल के बच्चे कर रहे सफर



■ यात्रियों के लिए परिचालन सुबह 6 बजे से रात 11 बजे तक

**गाजियाबाद,** 28 अक्टूबर (देशबन्धु)। भारत के प्रथम रीजनल रैपिड ट्रांजिट सिस्टम और भारत की प्रथम नमो भारत ट्रेन के उद्घाटन के साथ ही गाजियाबाद और आस पास के लोग नियमित रूप से नमो भारत ट्रेनों में यात्रा करने के लिए आ रहे हैं। साथ ही कई स्कूलों के बच्चे भी अपने स्कूल के ग्रुप के साथ इन ट्रेनों की यात्री केंद्रित सुविधाओं का अनुभव उठा रहें हैं।

इसी क्रम में शनिवार आईडी पब्लिक स्कूल, मुरादनगर के बच्चों ने दुहाई स्टेशन से गुलधर स्टेशन के बीच की यात्रा की। लगभग 150 बच्चे लाईन बनाकर पूरे अनुशासन, उत्साह और उमंग के साथ दुहाई स्टेशन आए और नमो भारत ट्रेन में यात्रा कर हाई स्पीड यात्रा का अनुभव प्राप्त किया। स्कूल के बच्चों ने स्टेशन और प्लेटफ़ॉर्म क्षेत्रों में खूब आनंद उठाया क्योंकि प्लेटफ़ॉर्म स्क्रीन डोर्स तथा अन्य सुरक्षा सुविधाएँ मिलकर उनके लिए सुरक्षित यात्रा सुनिश्चित करते हैं।

नमो भारत ट्रेन की ऐतिहासिक यात्रा का हिस्सा बनने के लिए लोग न सिर्फ मुरादनगर जैसे आसपास के इलाकों बल्कि दिल्ली और उत्तर प्रदेश के दूर-दराज़ इलाकों से भी आ रहे हैं। पांच स्टेशनो के प्राथमिक खंड में जिसमें, साहिबाबाद, गाजियाबाद, गुलधर, दुहाई और दुहाई डिपो शामिल है, यात्रीयों के लिए परिचालन सुबह 6 बजे से रात 11 बजे तक चलता है। डीबी इंडिया आरआरटीएस के कर्मचारियों ने उनकी यादगार यात्रा के लिए आतिथ्य और स्वागत भाव से उनकी हर बिंदु पर सहायता की तथा उनका मार्गदर्शन किया। यात्रियों को लास्ट-माइल कनेक्टिविटी प्रदान करने के लिए एनसीआरटीसी ने आरआरटीएस फीडर सेवाओं के तहत स्टेशनों पर इलेक्ट्रिक ऑटो रिक्शा की उपलब्धता सुनिश्चित की है। डीटीसी ने आनंद विहार से साहिबाबाद स्टेशन तक हर 20 मिनट की आवृत्ति पर एसी इलेक्ट्रिक बस सेवा भी शुरू की है। पहली एसी इलेक्ट्रिक बस आनंद विहार आईएसबीटी से सुबह 6.20 बजे जबकि आखिरी रात 9.35 बजे साहिबाबाद के लिए रवाना होगी। साहिबाबाद से आनंद विहार के लिए यह सुबह 07.05 बजे से रात 22.20 बजे तक उपलब्ध रहेगी।

# जिलाधिकारी को उत्कृष्ट कार्यों के लिए लोहा विक्रेता मंडल ने सम्मानित किया



**गाजियाबाद,** 28 अक्टूबर (देशबन्धु)। लोहा विक्रेता मंडल के अध्यक्ष डॉ. अतुल कुमार जैन के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने जिलाधिकारी आर.के.सिंह आई.ए.एस.को उनके द्वारा जनपद गाजियाबाद में सरकार की विभिन्न जनहित लाभकारी योजनाओं के क्रियांवन के लिए उनके कुशल नेतृत्व में संपूर्ण टीम द्वारा किए जा रहे कार्यों के लिए सम्मानित किया।

हाल ही में आईजीआरएस रैंकिंग में संपूर्ण उत्तर प्रदेश के 75 जिलों की रैंकिंग में जनपद गाजियाबाद ने द्वितीय रैंक प्राप्त की है। इससे पूर्व अन्य योजनाओं के क्रियांवन में भी प्रथम स्थान प्राप्त किया है। यह एक बहुत बड़ी और महत्वपूर्ण उपलब्धि है और जनपद गाजियाबाद के लिए गौरव की बात है। यह सब गाजियाबाद के जिलाधिकारी आर. के.सिंह की मेहनत, दूर दृष्टि, कुशल प्रशासनिक क्षमताओं, के कारण ही उनकी समस्त प्रशासनिक टीम द्वारा किए जा रहे कार्यों के ही स्वरूप संभव हो सका है।

जिलाधिकारी आरके आरके सिंह की उपलब्धियां के लिए डॉ. अतुल कुमार जैन ने चंपक के मुंह व्यापारियों और लोहा विक्रेता मंडल की पदाधिकारियों की ओर से अपनी टीम के साथ उनको बधाई दी है और भविष्य में लगातार जनकल्याणकारी कार्यों के लिए शुभकामनाएं प्रेषित की हैं। आज के प्रतिनिधिमंडल में अतुल कुमार जैन, राजकुमार अग्रवाल, सुबोध गुप्ता, अमरीश जैन, सतीश बंसल, राजीव खन्ना इत्यादि उपस्थित रहे।

## सार संक्षेप

### महर्षि वाल्मीकि जी की जयंती मनाई



**बुलंदशहर।** ककोड़ केशव माधव सरस्वती विद्या मंदिर वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में दिव्य दृष्टा महर्षि वाल्मीकि जी की जयंती का कार्यक्रम मनाया गया। कार्यक्रम के अध्यक्ष सुरेश गुप्ता एवं मुख्य वक्ता ममता रहीं। छात्रों ने महर्षि वाल्मीकि जी के जीवन पर प्रकाश डाला। विवेक शर्मा ने बताया कि महर्षि बाल्मीकि की जयंती का कार्यक्रम अश्विन पूर्णिमा यानि शरद पूर्णिमा पर मनाया जाता है। इस दिन रामायण के रचियता महर्षि वाल्मीकि का जन्म हुआ था। महर्षि वाल्मीकि पहले एक रत्नाकार नाम के एक डाकू थे लेकिन नारद मुनि के चंद शब्दों ने उनका जीवन पलटकर रख दिया. उन्होंने लूट पाट करना छोड़कर सत्कर्म का मार्ग अपनाया। वाल्मीकि जी ने राम-नाम का ऐसा जाप किया कि रामायण की रचना कर डाली। श्रीराम के तप में लीन रत्नाकर के शरीर पर दीमक की मोटी परत चढ़ गई।

### खेल-खेल के माध्यम से बच्चों को पुलिस हेल्पलाइन नंबर की जानकारी दी

**नोएडा।** कमिश्नरेट पुलिस ने शनिवार को चैलेंजर्स ग्रुप के साथ मिलकर सेक्टर-74, सेक्टर-75, सेक्टर-138, 142 के स्थानों पर नारी सशक्तिकरण विषय पर जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया। इसमें बच्चों को अच्छे और बुरे स्पर्श पर प्रोजेक्टर से विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। खेल-खेल के माध्यम से बच्चों तक पुलिस हेल्पलाइन नंबर के बारे में बताया गया। चैलेंजर्स ग्रुप के प्रिंस शर्मा ने कहा कि आपको कोई भी परेशान करे तो आप इन नंबर पर कॉल करके तुरंत सूचना दें। पुलिस अधिकारियों ने कार्यक्रम में शामिल बच्चियों और महिलाओं को माहवारी, यौन उत्पीडऩ, छेड़छाड़, दुष्कर्म के बारे में जागरूक किया।

### दो वाहन चोर गिरफ्तार

**नोएडा।** थाना फेस 1 पुलिस ने दो वाहन चोरों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चोरी की एक बाइक बरामद की है। पुलिस का दावा है कि पकड़े गए आरोपी एनसीआर क्षेत्र में दोपहिया वाहन चोरी करते हैं। एडीसीपी शक्ति मोहन अवस्थी ने बताया कि थाना फेस 1 पुलिस ने शुक्रवार को हरौला स्थित लैबर चौक से दो वाहन चोरों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों की पहचान दिल्ली के न्यू अशोक नगर निवासी रिंकू (19) और दिनेश (32) के रूप में हुई है। आरोपी के कब्जे से चोरी की एक चोरी की स्पोर्ट्स बरामद की गई है। पुलिस ने पकड़े गए आरोपियों को कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया है।

### गैंगस्टर एक्ट में वांक्षित तीन आरोपी गिरफ्तार

**नोएडा।** थाना सेक्टर-63 पुलिस ने नामी कॉलेज और यूनिवर्सिटी के फर्जी दस्तावेज बनाने वाले गिरोह के सरगना समेत तीन ठगों को गिरफ्तार किया है। तीनों आरोपी गैंगस्टर एक्ट के तहत फरार चल रहे थे। थाना प्रभारी अमित कुमार मान ने बताया कि शनिवार को सेक्टर-62 गोल चक्कर से गैंगस्टर एक्ट में वांक्षित तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों की पहचान गिरोह के सरगना नोएडा के बहलोलपुर निवासी थानचंद शर्मा, गढ़ी चौखंडी निवासी पुष्पेंद्र यादव और मथुरा निवासी गोविंद अग्रवाल के रूप में हुई है। पकड़े गए आरोपी अपने साथियों के साथ मिलकरकर नामी कॉलेज और यूनिवर्सिटी के नाम से मार्कशीट, सनद और अन्य शैक्षिक महत्वपूर्ण प्रपत्रों को फर्जी तरीके से तैयार कर लाखों-करोड़ों रूपए की ठगी करते थे।

# पुलिस मुठभेड़ में शातिर लुटेरा गोली लगने से घायल



**गाजियाबाद,** 28 अक्टूबर (देशबन्धु)। मसूरी पुलिस ने मटियाला से सिकरौदा जाने वाली कच्ची रोड पर शनिवार की शाम को मुठभेड़ के दौरान शास्त्री लुटेरे को गिरफ्तार किया है पुलिस की गोली से यह लुटेरा घायल हो गया। सहायक पुलिस आयुक्त मसूरी ने बताया कि प्रभारी निरीक्षक थाना मसूरी के पर्यवेक्षण में थाना मसूरी पुलिस द्वारा ग्राम मटियाला से ग्राम सिकरोड़ा नई आबादी की ओर जाने वाले कच्चे रास्ते पर संदिग्ध वाहनों की जांच की जा रही थी। तभी बाइक सवार लुटेरे एवं मसूरी पुलिस में हुई मुठभेड़ के दौरान बोबील उर्फ बलबीर निवासी धर्मकांटा वाली गली मायापुरम इन्द्रगढ़ी पैर में गोली लगने से घायल हो गया। जिसे गिरफ्तार कर लिया गया है जबकि उसका साथी जीतू उर्फ जितेन्द्र निवासी मिसलगढ़ी अंधेरे का फायदा उठाकर मौके से फरार हो गया। मसूरी पर दिनांक 27 को चलते हुऐ आटो से युवती से हुई लूट के अभियोग में वांछित चल रहे थे। गिरफ्तार अभियुक्त शातिर किस्म का लुटेरा है जिसके आपराधिक इतिहास की जानकारी की जा रही है।

# पुलिस मुठभेड़ में एक बदमाश के पैर में लगी गोली

**नोएडा,** 28 अक्टूबर (देशबन्धु)। थाना सेक्टर-39 पुलिस ने शनिवार सुबह मुठभेड़ के दौरान एक बदमाश गिरफ्तार किया है। मुठभेड़ के दौरान बदमाश के पैर में गोली लगी है। जबकि उसका साथी मौके से भाग निकला। पुलिस ने घायल बदमाश को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया है।

एडीसीपी शक्ति मोहन अवस्थी ने बताया कि थाना सेक्टर-39 पुलिस टीम शनिवार सुबह सेक्टर-37 में वाहनों की जांच की जा रही थी, तभी एक बाइक पर सवार दो लोगों को रोका गया। जबकि बदमाश पुलिस को देखते ही भागने लगे। इसके बाद पुलिस बाइक सवार बदमाशों का पीछा किया। इस दौरान सेक्टर-43 के पास बदमाश ने पुलिस पर फायरिंग कर दी। इसमें पुलिस ने भी जवाबी फायरिंग की। इस दौरान एक बदमाश को गोली लग गई। घायल बदमाश की पहचान गाजियाबाद के भोपुरा ग्राम निवासी आरिफ के तौर पर हुई है। घायल बदमाश के कब्जे से एक बाइक अपाचे (चोरी की), एक तमंचा, एक खोखा कारतूस और दो कारतूस तथा एक मोबाइल फोन बरामद हुआ है। फरार बदमाश की कॉम्बिंग की जा रही है। आरोपी शातिर किस्म के लुटेरे हैं, जो सुबह के समय मॉर्निंग वॉकर के साथ लूट करने के इरादे से घूम रहे थे। बदमाश के आपराधिक इतिहास की जानकारी की जा रही है।

# धोखाधड़ी कर फर्म से 29.39 लाख रुपए हड़पे, मामला दर्ज

**नोएडा,** 28 अक्टूबर (देशबन्धु)। कंपनी के मालिक ने प्रदेश सरकार से ठेका लेकर कार्य करने वाली फर्म से 29.39 लाख रुपए हड़प लिए। पीड़ित ने इस मामले में आरोपी के खिलाफ फेज-1 थाने में केस दर्ज कराया है। पुलिस आरोपी की तलाश कर रही है। सेक्टर-99 स्थित नवीन सूर्या कंस्ट्रक्शन कंपनी के नवीन कुमार ने पुलिस को शिकायत दी कि उनकी कंपनी उत्तर प्रदेश सरकार के कार्यों का ठेका लेती है। कंपनी को बिजली के सामान की आवश्यकता थी। इसके लिए सेक्टर-9 स्थित एएन इलेक्ट्रिकल के नितिन शर्मा से संपर्क किया गया। सौदा तय होने के बाद नितिन को नवीन ने सामानों की पूरी सूची भेज दी और माल खरीदने का ऑर्डर भी दे दिया। तय सौदे के तहत उन्होंने नितिन के खाते में 74,64,569 रुपए ट्रांसफर कर दिए। नितिन ने केवल 45,24,853 रुपए का ही माल भेजा। शेष 29,39,716 रुपए का माल भेजने से इनकार कर दिया। जब उन्होंने इसका विरोध किया तो उसने झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी दी। इसके बाद आरोपी ने उनका फोन उठाना बंद कर दिया। कई अन्य माध्यमों से भी संपर्क करने पर जब शिकायतकर्ता को कोई आश्वासन नहीं मिला तो उसने मामले की शिकायत नोएडा पुलिस से कर दी। शिकायतकर्ता ने आरोपी से जान और माल का खतरा बताया है। थाना प्रभारी ने बताया कि इस मामले में जल्द ही आरोपी से पूछताछ की जाएगी। उसके बाद आगे की कार्रवाई सुनिश्चित होगी।

# सकारात्मक चिंतन से आनंदमय जीवन विषय पर आयोजित संगोष्ठी

■ राजयोग का अभ्यास हमें सर्वश्रेष्ठ परमात्मा, सत-चित-आनंद से संबंध जोड़ता है जिससे जीवन स्वत: हो जाता है आनंदमय



आनंदमय जीवन का आधार सत-चित-आनंद से संबंध, सकारात्मक चिंतन का स्रोत-आध्यात्मिक ज्ञान : ब्रह्माकुमारी सुधा दीदी (रशिया मॉस्को)

**गाजियाबाद,** 28 अक्टूबर (देशबन्धु)। आशियाना पामकोर्ट, राजनगर एक्सटेंशन में शनिवार को आयोजित सकारात्मक चिंतन से आनंदमय जीवन विषय पर आयोजित संगोष्ठी में मास्को, रूस देश में ब्रह्माकुमारीज केन्द्र की निर्देशिका, राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी सुधा दीदी ने बताया कि सकारात्मक चिंतन के लिए मन को श्रेष्ठ विचार देना आवश्यक है। आध्यात्मिक ज्ञान स्रोत है श्रेष्ठ संकल्पों का, जो सोच में सकारात्मकता लाता है। राजयोग का अभ्यास हमें सर्वश्रेष्ठ परमात्मा, सत-चित-आनंद से संबंध जोड़ता है। जिससे जीवन स्वत: आनंदमय हो जाता है। कैसी भी विपरीत या विषम परिस्थिति में मन की एकाग्रता व स्थिरता ही आनंदमय जीवन का अनुभव कराती है। मोहन नगर, गुलमोहर गार्डन की संचालिका बी के लवली बहन ने बताया राजयोग ही शुद्ध विचारों का झरना है जिसमें कोई भी आनंद की प्राप्ति कर सकते है सभी को राजयोग अभ्यास कराया

बी के रूपाबहन, बी के दीपांशी, भावना, शीतल आदि उपस्थित थे। अनेक गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति में 300 से अधिक लोगों ने इस अवसर का लाभ लिया।

# उज्जवला योजना के तहत महिलाओं को वितरित किया गया गैस सिलेंडर




**ग्रेटर नोएडा,** 28 अक्टूबर (देशबन्धु)। भारत सरकार की उज्ज्वला योजना के तहत बिसरख गांव में भाजपा जिलाध्यक्ष गजेंद्र मावी ने महिलाओं को गैस सिलेंडर और चूल्हे का वितरण अपने हाथों से किया। बिसरख की समायरा इंडेन गैस एजेंसी में आयोजित समारोह में गजेंद्र मावी ने क्षेत्र की महिलाओं और आम जन को केंद्र की मोदी सरकार और प्रदेश की योगी सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों के विषय में बताया और कहा कि हमारी सरकारें बगैर भेदभाव के सभी वर्गों के कार्य कर रही है। जिसके लिये कैम्प लगाकर उज्ज्वलता गैस कनेक्शन का वितरण हो रहा है। आयोजन में ब्लॉक प्रमुख दादरी बिजेंद्र भाटी, मीडिया प्रभारी कर्मवीर आर्य, बिसरख मंडल अध्यक्ष रवि भदौरिया, अमरीश भाटी, रिंकू भाटी, गुरुदेव भाटी, अमित भाटी, मुकेश चौहान, इंदर नागर, सतवीर भाटी, सुनील खारी, अशोक रावल आदि रहे।

# नगर निगम ने शहर में आयोजित की महर्षि वाल्मीकि जयंती महोत्सव

## शहर में सांस्कृतिक कार्यक्रमों की धूम, निगम अधिकारियों ने संभाली व्यवस्था



■ महापौर सुनीता दयाल ने महर्षि वाल्मीकि की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर माल्यार्पण किया

**गाजियाबाद,** 28 अक्टूबर (देशबन्धु)। नगर निगम ने शहर में आयोजित महर्षि वाल्मीकि जयंती महोत्सव के अंतर्गत वृहद स्तर पर व्यवस्थाओं को संभाला गया। कई स्थानों पर महर्षि वाल्मीकि जयंती के उपलक्ष में सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए गए। नवयुग मार्केट स्थित पार्क में गाजियाबाद नगर निगम द्वारा महर्षि वाल्मीकि जयंती मनाई गई जिसमें महापौर सुनीता दयाल मुख्य रूप से एवं गाजियाबाद नगर निगम कर्मचारी संघ, नगर निगम अधिकारी उपस्थित हुए।

महापौर सुनीता दयाल ने सर्वप्रथम महर्षि वाल्मीकि जी के प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर माल्यार्पण किया और बाल्मीकि जी के चरित्र पर प्रकाश डाला ओर बताया कि रामायण के रचयिता महर्षि वाल्मीकि जी थे, आज घर-घर में रामायण पढ़ी जाती है यह महर्षि जी की ही देन है श्री राम जी के दोनों पुत्र लव कुश की शिक्षा महर्षि जी द्वारा ही सम्पन्न कराई गई। महापौर ने बताया कि बाल्मीकि समाज शहर की सफाई में सबसे अधिक योगदान है हम आज स्वस्थ है केवल इस समाज के कारण, ये समाज पूजनीय है, यहां तक कि शहर को स्वच्छ सुंदरता के पुरुस्कार दिलाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका है समाज की।

महर्षि वाल्मीकि जी एवं बाल्मीकि समाज को हाथ जोड़कर नमन करती हूं और शुभकामनाएं देती हूं उसके उपरांत महापौर ने इस शुभ अवसर पर बाल्मीकि समाज की महिला सफाई कर्मियों का भी माल्यार्पण कर सम्मानित किया। और साथ ही जयंती पर आयोजित भंडारे का प्रसाद वितरण किया। नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक के आदेश अनुसार नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर मिथिलेश, उद्यान प्रभारी डॉक्टर अनुज द्वारा मुख्य रूप से शहर में आयोजित कार्यक्रमों में व्यवस्था संभाली।

# हिंदू रक्षा दल के कार्यकर्ताओं ने महर्षि वाल्मीकि जयंती पर मनाई

**नोएडा,** 28 अक्टूबर (देशबन्धु)। शहर में हिंदू रक्षा दल के कार्यकर्ताओं ने शनिवार को महर्षि वाल्मीकि जयंती हर्षोल्लास एवं धूमधाम से मनाई। इस अवसर पर मुख्य अतिथि भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता गोपाल कृष्ण अग्रवाल और हिंदू रक्षा दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष पिंकी चौधरी ने मंदिरों में दीप प्रज्वलन कर शोभा यात्रा का शुभारंभ किया। शोभा यात्रा में वाल्मीकि समाज के लोगो के साथ हिंदू धर्म की सभी जातियों के लोगो ने हिस्सा लिया जो मुख्य आकर्षण केंद्र बना।

इस अवसर पर भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता गोपाल कृष्ण अग्रवाल ने कहा कि वाल्मीकि समाज ने जिस प्रकार हजारों वर्षों से सनातन धर्म की रक्षा के लिए संघर्ष किया है और बलिदान दिया है उसके कारण आज सनातन हिंदू धर्म जागृत अवस्था में आगे बढ़ रहा है। देश में हर विपरीत परिस्थितियों में वाल्मीकि समाज ने आगे बढक़र सनातन धर्म की रक्षा की है और मौजूदा समय में भी हिंदू धर्म की सभी जातियों के साथ मिलकर धर्म के रक्षक के रूप में कार्य कर रहे हैं।

कुछ लोग आज जो तुच्छ राजनीतिक लाभ के लिए सनातन धर्म पर अनर्गल बयानबाज़ी कर रहे हैं, उन्हें हम बाल्मीकि जयंती पर यह चेतावनी देना चाहते हैं कि जिस धर्म के रक्षक ऐसे रण बॉकूरे है उसके विरुद्ध कुछ भी सोचे समझे बग़ैर न बोले। पिंकी चौधरी ने कहा कि पूर्व में वाल्मीकि समाज के योद्धाओं ने हमारे सनातन धर्म के लिए हमेशा आहुति दी थी और आज भी यह समाज हमारे सनातन धर्म का एक मजबूत स्तंभ है। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष मनोज गुप्ता, सतवीर मकवाना, युवा क्रांति सेना के अध्यक्ष अविनाश सिंह, गणेश जाटव, राकेश यादव, रवि बाल्मिकी, ईश्वर कुमार,चमन, रंजीत भाई,कपिल अवाना, सुरेंद्र बाल्मिकी, पिंटु आदि मौजूद थे।

उवाच

वृद्धि, शहरीकरण, और औद्योगिकी से उत्पन्न वैशिष्ट्य ग्रोथ के परिणाम स्वरूप बढ़ती वैशिष्ट्य ग्रोथ, वातावरण प्रदूषण, और जलवायु परिवर्तन जैसी वैशिष्ट्य ग्रोथ से उत्पन्न होने वाली वैशिष्ट्य समस्याओं को तेजी से समाधान की आवश्यकता है।
**डॉ. के. मल्लिकार्जुन बाबू, गलगोटिया विवि वाइस चांसलर**

# कैपिटल ज़ोन

## सोसाइटी की 11वीं मंजिल से गिरकर युवती की मौत

■ ब्रेन हैमरेज के बाद युवती का चल रहा था इलाज, पुलिस कर रही है जांच

**ग्रेटर नोएडा,** 28 अक्टूबर (देशबन्धु)। सूरजपुर कोतवाली क्षेत्र में शनिवार की सुबह एक 23 साल की युवती की 11वीं मंजिल से गिरकर मौत हो गई। सूचना मिलने के बाद पुलिस टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने युवती के शव को कब्जे में ले लिया है। युवती के परिजनों ने पुलिस को काफी अहम जानकारी दी है। फिलहाल पुलिस अपने स्तर पर जांच कर रही है। सूरजपुर कोतवाली के एसएचओ अवधेश कुमार सिंह ने बताया कि पुलमरिया गार्डन हाउसिंग सोसायटी में 22 वर्षीय युवती अपने परिजनों के साथ रहती थी। शनिवार की सुबह जानकारी मिली कि युवती की मौत ऊंचाई से गिरकर हो गई। सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने युवती के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। जांच में पता चला है कि युवती को पिछले साल ब्रेन हेमरेज हुआ था। वह पिछले करीब तीन सालों से मानसिक रूप से परेशान थी। जिसका इलाज दिल्ली एम्स अस्पताल में चल रहा था। युवती पहले बंगलुरु में पढ़ाई करती थी, लेकिन मानसिक बीमारी होने की वजह से पढ़ाई छोड़नी पड़ी। युवती की मौत 11वीं मंजिल से गिरकर हुई है। घर में रसोई की खिड़की पुलिस को टूटी मिली। पुलिस ने आशंका जाहिर की है कि युवती ने सुसाइड किया है।

# दुनिया में बुद्ध को मानने वाले होंगे तो युद्ध नहीं होगा : रामनाथ कोविन्द









■ पूर्व राष्ट्रपति राम नाथ कोविन्द ने नौकरशाही के लिए विवि पाठ्यक्रम और प्रशिक्षण स्कूलों में विपश्यना शुरू करने का किया आह्वान

**ग्रेटर नोएडा,** 28 अक्टूबर (देशबन्धु)। पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविन्द ने गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय में आयोजित अभिधम्म कार्यक्रम में कहा कि मैं अपने अनुभव के आधार पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को प्रशासनिक स्टाफ कॉलेज में प्रशिक्षकों के बीच विपश्यना शुरू करने का सुझाव दिया। उन्होंने कहा कि गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय में विपश्यना को पाठ्यक्रम के रूप में रखा जाएगा। उन्होंने कहा कि विपश्यना नए भारत के निर्माण के लिए युवा दिमागों के बीच मूल्य आधारित शिक्षा में सहायता करेगी।

उन्होंने कहा कि मैं भाग्यशाली हूं कि मुझे किसी और ने नहीं बल्कि श्रद्धेय गोयनका जी ने धम्म से परिचित कराया। विपश्यना ध्यान के अभ्यास के माध्यम से, उन्होंने मुझे यह अनुभव कराया कि शाक्यमुनि बुद्ध की शिक्षा, अगर हमारे दैनिक जीवन में लागू की जाए तो वर्तमान समय की सभी समस्याओं के लिए रामबाण है। उन्होंने यूक्रेन युद्ध जिक्र करते हुए कहा कि यदि वहां बौद्ध धर्म के मानने वाले लोग होते तो युद्ध खुद समाप्त हो सकता है। अब इजराइल व हमास के बीच शुरू हो गया। यह उचित समय है जब गौतमबुद्ध के सिद्धांतों पर अमल करने की जरूरत है। विपासना हमें जो जैसा है वैसा देखना सिखाती है। उन्होंने कहा कि नेक इंसान होगा तो वह अपनी जिम्मेदारी निभाएगा। इंसान को सबसे पहले अच्छा इंसान बनना होगा। गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो रवींद्र कुमार सिन्हा ने कहा कि उत्तर प्रदेश एक ऐसी भूमि है जो बुद्ध के ज्ञान और करुणा की प्रतिध्वनि है। आज हम उस स्थिति में खड़े हैं जिसका बौद्ध धर्म के इतिहास में गहरा महत्व है। यहां, मैं आपका ध्यान इस ओर भी आकर्षित करना चाहूंगा कि बौद्ध धर्म के आठ महान पवित्र स्थानों में से, यह वास्तव में उल्लेखनीय है कि चार यहीं उत्तर प्रदेश में स्थित हैं। ये पवित्र स्थल अर्थात; सारनाथ, कुशीनगर, संकिसा और श्रावस्ती सिर्फ भौगोलिक स्थान नहीं हैं, वे आध्यात्मिक ज्ञान और ऐतिहासिक महत्व के भंडार हैं। वेन धम्मपिया ने कहा कि ऐसे समय में जब दुनिया धर्म, धर्म के नाम पर हिंसा का सामना कर रही है, मानव मन घृणा, क्रोध से भरा है और आपसी विनाश के लिए दर्द पैदा कर रहा है, यह केवल बुद्ध की शिक्षा है जो समाज में शांति और स्थिरता लाएगी। आज, हम दुनिया भर के 14 देशों के प्रतिष्ठित प्रतिनिधियों के साथ-साथ भारत के विभिन्न हिस्सों से आए अपने सम्मानित प्रतिनिधियों का स्वागत करते हैं। यहां परिसर में इतना विविध और अंतरराष्ट्रीय प्रतिनिधित्व देखना खुशी की बात है। आपकी उपस्थिति हमारी चर्चाओं को वैश्विक परिप्रेक्ष्य प्रदान करती है, और यह बौद्ध धर्म की सार्वभौमिक अपील को पुष्ट करती है।

### सार संक्षेप

#### यूपी अधीनस्थ सेवा चयन आयोग की परीक्षा चौदह केन्द्रों पर हुई सम्पन्न

**ग्रेटर नोएडा।** उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग की तरफ से शनिवार को दो पालियों में 14 परीक्षा केंद्रों पर प्रारंभिक अर्हता परीक्षा हुई। दोनों पालियों में 8020 अभियार्थियों ने परीक्षा दी है, जबकि, 5852 अनुपस्थित रहे। दोनों पालियों में सभी परीक्षा केंद्रों पर सेक्टर मजिस्ट्रेट एवं स्टेटिक ऑफिसर तथा केंद्र व्यवस्थापक की कड़ी निगरानी रही। जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ. धर्मवीर सिंह ने बताया कि नोएडा और ग्रेटर नोएडा में प्रारंभिक अर्हता परीक्षा 14 केंद्र पर रही। सुबह की पाली में पंजीकृत 6936 अभ्यार्थी में से 3910 उपस्थित रहे और 3026 अनुपस्थित रहे। पहली पाली में 56.37 फीसदी रही। जबकि, दूसरी पाली में 6936 में से 4110 शामिल हुए और 2826 परीक्षा देने अभ्यर्थी नहीं आए। उन्होंने बताया कि पहले के मुकाबले दूसरे में बच्चों का प्रतिशत 59.26 फीसदी रहा। परीक्षा केंद्र के प्रवेश गेट पर प्रवेश करते समय इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स पर विशेष फोकस रखा गया।

#### मामूली विवाद में धारदार हथियार से कर्मचारियों पर हमला, आरोपी नामजद

**ग्रेटर नोएडा।** बिसरख कोतवाली क्षेत्र में युवक ने मामूली कहासुनी पर अपने साथियों के साथ आरएमसी प्लांट के बाहर दुकान पर कर्मचारियों पर धारदार हथियार से हमला कर दिया। हमले में घायल तीनों कर्मचारियों को अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। पुलिस ने इस मामले में तीन नामजद और एक अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। बिसरख कोतवाली पुलिस के मुताबिक आरएमसी प्लांट में काम करने वाले युवक अभिषेक ने बताया कि वह अपने साथी अंकित तिवारी के साथ प्लांट के बाहर दुकान पर चाय पीने के लिए गए थे। इस बीच दुकान पर पहले से मौजूद युवक से अभिषेक की किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई। इसके बाद दोनों के बीच झगड़ा होने लगा।

## एसीईओ आशुतोष द्विवेदी ने कई सेक्टर में व गांव का किया दौरा

**ग्रेटर नोएडा,** 28 अक्टूबर (देशबन्धु)। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी आशुतोष द्विवेदी ने वरिष्ठ प्रबंधक नगेन्द्र सिंह, सन्ध्या सिंह प्रबन्धक, हरिन्दर सिंह सहायक प्रबन्धक व होशियार सिंह टेक्निकल, के साथ वर्क सर्किल-4 की विजिट की व आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

एसीईओ ने 60 मीटर रोड चाई फाई का भी निरीक्षण किया। सेक्टर पी 3 में केंद्रीय विद्यालय, सेक्टर बिल्डर्स एरिया में आर - 2 रोड का भी दौरा किया। सेक्टर पी 4 बिल्डर्स एरिया में कम्युनिटी सेंटर के रखरखाव और बेहतर करने की निर्देश दिए। सेक्टर बिल्डर एरिया में आर 2 रोड पर बने बस स्टैंड का एसीईओ द्वारा निरीक्षण किया गया। एसीईओ ने चेतराम वरिष्ठ प्रबन्धक, शुभांगी तिवारी, हरिन्दर सिंह सहायक प्रबन्धक व मोहम्मद इरफान टेक्निकल के साथ जज कालोनी इकोटेक 2 में डाली जा रही सीवर लाइन का निरीक्षण किया व आवश्यक निर्देश दिए।





## सेक्टरों में पानी सप्लाई बाधित होने को लेकर प्राधिकरण के अधिकारियों से गुहार

**ग्रेटर नोएडा,** 28 अक्टूबर (देशबन्धु)। शहर के सेक्टरों में पानी सप्लाई बाधित होने को लेकर ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण से सेक्टरवासियों ने मांग की है कि सेक्टरों में पानी की आपूर्ति सुचारु रुप से किया है। सेक्टर डेल्टा दो आरडब्ल्यूए महासचिव आलोक नागर ने बताया कि हमारे सेक्टर डेल्टा-दो के साथ पूरे शहर में पानी की सप्लाई जोकि नागरिकों की सबसे मूलभूत आवश्यकता है, जिसकी आपूर्ति के लिए लोग सड़कों तक पर उतर आए है और प्राधिकरण की तरफ से कोई संतोषजनक जवाब तक नहीं दिया गया। उन्होंने कहा कि बड़े शर्म की बात है की ग्रेटर नोएडा जैसे चकाचौंध वाले शहर में लोग पानी की सप्लाई के लिए भटक रहे है और खूब शिकायत करने पर भी यहां ग्रामीण क्षेत्र से भी बदतर तरीके से टैंकर की लाइन में लगने को तैयार है। जब सप्लाई बाधित का कारण पता चलता है कि गंगा जल आ नहीं रहा है और वाटर पंप खराब पड़े है और मजे कि बात ठेकेदार और प्राधिकरण का कोई कर्मचारी लोगों की सुनने को तैयार नहीं है। उन्होंने ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के उच्च अधिकारियों से अनुरोध किया है कि पानी सप्लाई की समस्या का समाधान जल्द से जल्द किया जाए।

## घरेलू कलह में महिला ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**दनकौर,** 28 अक्टूबर (देशबन्धु)। दनकौर कस्बा के ऊंची दनकौर मोहल्ला में घरेलू कलह के चलते एक महिला ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना के बाद महिला के ससुरालीजन उसे कस्बा के एक निजी अस्पताल में उपचार के लिये ले गए जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है। अलीगढ़ के टप्पल थाना क्षेत्र के आदमपुर गांव की रहने वाली चंचल (25 वर्ष) की शादी करीब छह वर्ष पहले ऊंची दनकौर के रहने वाले सुरेश के साथ हुई थी। शादी के बाद महिला ने तीन बच्चों को जन्म दिया। बताया जाता है कि कुछ समय से दम्पति में झगड़ा हो रहा था। घरेलू कलह के कारण शनिवार की सुबह महिला ने कमरे में फांसी लगा ली। जानकारी मिलने के बाद ससुराल के लोगों ने फांसी के फंदे से महिला को उतारकर कस्बा के निजी अस्पताल में उपचार के लिए ले गए। कुछ देर बाद ही चिकित्सकों में महिला को मृत घोषित कर दिया। सूचना के बाद पुलिस भी मौके पर पहुंची और शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। पुलिस का कहना है कि महिला के मायके वालों की तरफ से कोई लिखित तहरीर नही दी गई है। शिकायत प्राप्त होने के बाद उचित कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## भाजपा महिला कार्यकर्ता के परिवार को घर में घुसकर पीटा, तेरह पर मुकदमा दर्ज

**दनकौर,** 28 अक्टूबर (देशबन्धु)। दनकौर क्षेत्र के ठसराना गांव में शुक्रवार रात भाजपा की एक महिला कार्यकर्ता के पति समेत परिवार के कई लोगों पर पड़ोस के लोगों ने घर में घुसकर जानलेवा हमला कर दिया। पुलिस से शिकायत करने पर आरोपियों ने जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गया।

पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर 13 आरोपियों पर विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। पीड़ित पक्ष की राधा भाजपा की कार्यकर्ता है। जिनके घर के नजदीक एक युवक चाऊमीन का ठेला लगाता है। शुक्रवार की देर शाम गांव में ही कुछ युवक चाऊमीन खा रहे थे। तभी पीड़ित ने एक युवक से हुक्का पीने को लेकर कुछ कहा। इसी बात को लेकर युवक और पीड़ित में कहासुनी हो गई। कुछ देर में युवक ने अपने परिवार के अन्य युवकों को बुला लिया। सभी युवक पीड़ित के घर में घुस गए और घर में बैठे राधा के पति नवल, गोपाल व साहिल आदि को जमीन पर गिराकर जमकर डंडों से पीटा। बीच बचाव करने आई महिलाओं से भी आरोपियों ने मारपीट की। आरोप है कि बाद में वह मारपीट करने के बाद हथियार लहराते हुए फरार हो गए। बाद में पीड़ित परिवार के लोगों ने देर रात को कोतवाली पहुंचकर पुलिस से मामले की शिकायत करते हुए आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की। भाजपा कार्यकर्ता राधा के पति नवल में पुलिस से मामले की शिकायत की। पुलिस ने शिकायत के आधार पर रामू, आशीष, गौरव, राहुल, निक्की, छोटू, मनीष, विशाल, मनीष कुमार, दीपक, पुनीत, अजय और अनुज शर्मा के खिलाफमुकदमा दर्ज कर लिया है। कोतवाली प्रभारी संजय सिंह का कहना है कि तेरह पर विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है, मामले में जांच कर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।



## विश्व पर्यावरण सम्मेलन में प्रदूषण व जलवायु परिवर्तन सहित अहम मुद्दों पर होगी चर्चा



**ग्रेटर नोएडा,** 28 अक्टूबर (देशबन्धु)। जी-20 की भारत की अध्यक्षता के समर्थन में गलगोटियास विश्वविद्यालय और पर्यावरण और सामाजिक विकास संघ (ईएसडीए इंडिया) दिल्ली संयुक्त रूप से चौथे विश्व पर्यावरण शिखर सम्मेलन का आयोजन 4 से 6 नवम्बर तक किया जा रहा है।

सम्मेलन में सीएसआईआर-एनईईआरआई, डॉ. भीम राव अंबेडकर कॉलेज, दिल्ली विश्वविद्यालय, भारतीय प्राणी सर्वेक्षण, कोलकाता, एमओईएफ एंड सीसी, भारत सरकार, जीआरसी इंडिया, एमएसएमईसीसीआईआई के साथ सहयोग और विला कॉलेज मालदीव, त्रिभुवन विश्वविद्यालय और काठमांडू, नेपाल के साथ विदेशी साझेदारी में किया जा रहा है। गलगोटिया विवि के वाइस चांसलर डॉ. के. मल्लिकार्जुन बाबू ने कहा कि वृद्धि, शहरीकरण, और औद्योगिकी से उत्पन्न वैशिष्ट्य ग्रोथ के परिणाम स्वरूप बढ़ती वैशिष्ट्य ग्रोथ, वातावरण प्रदूषण, और जलवायु परिवर्तन जैसी वैशिष्ट्य ग्रोथ से उत्पन्न होने वाली वैशिष्ट्य समस्याओं को तेजी से समाधान की आवश्यकता है। विवि की डायरेक्टर ऑपरेशन आराधना गलगोटिया ने कहा कि चार महाद्वीपों के प्रतिनिधियों और 22 भारतीय राज्यों से सक्रिय प्रतिभागी जुटे हुए हैं।

कुल प्रतिभागी गणना 600 से अधिक हो चुकी है, जिससे यह भारत के पर्यावरण संरक्षण पर ध्यान केंद्रित किए गए एक सबसे बड़े संगठन में से एक बन गया है। इस सम्मेलन ने अपने 20 विविध उपविषयों के साथ वैश्विक महत्व प्राप्त किया है।

## टैलेन्ट प्रतियोगिता में बच्चों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए जीते पुरस्कार

**ग्रेटर नोएडा,** 28 अक्टूबर (देशबन्धु)। एम. सी. गोपीचंद इंटर कॉलेज, खेड़ी के छात्र छात्राओं ने अपने हुनर का शानदार प्रदर्शन करते हुए रामाज्ञा स्कूल में हुए टैलेंट प्रतियोगिता में सभी श्रेणी में पुरस्कार जीते।

स्कूली शिक्षा के साथ-साथ छात्र छात्राओं के बहुमुखी प्रतिभा को प्रोत्साहित करना आवश्यक है। किताबी ज्ञान के साथ-साथ बच्चों को तरह-तरह की अन्य प्रतियोगिताओं में भी भाग लेना चाहिए, जिससे उनकी अन्य छिपी हुई प्रतिभा बाहर आ सके और इस बदलते दौर में अपनी एक अलग पहचान बना सके। जिन बच्चों ने इनाम जीते उनके नाम नृत्य प्रतियोगिता में प्रथम एवम द्वितीय स्थान जिया और परिधि ने प्राप्त किया। कहानी सुनाने मे पीयूष, तनिशा और सौम्या ने पहला, दूसरा एवं तीसरा स्थान प्राप्त किया। कविता वाचन प्रतियोगिता में अदिति और ज्योति ने प्रथम एवम द्वितीय स्थान अपने नाम किये। कबाड़ से जुगाड़ में भी इन बच्चों ने अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन करते हुए पुरस्कार अपने नाम किये।



## दीक्षांत समारोह में विद्यार्थियों को हमेशा सीखने के लिए किया गया प्रेरित

■ केसीसी कॉलेज में आयोजित दीक्षांत समारोह में विभिन्न क्षेत्रों के विशेषज्ञ हुए शामिल



**ग्रेटर नोएडा,** 28 अक्टूबर (देशबन्धु)। केसीसी इंस्टीट्यूट ऑफ लीगल एंड हायर एजुकेशन में शनिवार को वर्ष 2019 बैच के दीक्षांत समारोह का भव्य आयोजन हुआ, जिसमें विभिन्न कोर्सेज को पूरा करने वाले विद्यार्थियों को डिग्री और मेधावी छात्रों को ट्रॉफी दी गई। इस दौरान कई गणमान्य हस्तियों ने छात्रों को संबोधित किया और उन्हें दीक्षांत शपथ दिलाई गई। समारोह की शुरुआत दीप प्रज्ज्वलन और राष्ट्रगान के साथ हुई। केसीसी इंस्टीट्यूट ऑफ लीगल एंड हायर एजुकेशन की डायरेक्टर प्रो. (डॉ.) भावना अग्रवाल ने विद्यार्थियों और अतिथियों का स्वागत किया और उद्योग व शैक्षणिक जगत से आए गणमान्य लोगों से उनका परिचय कराया। बीबीए, बीसीए, बीकॉम और बीजेएमसी कोर्स पूरा करने वाले 100 से ज्यादा छात्रों को डिग्री दी गई। कार्यक्रम के अतिथि पद्मश्री प्रो. डॉ. महेश वर्मा, कुलपति गुरु गोबिंद सिंह इंद्रप्रस्थ विवि ने डिग्री पाने वाले छात्रों को शुभकामनाएं देते हुए उन्हें अपने-अपने क्षेत्रों में योगदान देने को प्रेरित किया। उन्होंने यह भी समझाया कि कुछ पाने के लिए हमेशा मन में सीखने की इच्छा को बनाकर रखना चाहिए। क्योंकि ज्ञान का कोई अंत नहीं होता है। आप अच्छे मनुष्य बनें अच्छा मनुष्य समाज के हर क्षेत्र में अच्छा ही होता है। पंकज राय, क्वालिटी ऑस्ट्रिया सेंट्रल एशिया प्राइवेट लिमिटेड के प्रबंध निदेशक ने कहा कि योग्य व भविष्योन्मुखी उम्मीदवारों के लिए रोजगार की कोई कमी नहीं है, उन्होंने छात्रों से इनोवेटिव सोचने और करने का आह्वान किया। डॉ. लवनीश चानाना, उपाध्यक्ष, सरकारी मामले (एशिया प्रशांत और जापान एसएपी) छात्रों को आगे बढ़ने की प्रेरणा दी और कहा कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में बेहतर बन सकते हैं।

संस्थान के चेयरमैन दीपक गुप्ता ने विद्यार्थियों को दीक्षांत शपथ दिलाते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की और इसी के साथ दीक्षांत समारोह सफलतापूर्वक समाप्त हुआ।


पत्र नहीं मित्र
देशबन्धु
पश्चिमी उत्तर प्रदेश ब्यूरो कार्यालय
209 कृष्णा अपरा प्लाजा अल्फा कॉमर्शियल बेल्ट, ग्रेटर नोएडा
समाचार, विज्ञापन एवं प्रसार के लिए संपर्क करें
खोया-पाया/ सूचना/ नाम परिवर्तन/ आवश्यकता
फोनः- 0120-4270009

पत्र नहीं मित्र
देशबन्धु
समाचार, विज्ञापन एवं प्रसार के संपर्क करें
क्षेत्रिय कार्यालय रबुपुरा
Mob: 9411492655

Shiv Mahima Enterprises
सभी प्रकार के विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें
नाम परिवर्तन, खोया पाया, सूचना, अवश्यकता
Mob.: 9910280173
Off-221, 2nd Floor, Meridian View Plaza, Alpha Comm. Belt, Gr. Noida



यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण
प्रथम तल, कॉमर्शियल कॉम्पलेक्स, ब्लाक-पी-2, सैक्टर-ओमेगा-1, ग्रेटर नोएडा -201308
जिला गौतमबुद्ध नगर (उ0प्र0)
सार्वजनिक सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवंटित भूखण्ड संख्या-941, पाकेट-एन, सैक्टर-20, क्षेत्रफल-300 वर्गमीटर, आवंटन संख्या-YEA006238 के आवंटी LATE. SMT. ANJULA RANI (पत्नी) की मृत्यु के उपरांत उनके (पति) SH. RAJEEV KUMAR द्वारा उक्त भूखण्ड का नामान्तरण अपने नाम कराने हेतु म्यूटेशन प्रपत्र प्रस्तुत किये गये है।
अतः इस म्यूटेशन के संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन की तिथि से 35 दिन के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज कराने का कष्ट करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखों में आवंटी LATE. SMT. ANJULA RANI की मृत्यु के उपरांत उनके (पति) SH. RAJEEV KUMAR का नाम दर्ज कर दिया जायेगा।
भवदीय्
विशेष कार्याधिकारी- (एस0बी0)



ग्रेटर नौएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण
भूखण्ड संख्या-1, सैक्टर नॉलेज पार्क-4, ग्रेटर नोएडा
जिला गौतमबुद्ध नगर उ0प्र0
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि Flat No. 1316, Tower/Block-A1, 13th Floor, Supertech Eco Village-1, Area-55.55 Sqm. Sector-01, Greater Noida जो कि Mr. Sharad Gupta & Mrs. Sarika Gupta निवासी 55816, Shastri Nagar, Meerut के नाम पर उप निबंधन कार्यालय, सदर गौतमबुद्ध नगर में दिनांक-14.05.2016 को पंजीकृत है। Mrs. Sarika Gupta की मृत्यु के उपरान्त उनके भाई Mr. Sharad Gupta ने उक्त भूखण्ड/भवन का नामांतरण अपने पक्ष में करने हेतु म्यूटेशन प्रपत्र प्रस्तुत किये है। अतः इस म्यूटेशन के संबंध में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन तिथि के 35 दिन के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज कराने का कष्ट करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखो में Mr. Sharad Gupta S/o Late Sh. Subodh Kumar Gupta का नाम दर्ज कर दिया जायेगा।
प्रबन्धक (बिल्डर्स )
ग्रेटर नोएडा औ0 वि0 प्राधिकरण

# साहित्य



कहानी

# जार्ज पंचम की नाक

■ कमलेश्वर

यह बात उस समय की है जब इंग्लैंण्ड की रानी ऐलिज़ाबेथ द्वितीय मय अपने पति के हिन्दुस्तान पधारने वाली थीं। अखबारों में उनके चर्चे हो रहे थे। रोज़ लन्दन के अखबारों में ख़बरें आ रही थीं कि शाही दौरे के लिए कैसी-कैसी तैयारियाँ हो रही हैं.... रानी ऐलिजाबेथ का दर्ज़ी परेशान था कि हिन्दुस्तान, पाकिस्तान और नेपाल के दौरे पर रानी क्या पहनेगी ? उनका सेक्रेटरी और जासूस भी उनके पहले ही इस महाद्वीप का तूफान दौरा करने वाला था.. आखिर कोई मजाक तो था नहीं, ज़माना चूंकि नया था, फौज-फाटे के साथ निकलने के दिन बीत चुके थे इसलिए फोटोग्राफरों की फौज तैयार हो रही थी....

इंग्लैंड के अखबारों की कतरनें हिन्दुस्तानी अखबारों में दूसरे दिन चिपकी नज़र आती थी.... कि रानी ने एक ऐसा हल्के नीले रंग का सूट बनवाया है, जिसका रेशमी कपड़ा हिन्दुस्तान से मंगवाया गया है... कि करीब 400 पौंड खर्चा उस सूट पर आया है।

रानी ऐलिज़ाबेथ की जन्मपत्री भी छपी। प्रिन्स फिलिप के कारनामे छपे, और तो और उनके नौकरों, बावर्चियों, खानसामों, अंगरक्षकों की पूरी-की-पूरी जीवनियां देखने में आई ! शाही महल में रहने और पलनेवाले कुत्तों तक की जीवनियाँ देखने में आईं !

बड़ी धूम थी। बड़ा शोर-शराबा था। शंख इंग्लैंड में बज रहा था, गूँज हिन्दुस्तान में आ रही थी।

इन अख़बारों से हिन्दुस्तान में सनसनी फैल रही थी। नई दिल्ली ने अपनी तरफ देखा और बेसाख़्ता मुंह से निकल गया ङ्कवह आएं हमारे घर, खुदा की रहमत... कभी हम उनको कभी अपने घर को देखते हैं। और देखते-देखते नई दिल्ली का कायापलट होने लगा।

और करिश्मा तो यह था कि किसी ने किसी से नहीं कहा, किसी ने किसी को नहीं देखा- पर सड़कें जवान हो गई, बुढ़ापे की धूल साफ हो गई। इमारतों ने नाज़नीनों की तरह श्रृंगार किया....

लेकिन एक बड़ी मुश्किल पेश थी.... वह थी जार्ज पंचम की नाक ! नई दिल्ली में सब कुछ था, सब कुछ होता जा रहा था, सब कुछ हो जाने की उम्मीद थी, पर पंचम की नाक की बड़ी मुसीबत थी ! दिल्ली में सब कुछ था...सिर्फ नाक नहीं थी।

इस नाक की भी एक लम्बी दास्तान है। इस नाक के लिए बड़े तहलके मचे थे किसी वक्त ! आन्दोलन हुए थे। राजनीतिक पार्टियों ने प्रस्ताव भी दिये थे। गर्मागर्म बहसें भी हुई थीं। अखबारों के पन्ने रंग गए थे। बहस इस बात पर थी कि जार्ज पंचम की नाक रहने दी जाए या हटा दी जाए ! और जैसा कि हर राजनीतिक आन्दोलन में होता है, कुछ पक्ष में थे कुछ विपक्ष में और ज्यादातर लोग खामोश थे। ख़ामोश रहनेवालों की ताकत दोनों तरफ थी...

यह आन्दोलन चल रहा था। जार्ज पंचम की नाक के लिए हथियारबंद पहरेदार तैनात कर दिए गए थे.... क्या मजाल कि कोई उनकी नाक तक पहुँच जाए। हिन्दुस्तान में जगह-जगह ऐसी नाकें खड़ी थीं और जिन तक लोगों के हाथ पहुँच गये उन्हें शानों ङ्कशौकत के साथ उतारकर अजायबघरों में पहुँचा दिया गया। शाही लाटों की नाकों के लिए गुरिल्ला युद्ध होता रहा।.....

उसी ज़माने में यह हादसा हुआ-इंडिया गेट के सामने वाली जार्ज पंचम की लाट की नाक एकाएक गायब हो गई ! हथियारबंद पहरेदार अपनी जगह तैनात रहे। गश्त लगाते रहे...और लाट चली गई।

रानी आए और नाक न हो ! ...एकाएक यह परेशानी बढ़ी। बढ़ी सरगर्मी शुरू हुई। देश के ख़ैरख़्वाहों की एक मीटिंग बुलाई गई और मसला पेश किया गया कि क्या किया जाए ?'' वहां सभी एकमत से इस बात पर सहमत थे कि अगर यह नाक नहीं है, तो हमारी भी नाक नहीं रह जाएगी....

उच्च स्तर पर मशवरे हुए। दिमाग खरोंचे गए और यह तय किया गया कि हर हालत में इस नाक का होना बहुत जरूरी है। यह तय होते ही एक मूर्तिकार को हुक्म दिया गया कि फौरन दिल्ली में हाजिर हो। मूर्तिकार यों तो कलाकार था, पर ज़रा पैसे से लाचार था। आते ही उसने हुक्कामों के चेहरे देखे ... अजीब परेशानी थी उन चेहरों पर; कुछ लटके हुए थे, कुछ उदास थे और कुछ बदहवास थे। उनकी हालत देखकर लाचार कलाकार की आँखों में आँसू आ गए ....तभी एक आवाज सुनाई दी ''मूर्तिकार ! जार्ज पंचम की नाक लगनी है।''

मूर्तिकार ने सुना और जवाब दिया नाक लग जाएगी पर मुझे पता होना चाहिए कि यह लाट कब और कहां बनी थी ? इस लाट के लिए पत्थर कहाँ से लाया गया था ?''

सब हुक्कामों ने एक -दूसरे की तरफ ताका...एक की नज़र ने दूसरे से कहा कि यह बताना ज़िम्मेदारी तुम्हारी है ! खैर मामला हल हुआ। एक क्लर्क को फोन किया गया और इस बात की पूरी छानबीन करने का काम सुपुर्द कर दिया गया !.... पुरातत्त्व विभाग की फाइलों के पेट चीरे गये, पर कुछ भी पता नहीं चला। क्लर्क ने लौटकर कमेटी के सामने कांपते हुए बयान किया- ''सर ! मेरी खता माफ हो फाइलें सब कुछ हज़्म कर चुकी हैं !''

हुक्मरानों के चेहरों पर उदासी के बादल छा गए । एक खास कमेटी बनाई गई और उसके जिम्मे यह काम दे दिया गया कि जैसे भी हो यह काम होना है और इस नाक का दारोमदार आप पर है । आखिर मूर्तिकार को फिर बुलाया गया...उसने मसला हल कर दिया । वह बोला-'पत्थर की किस्म का ठीक पता नहीं चलता, तो परेशान मत होइए...मैं हिन्दुस्तान के हर पहाड़ पर जाऊँगा और ऐसा ही पत्थर खोजकर लाऊँगा !' कमेटी के सदस्यों की जान-में-जान आई । सभापति ने चलते-चलते गर्व से कहा-'ऐसी क्या चीज है जो अपने हिन्दुस्तान में मिलती नहीं । हर चीज़ इस देश के गर्भ में छिपी है...जरूरत खोज लाने की है...खोज करने के लिए मेहनत करनी होगी, इस मेहनत का फल हमें मिलेगा...आने वाला जमाना खुशहाल होगा।'

वह छोटा-सा भाषण फौरन अखबारों में छप गया ।

मूर्तिकार हिन्दुस्तान के पहाड़ी प्रदेशों और पत्थरों की खानों के दौरे पर निकल पड़े। कुछ दिन बाद वह हताश लौटे, उनके चेहरे पर लानत बरस रही थी, उन्होंने सिर लटकाकर खबर दी- 'हिन्दुस्तान का चप्पा-चप्पा खोज डाला, पर इस किस्म का पत्थर कहीं नहीं मिला। यह पत्थर विदेशी है!'

सभापति ने तैश में आकर कहा-'लानत है आपकी अक्ल पर ! विदेशों की सारी चीज हम अपना चुके हैं...दिल-दिमाग, तौर-तरीके और रहन-सहन...जब हिन्दुस्तान में बॉल डांस तक मिल जाता है तो पत्थर क्यों नहीं मिल सकता !'

मूर्तिकार चुप खड़ा था । सहसा उसकी आँखों में चमक आ गई । उसने कहा- 'एक बात मैं कहना चाहूंगा, लेकिन इस शर्त पर कि यह बात अखबारवालों तक न पहुंचे...'

सभापति की आँखों में भी चमक आई । चपरासी को हुक्म हुआ और कमरे के सब दरवाजे बन्द कर दिए गए । तब मूर्तिकार ने कहा- 'देश में अपने नेताओं की मूर्तियाँ भी हैं...अगर इजाजत हो...अगर आप लोग ठीक समझें, तो मेरा मतलब है, तो...जिसकी नाक इस लाट पर ठीक बैठे. उसे उतार लाया जाए...'

सबने सबकी तरफ़ देखा । सबकी आँखों में एक क्षण की बदहवासी के बाद खुशी तैरने लगी । सभापति ने धीमे से कहा- 'लेकिन बड़ी होशियारी से !'

और मूर्तिकार फिर देश-दौरे पर निकल पड़ा । जार्ज पंचम की खोई हुई नाक का नाप उसके पास था । दिल्ली से वह बम्बई पहुंचा...दादाभाई नौरोजी, गोखले, तिलक, शिवाजी, कावस जी जहाँगीर-सबकी नाकें उसने टटोलीं, नापीं और गुजरात की ओर भागा-गांधीजी, सरदार पटेल, विट्ठलभाई पटेल, महादेव देसाई की मूर्तियों को परखा और बंगाल की ओर चला-गुरूदेव रवीन्द्रनाथ, सुमाषचन्द्र बोस, राजा रामामोहन राय आदि को भी देखा, नाप-जोख की और बिहार की तरफ चला । बिहार होता हुआ उत्तर प्रदेश की ओर आया...चन्द्रशेखर आजाद, बिस्मिल, मोतीलाल नेहरु, मदमोहन मालवीय की लाटों के पास गया...घबराहट में मद्रास भी पहुंचा, सत्यमूर्ति को भी देखा, और मैसूर, केरल आदि सभी प्रदेशों का दौरा करता हुआ पंजाब पहुंचाज्लाला लाजपतराय और भगतसिंह की लाटों से मी सामना हुआ । आखिर दिल्ली पहुंचा और अपनी मुश्किल बयान की- 'पूरे हिन्दुस्तान की मूर्तियों की परिक्रमा कर आया । सबकी नाकों का नाप लियाज्पर जार्ज पंचमज्की नाक से सब बड़ीज्निकलीं!..'

सुनकर सब हताश हो गए और झुंझलाने लगे । मूर्तिकार ने ढाढ़स बंधाते हुए आगे कहा, 'सुना था कि बिहार सेक्रेटेरियट के सामने सन् ब्यालीस में शहीद होनेवाले तीन बच्चों की मूर्तियाँ स्थापित हैं...शायद बच्चों की नाक ही फिट बैठ जाए, यह सोचकर वहाँ भी पहुंचा पर...इन तीनों की नाकें भी इससे कहीं बड़ी बैठती हैं । अब बताइए, मैं क्या करूँ ?'

...राजधानी में सब तैयारियां थीं । जार्ज पंचम की लाट को मल-मलकर नहलाया गया था । रोगन लगाया गया था। सब कुछ था, सिर्फ नाक नहीं थी !

बात फिर बड़े हुक्मरानों तक पहुंची । बड़ी खलबली मचीज्अगर जार्ज पंचम के नाक न लग पाई, तो फिर रानी का स्वागत करने का मतलब ? यह तो अपनी नाक कटानेवाली बात हुई ।

लेकिन मूर्तिकार पैसे से लाचार था...यानी हार माननेवाला कलाकार नहीं था । एक हैरतअंगेज ख्याल उसके दिमाग में कौंधा और उसने पहली शर्त दुहराई । जिस कमरे में कमेटी बैठी हुई थी, उसके दरवाजे फिर बन्द हुए और मूर्तिकार ने अपनी नई योजना पेश की- 'चूँकि नाक लगना एकदम जरुरी है, इसलिए मेरी राय है कि चालीस करोड़ में से कोई एक जिंदा नाक काटकर लगा दी जाए...'

बात के साथ ही सन्नाटा छा गया । कुछ मिनटों की खामोशी के बाद सभापति ने सबकी ओर देखा । सबको परेशान देखकर मूर्तिकार कुछ अचकचाया और धीरे-से बोला- 'आप लोग क्यों घबराते हैं । यह काम मेरे ऊपर छोड़ दीजिए...नाक चुनना मेरा काम है...आपकी सिर्फ इजाजत चाहिए !'

कानाफूसी हुई और मूर्तिकार को इजाजत दे दी गई ।

अखबारों में सिर्फ इतना छपा कि नाक का मसला हल हो गया है और राजपथ पर इण्डिया गेट के पास वाली जार्ज पंचम की लाट के नाक लग रही है।

नाक लगने से पहले फिर हथियारबंद पहरेदारों की तैनाती हुई । मूर्ति के आस-पास का तालाब सुखाकर साफ किया गया । उसकी खाद निकाली गई । और ताजा पानी डाला गया, ताकि जो जिन्दा नाक लगाई जाने वाली थी वह सूखने न पाए । इस बात की खबर औरों को नहीं थी । यह सब तैयारियां भीतर-भीतर चल रही थीं । रानी के आने का दिन नजदीक आता जा रहा था । मूर्तिकार खुद अपने बताए हल से परेशान था । जिन्दा नाक लाने के लिए उसने कमेटीवालों से कुछ और मदद मांगी । वह उसे दी गई । लेकिन इस हिदायत के साथ कि एक खास दिन हर हालत में नाक लग जाएगी।

और वह दिन आया ।

जार्ज पंचम के नाक लग गई ।

सब अखबारों ने खबरें छापीं कि जार्ज पंचम के जिंदा नाक लगाई गई है...यानी ऐसी नाक जो कतई पत्थर की नहीं लगती ।

लेकिन उस दिन के अखबारों में एक बात गौर करने की थी । उस दिन देश में कहीं भी किसी उद्घाटन की खबर नहीं थी । किसी ने कोई फीता नहीं काटा था । कोई सार्वजनिक सभा नहीं हुई थी । कहीं भी किसी का अभिनंदन नहीं हुआ था, कोई मानपत्र भेंट करने की नौबत नहीं आई थी । किसी हवाई अड्डे या स्टेशन पर स्वागत-समारोह नहीं हुआ था । किसी का ताजा चित्र नहीं छपा था।

सब अखबार खाली थे ।

पता नहीं ऐसा क्यों हुआ था ?

नाक तो सिर्फ एक चाहिए थी और वह भी बुत के लिए।

संदर्भ : 30 अक्टूबर, मलिका-ए-ग़ज़ल बेगम अख़्तर का स्मृति दिवस

# ऐ मुहब्बत तेरे अंजाम पे रोना आया...

■ ज़ाहिद ख़ान

वे सरापा ग़ज़ल थीं। उन जैसे ग़ज़लसरा न पहले कोई था और न आगे होगा। ग़ज़ल के बिना बेगम अख़्तर अधूरी हैं और बेगम अख़्तर बग़ैर ग़ज़ल। बेगम अख़्तर ने बतलाया कि ग़ज़ल सिर्फ़ पढ़ी ही नहीं जाती, बल्कि इसे संगीत में ढालकर गाया भी जा सकता है। वे बेगम अख़्तर ही थीं, जिन्होंने सबसे पहले कहा, ग़ज़ल भारतीय शास्त्रीय संगीत की परम्परा का हिस्सा है। एक अहम बात और जो उन्हें अज़ीम बनाती है, उस दौर में जब महिलाएं साहित्य, संगीत और कला हर क्षेत्र में कम दिखलाई देती थीं, तब बेगम अख़्तर देश की उन चुनिंदा गायिकाओं सिद्धेश्वरी देवी, गौहरजान कर्नाटकी, गंगूबाई हंगल, अंजनीबाई मालपकर, मोगूबाई कुर्डीकर, रसूलन बाई में से एक थीं, जिन्होंने सार्वजनिक कॉन्सर्ट दिए। और भारतीय समाज को बतलाया कि महिलाएं भी भारतीय शास्त्रीय संगीत, उप-शास्त्रीय संगीत के गायन में किसी से कम नहीं। 1960 के दशक के मध्य में जब एलपीज चलन में आए, तो जो शुरुआती रिकॉर्डिंग आईं, उसमें भी बेगम अख़्तर के ग़ज़लों की रिकॉर्डिंग थीं। वे बड़े बेलौस अंदाज़ में, बिना किसी तनाव के महफ़िलों में खुलकर गाती थीं। हारमोनियम पर उनके हाथ पानी की तरह चलते थे। अख़्तरीबाई फ़ैज़ाबादी बैठकी और खड़ी दोनों ही तरह की महफ़िलों में गायन के लिए पारंगत थीं।

एक दौर था, जब बेगम अख़्तर के अलावा ग़ज़ल गायन के मैदान में दूर-दूर तक कोई नहीं था। उन्होंने ही उप-शास्त्रीय संगीत में ग़ज़ल को सम्मानजनक मुक़ाम तक पहुंचाया। बेगम अख़्तर ज़्यादा पढ़ी-लिखी नहीं थीं। बावजूद इसके उर्दू और फ़ारसी अल्फ़ाज़ों से लबरेज ग़ज़लों के तलफ़्फ़ुज़ को वे बड़े ही सरलता से पकड़ लेती थीं और इस अदायगी से गाती थीं कि सुनने वालों के मुंह से वाह-वाह ही निकलता था। उर्दू अदब से उन्हें मुहब्बत थी, ख़ास तौर पर बेहतरीन शायरी उनकी कमजोरी थी। जो कलाम उन्हें पसंद आ गया, अपनी बेहतरीन गायकी से उन ग़ज़लों में उन्होंने रूह डाल दी। बेगम अख़्तर ने जिस शायर का कलाम गा दिया, वह ज़िंदा जावेद हो गया। ग़ज़ल के अलावा बेगम अख़्तर ने भारतीय उप शास्त्रीय गायन की सभी विधाओं मसलन ठुमरी, दादरा, कहरवा, ख्याल, चैती, कजरी, बारामासा, सादरा वगैरह में भी उसी महारथ के साथ गाया। वे ठेठ देशी ढंग से ठुमरी गाती थीं। उनकी ठुमरी में कभी-कभी बनारस के लोक गीतों की शैली का असर भी दिखलाई देता था। बेगम अख़्तर ने ठुमरी, दादरा और ग़ज़ल को शास्त्रीय संगीत के बराबर लाकर खड़ा किया और बड़े-बड़े दिग्गज उस्तादों से अपनी गायकी का लोहा मनवाया।

'उल्टी हो गईं सब तदबीरें', 'दिल की बात कही नहीं जाती (मीर तक़ी मीर), 'वो जो हम में तुम में क़रार था, तुम्हें याद...' (मोमिन ख़ान 'मोमिन'), 'ज़िक्र उस परीवश का और फ़िर....', 'वो न थी हमारी किस्मत..' (मिर्ज़ा ग़ालिब), 'ए मुहब्बत तेरे अंजाम पे रोना आया', 'मेरे हमनफ़स, मेरे हमनवा..' (शकील बदायुनी), 'दीवाना बन जाना..' (ख़ुमार बाराबंकवी), 'आये कुछ अब्र कुछ शराब आए...' (फ़ैज़ अहमद फ़ैज़), 'कोई ये कह दे गुलशन-गुलशन, लाख बलाएं...(जिगर मुरादाबादी), 'इतना तो ज़िंदगी में किसी की ख़लल पड़े..' (कैफ़ी आज़मी), 'कुछ तो दुनिया की इनायत ने दिल तोड़ दिया' (सुदर्शन फ़ाकिर), 'दीवाना बनाना है, तो दीवाना बना दे..' (बहज़ाद लख़नवी), 'सख़्त है इश्क़ की रहगुज़र..' (शमीम जयपुरी), 'अब छलकते हुए सागर नहीं देखे जाते' (अली अहमद जलीली) बेगम अख़्तर द्वारा गायी, वे ग़ज़लें हैं, जो उन्हीं के नाम और गायन से जानी जाती हैं। जिसमें भी उनकी ये ग़ज़ल 'ए मुहब्बत तेरे अंजाम पे रोना आया', उस ज़माने में नेशनल ऐन्थम की तरह मशहूर हुई। वे जहां जातीं, सामयीन उनसे इस ग़ज़ल की फ़रमाइश ज़रूर करते।

बेगम अख़्तर की आवाज़ में पुरबिया, अवधी और भोजपुरी बोलियों की मिठास थी। उन्होंने ग़ज़ल के अलावा लोक संगीत को भी अपनी आवाज़ दी। मिसाल के तौर पर उनकी कुछ उप शास्त्रीय बंदिशें जो उस समय ख़ूब मशहूर हुईं, वे इस तरह से हैं-'हमरी अटरिया पे आओ संवरिया..', 'कोयलिया मत कर पुकार करेजवा लागे..', 'छा रही काली घटा जिया मेरा लहराये', 'पपीहा धीरे-धीरे बोल', %हमार कही मानो हो राजा जी', 'कौन तरह से तुम खेलत होरी', 'जब से श्याम सिधारे..'। बेगम अख़्तर ज़्यादातर ख़ुद ही अपनी ग़ज़लों और तमाम उप शास्त्रीय गायन की धुन तैयार करती थीं। यही नहीं गायन में वे कहन को ज़रूरी मानती थीं। उनका मानना था, जो भी गाओ खुलकर गाओ। बेगम अख़्तर की शख़्सियत और गायन में ग़ज़ब का जादू था। लाखों लोग उन पर फ़िदा थे और आज भी बेगम अख़्तर के गायन के जानिब उनकी चाहतें कम नहीं हुई हैं।



-समीक्षा -

# तीन युवा कवियों की पदचाप:त्रिपथ

■ राज बोहरे

बोधि प्रकाशन जयपुर से %त्रिपथ% के नाम से तीन कवियों का कविता संकलन पिछले दिनों प्रकाशित हुआ है, जिसका संपादन और कविता चयन ब्रज श्रीवास्तव ने किया है, संपादक का कौशल सँग्रह में झांकता है। इस त्रिपथ (तीन पथ) के नाम से ख्यात संग्रह में तीन युवा कवि आनंद सौरभ उपाध्याय की 30, पद्मनाभ की 31 और मिथिलेश राय की 30 कविताएं सम्मिलित हैं । संग्रह में तीन खंड हैं, प्रत्येक खंड में कवि का आत्मकथ्य व प्रत्येक कवि पर संपादक की टिप्पणी भी लिखी गई है।

> शायद वो समझ गया है कि/ वह अब अकेला ठूंठ सा ही रहने वाला है / किसी अनचाहे बुजुर्ग की तरह/ और गांव तो अब केवल एक जगह बन गया है /अपने यौवन की यादों को समेटे हुए/ जर्जर बुढ़ापे में सांस लेते हुए/ अपनी मृत्यु की प्रतीक्षा में/ जिसकी किसी को खबर तक नहीं होगी/

पहला खंड आनंद सौरभ उपाध्याय पर केंद्रित है। कवि खुद के बारे में लिखते हैं %आसपास की समस्याएं जिंदगी के रंग समाज में व्याप्त अंधविश्वास, भौतिकवादी दौड़, राजनीतिक उथल-पुथल मेरी कविताओं के लिए प्रेरक स्थिति पैदा करती हैं।% ब्रज श्रीवास्तव ने आनंद सौरभ के बारे में लिखा है, %वह वस्तु तथा राजनीतिक और सामाजिक चिताओं के संभावनाशील कवि हैं।%कविता के बारे में आनंद की दो कविताएं हैं -कवि के हाथ की चाय और समीक्षक ।

विचार और दर्शन प्रधान कविताओं के शीर्षक हैं, दुख ही जन्मा, तेरी मिट्टी, धारणा, मौन, बुराई, फ़िक्र, सच का संघर्ष, धुंधली याद, इंतजार, और मर्यादाहीन । मन में धीमे से प्रवेश पाती बुराई के बारे में कविता %बुराई% का अंश दृष्टव्य है- आखिर/आकर बैठ गई/अंतर्मन में/कोई लगाव नहीं/कोई चाह नहीं/फिर भी/बचते बचाते/आ ही जाती/बुराई/और मैं/बुरा हो जाता...

%घटिया निर्माण% कविता देखिए-हिस्सों में सबका ख्याल/उछलकर शराफत की पगड़ी/वो रचते हैं झूठ का संसार/और बनाते हैं हर बार/बूंद-बूंद टपकती छतें/छत के गिरने तक !

आनंद सौरभ को कभी-कभी धार्मिक पाखंड और धार्मिक विद्वेष से क्षोभ होता है । कवि अपना ईश्वर %दुख से उपजा ईश्वर % बताते हैं। धर्म से जुड़े हुए उनके विचार रचनागत रूप में पाठकों के सामने कविता के रूप में अमूमन आते हैं और उनकी इस तरह की कविताएं धर्मांधता, मेरे ईश्वर का जन्म, हमको देखने को मिलती है,एक अंश देखिए-ईश्वर का जन्म तो/मेरे दुखों के बाद हुआ/विषम परिस्थिति में पुस्तकों के प्रति कवि को बहुत प्रेम है, वे कहते हैं कि किताबें अपना काम करना बंद नही करतीं,जबकि मनुष्य उनकी बेकदरी करता है। उन्होंने किताबें 1 व 2 शीर्षक से कविताएं लिखी हैं! एक अंश देखिए-एक तुम हो कि/घर की साफ सफाई में/निकालते रहे उन किताबों को ही/जिन्हें पढ़कर सभ्य/हुए तुम/इतने सभ्य ?/कि थोड़े लालच में रद्दी के भाव/बेच दिया/उन्हें।

संकलन के संपादक ब्रज श्रीवास्तव ने पद्मनाभ के बारे में लिखा है %प्रेम, स्त्री और सत्ता इस कविता के केंद्रीय पद कहे जा सकते हैं।%

पद्मनाभ के भी कुछ अपने प्रिय विषय हैं, उनके अपने कुछ अनूठे विचार हैं । व्यवस्था के विरोध में वे चुप नहीं रहते , अपनी कविता के मार्फ़त, अपने रोष और असंतुष्टि को प्रकट करते हैं । %यह दौर तुम्हारे साथ हूं% का अंश देखिए-अगर तुम गाय हो/तो मुद्दा बना देंगे/अगर तुम बैल हो/तो तुम्हारा कुछ नहीं हो सकता/अगर तुम शेर हो/तो पिंजरा तैयार है/अगर तुम गूँगे हो/तो ये अच्छी बात है/यह दौर तुम्हारे साथ है।

अपने दार्शनिक विचारों को अनूठे ढंग से प्रकट करने वाले पद्मनाभ की कविताओं में एक तंज, एक रोष और क्षोभ दिखाई देता है। मृत्यु% कविता का अंश देखिए-जहां है कोई मुझसे चाहता है/मेरा शरीर एवं मुझसे जुड़े लाभ/पर वह स्वीकार करती/मुझे निश्शरीर/समेटती मुझे राख से/चाहती केवल मेरी आत्मा/उसकी यही आत्मीयता मुझे प्रिय है!

राजनीति भी पद्मनाभ के निशाने से हटी नहीं है, जब उन्हें राजनैतिक विचार और सत्ताधीश की कार्यवाहियों से क्षोभ होता है, तो वह आग उगलती कविता लिखते हैं। सत्तानामा का अंश देखिए-आगे उसने भी भरोसा नहीं किया/किसी पर, सिवाय खुद के/न ही खुद/भरोसेमंद बना किसी के लिए/इसी %अ%% भरोसे के भरोसे /वह एक/ताक़तवर राजा बना रहा!

**पुस्तक त्रिपथ ( कविता संकलन) प्रकाशक- बोधि प्रकाशन कवि-आनंद सौरभ उपाध्याय, पद्मनाभ पाराशर, मिथिलेश राय मूल्य 150 पृष्ठ 128**

अपनी प्राचीन परंपरा से मोह रखते हुए कवि ने बड़ी सशक्त कविता %बूढ़ा गांव % कविता लिखी है , इसका अंश देखिए-

मेरा गांव /जब भी अपने गांव से लौट कर आता हूं /स्मृतियों य और विस्मृतियों से भर जाता हूं/ कितना जवान था वो

शायद वो समझ गया है कि/ वह अब अकेला ठूंठ सा ही रहने वाला है / किसी अनचाहे बुजुर्ग की तरह/ और गांव तो अब केवल एक जगह बन गया है /अपने यौवन की यादों को समेटे हुए/ जर्जर बुढ़ापे में सांस लेते हुए/ अपनी मृत्यु की प्रतीक्षा में/ जिसकी किसी को खबर तक नहीं होगी/

पर्यावरण से जुड़ी कविताओं में पेड़ का विश्वासघात (पृष्ठ 78) भी उल्लेखनीय है। क्लासिक ग्रंथ या शास्त्रीय पुस्तक से अनुराग प्रकट करती और उसके प्रति निष्ठा बताती कविता काश मुझे पढ़ लिया होता(59) उन्होंने लिखी है, तो स्त्री की संवेदना उसके दुख दर्द और अनुभूतियों को प्रकट करती उनकी कविता देह(60) स्त्रियों ने रची है सभ्यता यह (पृष्ठ 82) पठनीय है। कविता के बारे में कवि बहुत गम्भीर हैं, इस विषय मे %नहीं लिखी कोई कविता%(58) जैसी कविता में वे कविता और उसके सृजन के बारे में लिखते हैं, - कई दिनों से नहीं लिखी कोई कविता/ ऐसा नहीं है कि मेरी लेखनी की आग बुझ गई है/ या कि मेरे विषय चुक चुके हैं/ अथवा मेरी संवेदना समाप्ति की ओर है

इस संग्रह के तीसरे खंड के कवि हैं मिथिलेश राय, उन्होंने आत्मकथ्य में लिखा है %मैं भूख, गरीबी, शोषण, अत्याचार ,जाति, नस्ल भेद पर कविता लिखते हुए प्रेम और सुंदरी को परे हटाकर नहीं देखता, क्योंकि दोनों ही जीवन के जरुरी हिस्से हैं। मिथिलेश की कविताओं में के बारे में संपादक ब्रज श्रीवास्तव ने लिखा है %मिथिलेश की कविता में विषयों और अनुभवों की विविधता है, इसलिए उनके पास कविता के भरे पूरे संसार का एक प्रतिदर्श है।

मिथिलेश के सरोकार समाज के सब पक्षों से हैं, सारे संसार से हैं। गांव और पुरानी परंपरा के बारे में जब कविता लिखते हैं, तो अपनी आत्मीयता उड़ेलङ्क देते हैं. कविता किताब में वे किताब को सम्बोधित हो कर कहते हैँ- तुम्हीं ने सिखाया हर मुश्किल /समय की बारहखड़ी पढ़ना/ और कसकर थामें रहना धैर्य की डोर/

सिखाया तुम्हीं ने खूब और उदासी के बीच सुनना
आहट उम्मीद की
तुम ही से सीखा बार-बार
उठना गिरकर
जीवन जीना भी सिखाया
तुम्हीं ने ओ मेरी किताब

धर्म व ईश्वरीय सत्ता पर उनकी कविता ईश्वर पठनीय है

उठो /ए ईश्वर /तुम कब तक लड़ते रहोगे /अपनी ही धर्म ध्वजा के खातिर (ईश्वर 1)

सभी ने रखा केवल अपने ही/ अनुयायियों का ख्याल/ उन्हें ही किया उपकृत /केवल उन्हीं के सुख-दुख का/ लिया जिम्मा/

हर ईश्वर के अनुयाई /भरते रहे आपस में /अपने ईश्वर के लिए वे बने रहे/ एक दूसरे की जान के दुश्मन!

नासमझ कविता का यह अंश देखिए- कौए ने /कोयल से जने/ उन चूजों को भी/ अपने चूजों के/ समान ही पाला-पोसा/ दुलारा अपना ही/ समझकर/ कौए से बड़ा नासमझ/ तो देखा ही नहीं कहीं/ आज तक/ फिर भी/ कभी-कभी सोचता हूं/ दुनिया रहने तक/ बना रहे प्रेम/ इसके लिए उतना बुरा तो नहीं है/ कौए की तरह/ बेवकूफ बने रहना!

समाज के अंतिम व्यक्ति के बारे में उनकी कविता बारिश में कसक एक विशिष्ट प्रकार के भाव से भर देती है, तो काव्य करने के बारे में मोची का छाता की कविता उनको समकालीन कवियों से कुछ ऊंचा खड़ा कर देती है - मोची का छाता/ एक/ भरोसे जैसा है /जैसा भी है उसका है /काम करने की सहूलियत देता हुआ/ कविता, जैसी भी है मेरी है/ इंसान की तरह जीने में मदद करती हुई!

इस संकलन में शामिल तीनों कवि अभी उदीयमान कवि हैं, उन्होंने अभी कुछ वर्षों से लिखना शुरू किया है, उन सबके कविता के मुहावरे विकसित होने के दौर में हैं। उन्हें यश मिलेगा लेकिन तब जब वे खुद की शैली को एक पहचान देंगे। निश्चित ही तीनों की कविता सहित विचार और शैली की हिंदी साहित्य में पहचान कायम होगी, यानि तब बिना नाम पढ़े भी उनकी कविता को देख पाठक को उनका नाम याद आएगा। वह पहचान कर सकेगा कि यह आनंद सौरभ की या पद्मनाभ या मिथिलेश राय की है । तीनों कवियों ने प्रचलित विषयों से हटकर कविताएं लिखी हैं और हरेक ने कुछ विशिष्ट अनुभूतियां और विषयों पर कविताएं रची हैं यह एक उल्लेखनीय बात है । अभी तक कविता के दायरे से बाहर रहे भाव, विषयों पर कविता लिखना ऐसे युवा रचनाकारों की नई दृष्टि और विशिष्ट रचना धर्मिता कहीं जा सकती है । सामान्य बोलचाल की भाषा में अपनी काव्य परंपरा को ग्रहण कर यह तीनों कवि अपने रचना कर्म की पहली झलकी से एक संकलन के रूप में पाठकों को आत्म परिचय प्रदान करते हैं और पाठक इन्हें पढ़कर उत्साह के भाव से भर जाता है, तीनों के प्रति सराहना का भाव प्रकट होता है। निश्चित ही तीनों कवि आगे जाकर अपना महत्वपूर्ण स्थान प्राप्त करेंगे। यह संकलन ब्रज श्रीवास्तव की दूरदर्शिता और एक सुविचारित नीति का पहला पुष्प है, यह संकलन उनके संपादकीय हुनर के लिए भी पाठक को आश्वस्त करता है ।

प्रकाशक, मुद्रक : राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा. लि. के लिए 506, आई.एन.एस. बिल्डिंग, 9, रफी मार्ग, नई दिल्ली से प्रकाशित एवं बीएफएल इंफोटेक लि., सी 9, सेक्टर-3, नोएडा से मुद्रित। सम्पादक : राजीव रंजन श्रीवास्तव, (पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार)। आर.एन.आई. नं. DELHIN/2008/24216. दिल्ली कार्यालय :फोन: 011-23718195,23357784, फैक्स: 011-43581404, नोएडा कार्यालय: फोन: 0120-4114404 फैक्स: 0120-4273770
ई-मेल: deshbandhudelhi@gmail.com वेब: www.deshbandhu.co.in

## रूस गाजा में शांति के लिए इजरायल के संपर्क में : लावरोव

**मास्को।** रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने शनिवार को कहा कि रूस गाजा पट्टी में शांति स्थापित करने के लिए इजरायल के संपर्क में हैं। श्री लावरोव ने बेलारूस की न्यूज एजेंसी बेल्टा को दिए साक्षात्कार में कहा, हम इजरायलियों को संकेत भेज रहे हैं। हम उनके साथ पूर्ण रूप से संपर्क बनाए हुए हैं। हमारे राजदूत नियमित रूप से उनके साथ संवाद कर रहे हैं। हम शांतिपूर्ण समाधान की आवश्यकता के बारे में संकेत भेज रहे हैं।

# देश विदेश

### `टाइम्स ऑफ इजरायल' की रिपोर्ट का दावा

# इजरायलियों का अपनी सरकार पर नहीं भरोसा

**नई दिल्ली,** 28 अक्टूबर (एजेंसियां)। अक्टूबर को हमास द्वारा शुरू किए गए युद्ध के 19 दिन बाद, कई इजरायली मानते हैं कि हमास को उखाड़ फेंकने की जरूरत

■ अब तक, इजरायल में 1,400 लोग मारे गए

है, लेकिन उन्हें इस बात पर कोई भरोसा नहीं है कि उनकी अपनी सरकार ऐसी प्रक्रिया की निगरानी कर सकती है। टाइम्स ऑफ इजराइल की रिपोर्ट के अनुसार, अब तक, इजरायल में 1,400 लोग मारे गए हैं जबकि 224 लोगों का हमास द्वारा अपहरण कर लिया गया है। इजरायल गाजा में जमीनी हमले की भी तैयारी कर रहा है, जबकि उत्तरी सीमा पर युद्ध बढ़ने की आशंका है। इजरायलियों ने सरकार और सुरक्षा प्रमुखों दोनों की विनाशकारी विफलताओं का हवाला देते हुए अपनी सरकार के खिलाफ चिंता व्यक्त की है। उनका मानना है कि वर्तमान व्यवस्था हमास के हमले को रोकने में विफल रही है और यह उस संकट का तुरंत जवाब देने में भी विफल रही है जिसने निहत्थे



नागरिकों को अपनी सुरक्षा के लिए छोड़ दिया है। इजरायलियों का यह भी मानना है कि धीमी रिजर्व कॉल-अप प्रक्रिया ने बुनियादी सैन्य उपकरणों में चौंकाने वाली कमी को उजागर किया है और अंतत: लड़ाई से विस्थापित लोगों के समर्थन में सरकार की सुस्त नागरिक प्रतिक्रिया में कमी आई है।

इन जन भावनाओं को नए आंकड़ों का समर्थन प्राप्त है जो दर्शाता है कि सरकार पर इजरायलियों का भरोसा 20 साल के निचले स्तर 18 प्रतिशत पर है। टाइम्स ऑफ इजरायल ने बताया, हमास के हमले के बाद इजरायल डेमोक्रेसी इंस्टीट्यूट द्वारा कराए गए सर्वेक्षण में केवल 20.5 प्रतिशत यहूदी इजरायलियों और 7.5 प्रतिशत अरब इजरायलियों ने कहा कि उन्हें प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के मंत्रिमंडल पर भरोसा है। (जून में, इन आबादी पर क्रमश: 28 प्रतिशत और 18 प्रतिशत मतदान हुआ।)

इसके विपरीत, इज़रायली सेना की विफलता के बावजूद, सुरक्षा बलों और मीडिया में विश्वास बढ़ा है। इजराइल रक्षा बलों (आईडीएफ) में यहूदी इजरायलियों का भरोसा 2.5 प्रतिशत बढ़कर 87 प्रतिशत हो गया और अरब इजरायलियों का भरोसा इसी तरह 2 प्रतिशत से बढ़कर 23 प्रतिशत हो गया। कम से कम सात वरिष्ठ इजरायली अधिकारियों ने सार्वजनिक रूप से अपने नागरिकों की रक्षा करने में राज्य की विफलता के लिए दोषी ठहराया है, जिसमें आईडीएफ चीफ ऑफ स्टाफ रक्षा मंत्री शिन बेट के प्रमुख और राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद के प्रमुख शामिल हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि कई लोगों के लिए, सरकार ने अपर्याप्त प्रतिक्रिया देकर 7 अक्टूबर की अपनी विफलता को और बढ़ा दिया है। रविवार को, नेतन्याहू की लिकुड पार्टी के लिए पारंपरिक गढ़ माने जाने वाले नेटिवोट मेयर ने नेतन्याहू को एक पत्र भेजकर सरकार पर उनकी नगर पालिका को छोड़ने का आरोप लगाया। आलोचना के बढ़ते स्वर में यह नवीनतम घटना है जिसने लिकुड के प्रसिद्ध वफादार आधार को भी तोड़ दिया है। नेतन्याहू को पहली बार हमला किए गए समुदायों का दौरा करने में एक सप्ताह और हमास द्वारा बंधक बनाए गए लोगों के परिवारों से मिलने में आठ दिन लगे। टाइम्स ऑफ इजरायल की रिपोर्ट के अनुसार, हाल के दिनों में हमास द्वारा चार लोगों को रिहा किए जाने के बाद भी उनकी रिहाई पर बातचीत की प्रक्रिया अभी भी अच्छी तरह से ज्ञात नहीं है। रिहा किए गए बंधकों में इजरायली सरकार की भागीदारी न्यूनतम बताई गई है। बंधक संकट से निपटने के लिए नेतन्याहू सरकार की भी भारी आलोचना हुई है और रिश्तेदारों ने शिकायत की है कि सरकारी प्रतिनिधियों के साथ उनका कोई संपर्क नहीं है। हमले के शुरुआती दिनों में, नागरिक समाज और निजी व्यक्तियों ने शून्य में कदम रखा, लापता परिवार के सदस्यों के वर्तमान या अंतिम-ज्ञात ठिकाने का सुराग पाने की उम्मीद के साथ ओपन-सोर्स और सेलफोन-आधारित ट्रैकिंग का आयोजन किया।

### गजा पर इजरायली हमलों में मरने वाले की संख्या 7,700 से अधिक हुई

**गजा।** गजा पट्टी पर इजरायली सैन्य हमलों में मरने वाले फिलिस्तीनियों की संख्या बढ़कर 7,703 हो गई है। हमास-नियंत्रित गाजा में स्वास्थ्य मंत्रालय ने शनिवार को यह जानकारी दी है। समाचार एजेंसी शिन्हुआ के अनुसार, एक बयान में कहा गया कि युद्ध शुरू होने के बाद से अब तक 19,743 फिलिस्तीनी घायल हुए हैं। 7 अक्टूबर को इजरायली सैन्य ठिकानों और कस्बों पर हमास आतंकवादियों द्वारा किए गए एक हमले के जवाब में इजरायल ने गाजा के खिलाफ बड़े पैमाने पर हवाई हमले और जमीनी अभियान शुरू किए हैं, जिसमें इजरायल में कम से कम 1,400 लोग मारे गए हैं।



## सुडोकू 6360

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 8 | | | 4 | | | | 3 |
| | 4 | | 7 | | 6 | | | |
| 9 | | | 5 | | | 2 | | |
| 1 | 9 | | | | | | | 6 |
| | | 5 | | | | 1 | | |
| 7 | | | | | | | 2 | 4 |
| | | 1 | | | 9 | | | 2 |
| | | | 4 | | 3 | | 1 | |
| 2 | | | | 1 | | | 3 | |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## दैनिक पंचांग

mypandit.com 24 hour astrology service

■ बेजान दारूवाला

ग्रह स्थिति : रविवार 29 अक्टूबर, 2023 आश्विन शुक्ल पक्ष 15

### राशिफल

मेष -आज का दिन आनंद और उल्लास से भरा हुआ होगा। शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य भी अच्छा होगा। आज किए गए हर काम में सफलता मिलेगी। घर का वातावरण खुशी का रहेगा।

वृषभ -शारीरिक तथा मानसिक रुप से आज आप चिंता में रहेंगे। चिंताओं के कारण मानसिक दबाव होगा, जिससे आपको थकान महसूस हो सकती है। परिजनों के साथ मनमुटाव हो सकता है। इससे घर का वातावरण बिगड़ सकता है।

मिथुन -आपका आज का दिन विविध लाभों की प्राप्ति करानेवाला होगा। परिवार में पुत्रों और पत्नी की तरफ से लाभदायक समाचार मिलेंगे। मित्रों के साथ मिलन-मुलाकात आपको आनंदित करेंगे। व्यापारी वर्ग की आय में वृद्धि होगी।

कर्क -नौकरी या व्यवसाय करने वालों के लिए आज का दिन लाभदायक है। नौकरीपेशा लोगों पर उच्च पदाधिकारियों की कृपादृष्टि रहने से पदोन्नति की संभावना है। अधिकारियों के साथ महत्वपूर्ण मामलों के साथ भी खुले मन से चर्चा होगी।

सिंह -आज का दिन मध्यम फलदायी होगा। आप धार्मिक और मांगलिक कार्यों में जा सकते हैं। आपका व्यवहार न्याय प्रिय रहेगा। धार्मिक प्रवास का आयोजन होगा। स्वास्थ्य नरम-गरम रहेगा। पेट दर्द से परेशानी होगी।

कन्या -आज नए काम हाथ में लेना हितकर नहीं है। बाहर के खाद्यपदार्थों से तबीयत खराब होने की आशंका रहेगी। क्रोध को नियंत्रण में रखने के लिए मौन रहना सही साबित होगा। धन खर्च अधिक होगा।

तुला -आज का दिन प्रणय, रोमांस, मनोरंजन और मौज-मस्ती से भरपूर है। सार्वजनिक जीवन में आप सम्मान प्राप्त करेंगे। यश और कीर्ति में वृद्धि होगी। भागीदारों के साथ लाभ की बात होगी।

वृश्चिक -पारिवारिक सुख- शांति के कारण शारीरिक और मानसिक रूप से प्रसन्नता का अनुभव करेंगे। निर्धारित कामकाज में आप सफलता प्राप्त कर सकेंगे। ऑफिस में सहकर्मियों का सहयोग मिलेगा।

धनु -आपका आज का दिन मिश्रित फलदायी है। आज आपको पेट संबंधी समस्या हो सकती है। संतान का स्वास्थ्य और उनकी पढ़ाई के संबंध में चिंता से मन व्यग्र रहेगा। काम में सफलता नहीं मिलने से क्रोध की भावना रहेगी।

मकर -आप का आज का दिन मध्यम फलदायी है। शारीरिक एवं मानसिक रूप से आज प्रतिकूलता का अनुभव करेंगे। घर में परिजनों के साथ विवाद से मन में अशांति रहेगी। समय पर भोजन न मिलने की संभावना है।

कुंभ -चिंताओं के बादल हटने से आप मानसिक हल्कापन महसूस करेंगे। मन में उत्साह का संचार होगा, जिस वजह से दिनभर का समय आनंदपूर्वक गुजरेगा। भाई-बंधुओं एवं स्नेहीजनों से मेल-जोल बढ़ेगा।

मीन -आज आप को खर्च पर संयम रखने की सलाह दी जाती है। क्रोध और जिह्वा पर संयम रखें। अन्यथा किसी से विवाद होने की आशंका है। धन के लेन-देन में सावधानी बरतें।

**नोट-उपरोक्त राशिफल बेजान दारूवाला द्वारा पूर्वलिखित है।**

## अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने वांग यी से मुलाकात की

**बीजिंग,** 28 अक्टूबर (एजेंसियां)। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने व्हाइट हाउस में चीनी कम्युनिस्ट पार्टी की केंद्रीय समिति के राजनीतिक ब्यूरो के सदस्य और विदेश मंत्री वांग यी से मुलाकात की। वांग यी ने सबसे पहले चीनी राष्ट्रपति शी चिनफिंग की शुभकामनाएं राष्ट्रपति बाइडेन तक पहुंचाई।



उन्होंने कहा कि इस बार की यात्रा का उद्देश्य अमेरिका के साथ आदान-प्रदान करना, दोनों देशों के राष्ट्रपतियों द्वारा पहुंची महत्वपूर्ण सहमति को लागू करना, गिरावट को रोकने और स्थिर करने के लिए चीन-अमेरिका संबंधों को बढ़ावा देना, और जल्द से जल्द स्वस्थ और स्थिर विकास के ट्रैक पर लौटाना है। वांग यी ने कहा कि एक-चीन सिद्धांत और तीन चीन-अमेरिका संयुक्त विज्ञप्तियां दोनों देशों के बीच संबंधों के लिए सबसे महत्वपूर्ण राजनीतिक आधार हैं, जिसकी रक्षा करने और हस्तक्षेप को खत्म करने की आवश्यकता है।

## कजाकिस्तान में खदान में आग लगने से 21 लोगों की मौत

**अस्ताना,** 28 अक्टूबर (एजेंसियां)। कजाकिस्तान के कारागांडा क्षेत्र में शनिवार को स्टील की दिग्गज कंपनी आर्सेलर मित्तल के स्वामित्व वाली एक खदान में आग लग गई। स्थानीय मीडिया ने बताया कि इस घटना में कम से कम 21 लोगों की मौत हो गई और 18 अन्य घायल हुए हैं। सिन्हुआ समाचार एजेंसी ने स्थानीय मीडिया के हवाले से बताया कि अब तक 21 शव पाए गए हैं और 23 खनिक अभी भी कोस्टेंको खदान में फंसे हुए हैं। बचाव अभियान जारी है। कजाख राष्ट्रपति कासिम-जोमार्ट टोकायेव ने पीड़ित परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त की। बीबीसी की रिपोर्ट के अनुसार, उन्होंने 'निवेश सहयोग' को रोकने का आह्वान किया है। सरकार ने कहा है कि वह देश की सबसे बड़ी स्टील मिल चलाने वाली कंपनी का राष्ट्रीयकरण करने के लिए एक सौदे को अंतिम रूप दे रही है। गवर्नर यरमगनबेट बुलेकपायेव ने कहा कि खदान में सुबह आग लगी। घटना के वक्त खदान के अंदर 252 लोग मौजूद थे।




208 खनिकों को निकाला गया

### मिस्र में कई वाहनों की टक्कर में 35 लोगों की मौत

**काहिरा।** मिस्र के बेहेरा प्रांत में शनिवार को कई वाहनों की टक्कर में कम से कम 35 लोगों की मौत हो गई और 53 अन्य घायल हो गए। सरकारी मीडिया ने यह जानकारी दी। अहराम अखबार की रिपोर्ट के अनुसार, सुरक्षा जांच में पता चला है कि दुर्घटना बेहेरा के पास काहिरा-अलेक्जेंड्रिया रेगिस्तानी सड़क पर एक कार से तेल रिसाव के कारण हुई, जिसके कारण कई वाहन एक-दूसरे से टकरा गए। समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, हादसे में कई गाड़ियों में आग लग गई। मृतकों और घायलों को आसपास के शहरों के अस्पतालों में स्थानांतरित कर दिया गया है। रिपोर्ट में कहा गया है कि त्रासदी की आपराधिक जांच के आदेश दे दिए गए हैं। मिस्र में तेज गति, सड़कों के खराब रखरखाव और यातायात कानूनों के कार्यान्वयन में ढिलाई के परिणामस्वरूप सड़क दुर्घटनाओं में हर साल हजारों लोगों की जान चली जाती है।

## वर्ग पहेली 6360




**बायें से दायें:-**

१. विवरण, ब्यौरा (उर्दू)
३. बदनामी, अपयश (उर्दू)
५. सुरबाला, देवकन्या
६. प्रतीक्षा करना (मुहावरा)
७. बड़ा हाथी, हाथियों का राजा
९. घटना, समाचार, अवसर
१०. शामिल
१२. डर, भय
१३. ज्यों का त्यों
१४. उलझन दूर होना
१६. युवा जवान
१८. श्रीमान (उर्दू)
२०. किसी पत्र-पत्रिका का पिछला अंक
२१. असह्य, अप्रिय (उर्दू)
२३. ख्याति प्राप्त करना (मुहावरा)

**ऊपर से नीचे:-**

१. विवाद, बहस (उर्दू)
२. स्वभाव, गुण, शील, चरित्र (उर्दू)
३. निवृत्त होना, छुटकारा (उर्दू)
४. वधिक, कातिल
५. जो ढंका हुआ न हो, खुला
८. लोगों का हित, जनहित
१०. कामयाब
११. लिपिबद्ध करना
१२. बुलाया गया, निमंत्रित
१३. पीड़ा होना, टीसना
१४. सौभाग्यवी, सधवा
१५. आभास होना, दीप्तिवान होना
१७. अपमानित, निंदित (उर्दू)
१८. जन्मदाता
१९. निर्माण करना, सुधारना
२२. इच्छा, खुशी, मरजी (उर्दू)

### वर्ग पहेली-6359



युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

## चीनी राष्ट्र समुदाय की विचारधारा को मजबूती से बनाएं : शी चिनफिंग

**बीजिंग,** 28 अक्टूबर (एजेंसियां)। चीनी कम्युनिस्ट पार्टी के पोलित ब्यूरो ने 27 अक्टूबर को चीनी राष्ट्र समुदाय की विचारधारा को मजबूती से बनाने के लिए नौवां सामूहिक अध्ययन किया। इस मौके पर सीपीसी की केंद्रीय कमेटी के महासचिव शी चिनफिंग ने कहा कि चीनी राष्ट्र समुदाय की विचारधारा को मजबूती से बनाने का उद्देश्य विभिन्न जातीय लोगों को साझा करने वाले समुदाय की विचारधारा बनाने में मार्गदर्शन देना है। सीपीसी की 20वीं राष्ट्रीय कांग्रेस में बनाई गई योजना का कार्यान्वयन कर राष्ट्रीय एकता और प्रगति का कार्य बढ़ाना होगा, ताकि नए युग में पार्टी के जातीय कार्य का उच्च गुणवत्ता वाला विकास बढ़ा सके। शी चिनफिंग ने कहा कि प्राचीन काल से चीन के विभिन्न जातीय लोगों ने शानदार चीनी सभ्यता बनाई और महान चीनी राष्ट्र बना। सीपीसी हमेशा जातीय कार्य



पर बड़ा ध्यान देती है। सीपीसी की 18वीं राष्ट्रीय कांग्रेस से अब तक सीपीसी ने चीनी राष्ट्र का बड़ा परिवार, चीनी राष्ट्र समुदाय, चीनी राष्ट्र समुदाय की विचारधारा को मजबूत करने और चीनी राष्ट्र समुदाय का निर्माण बढ़ाने में प्रयास किया। जातीय कार्य में नई ऐतिहासिक प्रगति हुई। शी चिनफिंग ने आगे कहा कि सीपीसी की 20वीं राष्ट्रीय कांग्रेस के बाद विभिन्न जातीय लोगों ने चीनी शैली के आधुनिकीकरण से मजबूत देश का निर्माण और महान राष्ट्रीय पुनरुत्थान बढ़ाने की नई यात्रा शुरू कर दी। जातीय कार्य के सामने नई स्थिति और नए मिशन मौजूद हैं।

## पाक में आतंकी घटनाओं में दो सैनिक मारे गए

**इस्लामाबाद**, 28 अक्टूबर (एजेंसियां)। पाकिस्तान के उत्तर-पश्चिमी खैबर पख्तूनख्वा (केपी) प्रांत में दो अलग-अलग आतंकवादी घटनाओं में कम से कम एक आतंकवादी और दो सैनिक मारे गए हैं। पाकिस्तानी सेना की मीडिया शाखा, इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस (आईएसपीआर) ने शनिवार को एक बयान में कहा कि केपी के खैबर जिले के तिराह इलाके में सुरक्षा बलों के खुफिया-आधारित ऑपरेशन में एक आतंकवादी मारा गया और दो अन्य घायल हो गए। कथन। यह मुठभेड़ शुक्रवार को हुई। आईएसपीआर ने कहा कि भीषण गोलीबारी के बाद आतंकवाद विरोधी अभियान में आतंकवादियों को नुकसान हुआ। सुरक्षा बलों ने घायलों को पकड़ लिया है।

आईएसपीआर ने कहा, इन आतंकवादियों के पास से हथियार और गोला-बारूद भी बरामद किए गए, जो सुरक्षा बलों के खिलाफ आतंकवादी गतिविधियों तथा क्षेत्र में निर्दोष नागरिकों की लक्षित हत्या में सक्रिय रूप से शामिल रहे। बयान के अनुसार, एक अन्य घटनाक्रम में, प्रांत के दक्षिण वजीरिस्तान जिले के सरवेकाई इलाके में एक शक्तिशाली विस्फोटक उपकरण में विस्फोट होने से दो युवा सैनिकों की मौत हो गई। आईएसपीआर के मुताबिक इलाके में आतंकवादियों की संभावित मौजूदगी को खत्म करने के लिए सैनिटाइजेशन ऑपरेशन चलाया जा रहा है।

## आज का इतिहास

1709 – इंगलैंड तथा नीदरलैंड ने फ्रांस विरोधी संधि पर हस्ताक्षर किए।
1794 – फ्रांसीसी सेना ने दक्षिण पूर्वी नीदरलैंड के वेनलो पर कब्जा किया।
1851– बंगाल में ब्रिटिश इंडियन एसोसिएशन की स्थापना।
1859 – स्पेन ने अफ्रीकी देश मोरक्को के खिलाफ युद्ध की घोषणा की।
1864 – यूनान ने नया संविधान अंगीकार किया।
1913 – मध्य अमेरिकी देश अल सल्वाडोर में बाढ से हजारों लोग मारे गये।
1920– पूर्व राष्ट्रपति जाकिर हुसैन के प्रयासों से जामिया मिलिया इस्लामिया की स्थापना।
1924 – ब्रिटेन में लेबर पार्टी को संसदीय चुनाव में हार।
1942 – नाजियों ने बेलारूस के पिनस्क में 16 हजार यहूदियों की हत्या की।
1947 – बेल्जियम, लक्जमबर्ग तथा नीदरलैंड ने बेनेलक्स संघ बनाया।
1958 – अमेरिका ने नेवादा में परमाणु परीक्षण किया।
1985 – मुक्केबाजी में भारत को पहला ओलंपिक पदक दिलाने वाले विजेंद्र सिंह का जन्म।
1990 – अफ्रीकी देश अल्जीरिया में भूकंप से 30 लोग मारे गये।
1994 – न्यूयार्क में अमेरिकी भारतीय राष्ट्रीय संग्रहालय का शुभारंभ।

**कूटनीति** प्रस्ताव में हमास के आतंकवादी हमले की निंदा नहीं की गई थी

## भारत ने महासभा में फिलिस्तीन के समर्थन वाले प्रस्ताव का किया विरोध

**संयुक्त राष्ट्र,** 28 अक्टूबर (एजेंसियां)। भारत ने पहली बार फिलिस्तीन मुद्दे का समर्थन करने वाले संयुक्त राष्ट्र महासभा के प्रस्ताव के खिलाफ मतदान किया है। शुक्रवार को प्रस्ताव पर भारत ने इसलिए विरोध किया, क्योंकि इसमें हमास के आतंकवादी हमले की निंदा नहीं की गई थी। महासभा ने नई दिल्ली द्वारा समर्थित एक संशोधन को खारिज कर दिया, जिसमें आतंकवादी समूह का नाम दिया गया था। भारत की उप स्थायी प्रतिनिधि योजना पटेल ने मतदान के बाद कहा, इजरायल में 7 अक्टूबर को हुए आतंकी हमले चौंकाने वाले थे और निंदनीय हैं।

उन्होंने कहा, दुनिया को आतंकी कृत्यों के औचित्य पर विश्वास नहीं करना चाहिए। आइए हम मतभेदों को दूर रखें, एकजुट हों और आतंकवादियों के प्रति शून्य सहिष्णुता का दृष्टिकोण अपनाएं। इजराइल-हमास संघर्ष में संघर्ष विराम और गाजा के लोगों को सहायता प्रदान करने का आह्वान करने वाला प्रस्ताव 120 वोटों से पारित हुआ, जबकि इसके खिलाफ 14 वोट पड़े और 45 देश अनुपस्थित रहे।

इससे इसे उपस्थित और मतदान करने वालों का दो-तिहाई बहुमत मिला। भारत ने कनाडा द्वारा लाए गए प्रस्ताव में संशोधन का समर्थन किया, जिसमें हमास का नाम था और उसके हमले की निंदा की गई थी, लेकिन यह पारित होने में विफल रहा। इसके पक्ष में 88 वोट पड़े, जबकि इसके



खिलाफ 54 वोट पड़े, 23 अनुपस्थित रहे। पटेल ने कहा, आतंकवाद एक घातक बीमारी है

■ गजा के लोगों को सहायता प्रदान करने का आह्वान करने वाला प्रस्ताव 120 वोटों से पारित हुआ

और इसकी कोई सीमा, राष्ट्रीयता या नस्ल नहीं होती। उन्होंने कहा, हमास के हमले इतने बड़े पैमाने और तीव्रता के थे कि यह बुनियादी मानवीय मूल्यों का अपमान है। राजनीतिक उद्देश्यपूर्ण उद्देश्यों को प्राप्त करने के साधन के रूप में हिंसा, अंधाधुंध क्षति पहुंचाती है, और किसी भी टिकाऊ समाधान का मार्ग प्रशस्त नहीं करती है। उन्होंने कहा, हमें उम्मीद है कि इस सभा के विचार-विमर्श से आतंक और हिंसा के खिलाफ एक स्पष्ट संदेश जाएगा और हमारे सामने मौजूद मानवीय संकट का समाधान करते हुए कूटनीति और बातचीत की संभावनाओं का विस्तार होगा।

महासभा की कार्रवाई सुरक्षा परिषद द्वारा गाजा पर चार प्रस्तावों को पारित करने में विफल रहने के बाद हुई, इनमें से एक पर रूस और अमेरिका ने वीटो किया था, और दो को पारित होने के लिए न्यूनतम नौ वोट नहीं मिले थे।

## दुनिया को जानें

### कोविड वायरस में ब्रेन को संक्रमित करने की क्षमता : स्टडी

**लंदन**, 28 अक्टूबर (एजेंसियां)। शोधकर्ताओं ने पहली बार पाया है कि कोविड-19 के पीछे के वायरस सार्स सीओवी-2 के विभिन्न वेरिएंट में सेंट्रल नर्वस सिस्टम को संक्रमित करने की क्षमता होती है। नेचर कम्युनिकेशंस जर्नल में प्रकाशित अध्ययन पुष्टि करता है कि सार्स सीओवी-2 इन विट्रो में मानव न्यूरॉन्स को संक्रमित करने और एक्सोन में स्थानांतरित होने में सक्षम है। एक्सोन नरवस जानकारी रखने वाला तंत्र होता है। अध्ययन में, फ्रांस में इंस्टीट्यूट पाश्चर और यूनिवर्सिटी पेरिस साइट के शोधकर्ताओं ने दिखाया कि वायरस का मूल तनाव सबसे पहले वुहान में पाया गया और गामा, डेल्टा और ओमीक्रॉन/बीए.1 वेरिएंट केंद्रीय तंत्रिका तंत्र में प्रवेश कर सकते हैं और इस अवधि के दौरान वहां रह सकते हैं। शोधकर्ताओं ने देखा कि ये सभी प्रकार सेंट्रल नर्वस सिस्टम में फैलते हैं और ओलफैक्टरी बल्ब को संक्रमित करते हैं। इंस्टीट्यूट पाश्चर के लिसावायरस, महामारी विज्ञान और न्यूरोपैथोलॉजी यूनिट में शोधकर्ता गुइलहर्मे डायस डी मेलो ने कहा, इस अध्ययन में, हमने दिखाया कि ओलफैक्टरी बल्ब का संक्रमण सभी प्रकारों में आम है और यह किसी विशेष प्रकार से जुड़ा नहीं है, न ही एनोस्मिया (गंध की हानि) जैसी किसी विशेष नैदानिक अभिव्यक्ति से जुड़ा हुआ है।

# प्रादेशिकी

**हेमकुंड साहिब और केदारनाथ रोपवे का काम होगा शुरू**

देहरादून। सीएम ने कहा कि 2 दिसंबर 2021 को जब पीएम उत्तराखंड आए थे, उस दौरान लखवाड़ योजना के लिए अनुरोध किया गया था। जिसके बाद 30 दिसंबर को इस परियोजना को भी मंजूरी मिल गई थी। उन्होंने कहा कि तमाम योजनाएं जो लटकी हुई थीं, पीएम मोदी के नेतृत्व में उनको मंजूरी मिली है। साथ ही हल्द्वानी को स्मार्ट सिटी के रूप में बनाने के लिए 1600 करोड़ रुपए की मंजूरी।

## जमरानी बांध खत्म करेगा यूपी व उत्तराखंड की पेयजल समस्याः धामी

■ अमरनाथ तिवारी

**देहरादून,** 28 अक्टूबर (देशबन्धु)। केंद्र सरकार ने जमरानी बांध निर्माण को लेकर

- मुख्यमंत्री ने पीसी कर पीएम मोदी का जताया आभार
- जमरानी बांध परियोजना 1975 से स्वीकृति के चलते अटकी हुई थी
- परियोजना के तहत हर साल 42 एमसीएम पेयजल की सुविधा मिलेगी

मंजूरी दे दी है। जिसके बाद आज सीएम पुष्कर सिंह धामी ने प्रेस वार्ता आयोजित की



है। इसी बीच उन्होंने कहा कि जमरानी बांध निर्माण के बाद उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड में सिंचाई और पेयजल की समस्या खत्म होगी। साथ ही दोनों राज्यों के कई गांव रोशनी से जगमग होंगे। सीएम पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि जमरानी बांध परियोजना 1975 से स्वीकृति के चलते अटकी हुई थी। इस परियोजना के लिए जल शक्ति मंत्रालय समेत पीएम से भी अनुरोध किया गया था। जिसके बाद इस परियोजना की राह खुली। उन्होंने कहा कि जमरानी बांध परियोजना निर्माण की कुल लागत में से 90 फीसदी हिस्से के रूप में भारत सरकार ने 1730.20 करोड़ की स्वीकृति पीएमकेएसवाई के तहत दे दी है। 10 फीसदी हिस्सा उत्तराखंड और उत्तर प्रदेश सरकार के बीच पहले हो चुके एमओयू के तहत वहन किया जाएगा। इस परियोजना के तहत हर साल 42 एमसीएम पेयजल की सुविधा मिलेगी। साथ ही 63 मिलियन यूनिट जल विद्युत उत्पादन का भी प्रावधान है। उन्होंने कहा कि पीएम जब भी उत्तराखंड आते हैं, तो उत्तराखंड वासियों के लिए एक उत्सव जैसा होता है।

## धामी के नेतृत्व में प्रदेश में ऐतिहासिक कार्यों की नीव रखी जा रही: द्विवेदी

**देहरादून,** 28 अक्टूबर (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री पुष्कर धामी के नेतृत्व में प्रदेश में ऐतिहासिक कार्यों की नीव रखी जा रही है। भाजपा प्रदेश प्रवक्ता हेमंत द्विवेदी ने कहा कि राज्य के यशश्वी मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा राज्यहित में लगातार लिए ऐतिहासिक निर्णयों ने उन्हें जानता के बीच और भी लोकप्रिय बनाने का काम किया है। यशश्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में सीएम पुष्कर धामी द्वारा इन्वेस्टर समिट, जमरानी बांध परियोजना, मानसखंड मंदिर माला परियोजना के अंतर्गत कुमाऊं के 28 मंदिरों का सौंदर्यकरण, कैची धाम मास्टर प्लान और सौंदर्यकरण की ओर कार्य गतिमान हैं, वही एचएमटी की भूमि को राज्य सरकार को हस्तांतरित समेत कई कार्य में महत्वपूर्ण योगदान रहा है।

**कुमाऊं में 28 मंदिरों का हो सौदर्यकरण**

प्रदेश प्रवक्ता हेमंत द्विवेदी ने बताया की उत्तराखंड के लिए महत्वपूर्ण जमरानी बांध परियोजना को केंद्रीय कैबिनेट ने अपनी मंजूरी प्रदान कर दी है। इसके लिए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार जताया। उन्होंने कहा कि इस बांध परियोजना के निर्माण का रास्ता साफ होने से हल्द्वानी व आसपास के क्षेत्र में पेयजल एवं सिंचाई की समस्या का समाधान होगा। उन्होंने बताया की जमरानी बांध परियोजना का निमार्ण काठगोदाम से 10 किलोमीटर अपस्ट्रीम में गौला नदी पर होना है। परियोजना से डेढ़ लाख हेक्टेयर भूमि को सिंचाई की सुविधा मिलेगी। इसके साथ ही हल्द्वानी शहर को वर्षभर 42 एमसीएम पेयजल उपलब्ध कराया जा सकेगा। जिससे क्षेत्रफल में बढ़ते हुए हल्द्वानी शहर को पेयजल मिल पाएगा। उन्होंने बताया की जमरानी बांध परियोजना में 1236 ग्रामीण प्रभावित हो रहे हैं और इनको तीन श्रेणियों में बांटा गया है। इनमें से श्रेणी एक में शामिल 209 परिवारों को प्राग फार्म में रहने और खेती के लिए एक-एक एकड़ जमीन दी जानी है। उन्होंने बताया की 1975 में तत्कालीन केंद्र सरकार ने जमरानी बांध निर्माण को मंजूरी दी थी और 1976 में इसका शिलान्यास भी कर दिया गया था। लेकिन यह परियोजना इससे आगे नहीं बढ़ सकी थी। वही उन्होंने बताया की जमरानी बांध परियोजना की 2018 में निर्धारित दरों के हिसाब से परियोजना की लागत 2584.1 करोड़ रुपये थी। वर्तमान में इसकी लागत 3756.44 करोड़ रुपये पहुंच गई है। चार दशकों के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के निर्देशन में राज्य के मुख्यमंत्री पुष्कर धामी के प्रयासों से इस परियोजना में पंख लगने जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री पुष्कर धामी के प्रयासों से केंद्रीय भारी उद्योग मंत्रालय ने नैनीताल के रानीबाग स्थित एचएमटी की बहुप्रतिक्षित 45.33 एकड़ भूमि उत्तराखंड सरकार को हस्तांतरित कर दी। राज्य सरकार कई वर्षों से भूमि प्राप्त करने के लिए केंद्र सरकार से अनुरोध कर रही थी। राज्य सरकार द्वारा भविष्य में इस भूमि पर मिनी सिडकुल का निर्माण करने की योजना है। मिनी सिडकुल बनने से कुमाऊंभर के युवाओं के लिए रोजगार के रास्ते खुलेंगे, और राज्य के युवा खुशहाली की ओर बढ़ेंगे। विश्व प्रसिद्ध कैची धाम का मास्टर प्लान के तहत सौंदर्यकरण और कैची धाम कॉरिडोर को विकसित करने की दिशा में मुख्यमंत्री पुष्कर धामी के निर्देश पर पहले फेस का कार्य जल्द शुरू किया होगा।

## मेरी माटी मेरा देश कलश यात्रा सक शहीदों को किया स्मरणः सीएम

देहरादून। दिल्ली के कर्त्तव्य पथ पर 31 अक्टूबर को 'मेरी माटी मेरा देश' कार्यक्रम के अंतिम चरण का कार्यक्रम आयोजित होने जा रहा है। जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शामिल होंगे। इसी क्रम में प्रदेश भर के तमाम हिस्सों से एकत्र की गई मिट्टी को प्रदेश के करीब 192 लोग इस अमृत कलश को बस के माध्यम से दिल्ली लेकर जाएंगे। इसके चलते देहरादून में राज्य स्तरीय अमृत कलश यात्रा के लिए कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आयोजित कार्यक्रम में सीएम धामी ने राज्य स्तरीय अमृत कलश यात्रा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। 'मेरी माटी मेरा देश' कार्यक्रम को राष्ट्रव्यापी अभियान के रूप में मनाया जा रहा है, जिसके तहत देश के लिए अपने प्राणों का बलिदान देने वाले 'वीरों' को सम्मानित किया जा रहा है। इस अभियान के तहत देशभर के 4419 ब्लॉकों में कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान देश के हर कोने से मिट्टी एकत्र की गई, जिसे एक कलश में रखकर 'आजादी का अमृत महोत्सव' के समापन यानी 31 अक्टूबर को अमृत वाटिका और अमृत महोत्सव स्मारक में स्थापित किया जाएगा। सीएम धामी ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि, देश के अंदर जितने भी अभियान चलते हैं वो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से शुरू किये गये हैं। इसी क्रम में मेरी माटी मेरा देश अभियान शुरू किया गया। यह कलश यात्रा हमारे शहीदों के स्मरण के लिए चलाई जा रही है। इस यात्रा के तहत अमर शहीदों के पावन भूमि की मिट्टी कर्तव्य पथ पर पहुंचाई जा रही है। 7500 कलशों के जरिए देश के तमाम हिस्से से दिल्ली पहुंचने वाली मिट्टी को अमृत वाटिका और अमृत महोत्सव स्मारक में स्थापित किया जाएगा।

**सार संक्षेप**

### डीएम दीक्षित ने किया धनोल्टी तहसील का निरीक्षण

**नई टिहरी।** जिलाधिकारी मयूर दीक्षित ने शनिवार को तहसील धनोल्टी का निरीक्षण किया। इस दौरान जिलाधिकारी ने तहसील परिसर, संग्रह अधिष्ठान कक्ष, रजिस्ट्रार कानूनगो कक्ष, सभागार कक्ष, आवासीय भवन, पार्किंग, पेयजल व्यवस्था, साफ-सफाई, सीसी टीवी कैमरे आदि का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने तहसील पार्किंग में टू व्हीलर और फॉर वीलर पार्क करने हेतु व्यवस्थित करने, बोर्ड लगाने तथा पार्किंग शुल्क बढ़ाने के लिए एसडीएम को निर्देश दिए, ताकि लोगो को सुविधा हो, रोड़ खाली रहे तथा सरकारी परिसंपति का सही उपयोग हो सके। इसके साथ ही तहसील की कैंटीन को ठीक करवाने तथा उसमें शौचालय बनाने, आवासीय भवनों की छत एवं आस पास साफ सफाई करने के निर्देश दिए गए। तत्पचात जिलाधिकारी द्वारा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र धनोल्टी में चिकित्सा कक्ष, टीकाकरण कक्ष का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। इस मौके पर एसडीएम धनोल्टी मंजू राजपूत, एडीआईओ सूचना भजनी भंडारी, तहसीलदार आर.पी. ममगाई सहित तहसील के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

### चंद्र ग्रहण के कारण हरिद्वार में समय से पहले हुई गंगा आरती

**हरिद्वार।** आज इस साल का दूसरा और अंतिम चंद्र ग्रहण है, जिसको देखते हुए विश्व प्रसिद्ध हर की पैड़ी पर होने वाली संध्याकालीन आरती आज सूतक काल से पहले ही दोपहर 3 बजे ही की गई। आम दिनों की बात करें तो हरकी पैड़ी पर संध्या कालीन आरती 6 बजकर 30 मिनट पर शुरू की जाती थी। ज्यादा जानकारी देते हुए श्री गंगा सभा के सचिव उज्वल पंडित ने बताया कि आज हर की पैड़ी पर होने वाली आरती को चंद्र ग्रहण के कारण पहले ही कर लिया गया है। इसी के साथ उज्वल पंडित ने बताया कि चंद्र ग्रहण का सूतक काल 4रू05 बजे आरंभ हो जाएगा। जिसको देखते हुए उससे पहले ही मां गंगा की संध्या कालीन आरती कर ली गई है।उज्वल पंडित ने कहा कि सूतक काल प्रारंभ होने से पहले ही मां गंगा के मंदिर के कपाट को बंद कर दिया जाएगा। जैसे ही चंद्र ग्रहण समाप्त होगा, उसके बाद मां गंगा के जल से मंदिर को पूरी तरह धोकर मंदिर के कपाटों को खोला जाएगा। चंद्र ग्रहण आज 28- 29 अक्टूबर की मध्य रात्रि यानी 29 अक्टूबर को 1 बजकर 6 मिनट पर शुरू होगा और देर रात 2 बजकर 22 मिनट पर समाप्त होगा। कुल मिलाकर 1 घंटे 16 मिनट का चंद्र ग्रहण लगेगा। उपछाया से पहला स्पर्श देर रात 11 बजकर 32 मिनट पर होगा। भारत समेत एशिया के कई अन्य देशों में चंद्र ग्रहण दिखाई देगा। चंद्र ग्रहण के दौरान सूतक काल 9 घंटे का होता है। अतः सूतक 28 अक्टूबर को शाम 4 बजकर 6 मिनट से शुरू होगा।

### सुडोकू 6360 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 8 | 7 | 1 | 4 | 2 | 6 | 9 | 3 |
| 3 | 4 | 2 | 7 | 9 | 6 | 8 | 5 | 1 |
| 9 | 1 | 6 | 5 | 3 | 8 | 2 | 4 | 7 |
| 1 | 9 | 4 | 2 | 7 | 5 | 3 | 8 | 6 |
| 8 | 2 | 5 | 3 | 6 | 4 | 1 | 7 | 9 |
| 7 | 6 | 3 | 9 | 8 | 1 | 5 | 2 | 4 |
| 4 | 3 | 1 | 8 | 5 | 9 | 7 | 6 | 2 |
| 6 | 7 | 8 | 4 | 2 | 3 | 9 | 1 | 5 |
| 2 | 5 | 9 | 6 | 1 | 7 | 4 | 3 | 8 |

## नैनीताल में गड़बड़ा सकता है भाजपा का गणित

**हल्द्वानी,** 28 अक्टूबर (देशबन्धु)। लोकसभा चुनाव को लेकर बीजेपी और कांग्रेस ने तैयारियां तेज कर दी हैं। ऐसे में संभावित दावेदार अपनी अपनी दावेदारी कर चुनाव लड़ने की मंशा जताई है। उत्तराखंड कांग्रेस के दिग्गज नेता एवं नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य ने नैनीताल उधमसिंह नगर लोकसभा सीट पर अपनी मजबूत दावेदारी पेश कर दी है। जिससे बीजेपी खेमे में हलचल मचनी तय है, अगर यशपाल आर्य को टिकट मिला तो वो बीजेपी के 'गणित' को गड़बड़ा सकते हैं।

**नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य नैनीताल से बनना चाहते है सांसद**

हल्द्वानी स्थित अपने आवास पर नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि उन्होंने हमेशा से पार्टी के हर फैसले का सम्मान किया है। पार्टी के हर छोटे और बड़े नेता को साथ लेकर चलने का काम किया है। पार्टी के कई नेता और कार्यकर्ताओं की यह मांग है कि वो नैनीताल उधम सिंह नगर लोकसभा सीट से चुनाव लड़े। क्योंकि इन दोनों सीटों की कई विधानसभा में वह चुनाव लड़कर सदन में क्षेत्र की आवाज को उठा चुके हैं। जिससे उनको क्षेत्र की हर भौगोलिक और राजनैतिक परिस्थितियों के बारे में अच्छे से पता है।

यदि पार्टी आला कमान ने उन पर भरोसा जताया तो वह पूरी मजबूती से नैनीताल उधम सिंह नगर लोकसभा सीट पर चुनाव लड़ेंगे। यशपाल आर्य ने कहा कि पार्टी आलाकमान का हर निर्णय उनके लिए सर्वोपरि है। आला कमान ने उनको लोकसभा चुनाव लड़ने का आदेश किया तो वह पूरी मजबूती से चुनाव लड़ेंगे। उन्होंने कहा कि वह इस दौड़ में नहीं हैं, लेकिन पार्टी जिसको भी टिकट देगी उसका वह सम्मान करेंगे। उन्होंने कहा कि वो उधम सिंह नगर से लेकर नैनीताल क्षेत्र की जनता के बीच हमेशा जाते रहते हैं। अगर पार्टी उनको टिकट देती है तो वो पार्टी की उम्मीदों पर खरा उतरेंगे।

## पोर्टलधारी गठबंधन सरकार किसानों के लिए बनती जा रहा है परेशानी का सबबः कुमारी सैलजा

**चंडीगढ़,** 28 अक्तूबर (देशबन्धु)। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की राष्ट्रीय महासचिव, पूर्व केंद्रीय मंत्री, कांग्रेस कार्य समिति की सदस्य और हरियाणा कांग्रेस की पूर्व प्रदेशाध्यक्ष कुमारी सैलजा ने कहा कि पोर्टलधारी भाजपा-जजपा गठबंधन सरकार प्रदेश के हर वर्ग के हर व्यक्ति कर्मचारी के लिए परेशानी का सबब बनती जा रही है, किसान तो इस सरकार की नीतियों के चलते सिर पकडकर बैठा हुआ है जो इस समय मानसिक और आर्थिक तौर से टूट चुका है। डबवाली क्षेत्र के किसानों ने मेरा फसल मेरा ब्यौरा के तहत फसलों का पंजीकरण करवाया था वह पंजीकरण कैथल, पलवल और अन्य जिलों में दिखा रहा है जिसके चलते न तो किसान अपनी फसल बेच पा रहा है और न ही गुलाबी सुंडी से बर्बाद हुई कपास की फसल का उसे मुआवजा मिल पाएगा। सरकार के जनविरोधी रवैये के चलते जनता में सरकार के प्रति आक्रोश है



- मेरी फसल मेरा ब्यौरा पोर्टल पर डबवाली के किसानों की फसल का पंजीकरण दूसरे जिलों में दिखाया
- किसान न तो मंडी में फसल बेच पा रहा है और न ही सुंडी से बर्बाद हुई फसल का मिल सकेगा मुआवजा

और जनता आगामी चुनाव में इस सरकार को सबक सिखाने के लिए तैयार हो चुकी है।

मीडिया को जारी एक बयान में कुमारी सैलजा ने कहा है कि प्रदेश की भाजपा-जजपा गठबंधन की पोर्टलधारी सरकार की पोल दिन प्रति दिन परत दर परत खुलती जा रही है। एक के बाद एक फर्जीवाड़ा और घोटाला सामने आ रहा है। सरकार के शोषित और पीड़ित व्यक्ति अपनी शिकायत को लेकर अधिकारियों और कर्मचारियों पास जाता हैं पर उसकी कोई सुनवाई नहीं होती और उच्चाधिकारी या सरकार के विधायक, मंत्री और मुख्यमंत्री केवल आश्वासन देकर उसे टरका देते हैं। प्रॉपर्टी आईडी का सच सामने आ चुका है। उन्होंने कहा कि इस सरकार ने किसानों को परेशान करने के लिए उसके साथ पोर्टल-पोर्टल खेलना शुरू हुआ। पहले तो किसानों को मेरी फसल मेरा ब्योरा पोर्टल पर फसल के पंजीकरण के लिए भटकना पड़ता है और जब पंजीकरण पूरा हुआ तो पता चला कि पंजीकरण किसी दूसरे जिले में दिखाया जा रहा है।

## भविष्योन्मुखी पाठ्यक्रम शुरू करने की दिशा में आगे बढ़ रही सुक्खू सरकार

**शिमला,** 28 अक्टूबर (देशबन्धु)। बदलते परिवेश के साथ शिक्षा के क्षेत्र में भी बदलाव आया है। सूचना प्रौद्योगिकी के बढ़ते उपयोग से इस क्षेत्र से संबंधित नए पाठ्यक्रम शुरू करना समय की मांग है। वर्तमान प्रदेश सरकार मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू के दूरदर्शी नेतृत्व में शिक्षा क्षेत्र में अत्याधुनिक पाठ्यक्रम शुरू करने की दिशा में आगे बढ़ रही है। मुख्यमंत्री का मानना है कि आधुनिक व भविष्योन्मुखी विषयों से संबंधित शिक्षा से युवाओं को रोजगार व स्वरोजगार से जोड़ने में मदद मिलेगी और उनकी ऊर्जा का भी बेहतर दोहन किया जा सकता है।



इंटरनेट ऑफ थिंग्स, मैक्ट्रोनिक्स, सौर टैक्निशियन तथा इलैक्ट्रिक व्हीकल मैकेनिक जैसे नए क्षेत्रों में रोजगार व स्वरोजगार की अपार संभावनाएं हैं। प्रदेश सरकार इन क्षेत्रों में युवाओं को शिक्षित व प्रशिक्षित करने के लिए विशेष प्रोत्साहन प्रदान कर रही है। इसी का परिणाम है कि वर्ष 2023-24 के दौरान राज्य के 17 राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में आधुनिक प्रासंगिक व्यवसायों की 19 इकाइयां शुरू की गई हैं। इनमें आईटीआई रैल, ऊना, पालमर्फिशियल इंटेलिजेंस एवं डाटा साइंस), राजकीय बहुतकनीकी संस्थान रोहड़ू में कंप्यूटर इंजीनियरिंग एवं आइईओटी डिप्लोमा कोर्स तथा राजकीय बहुतकनीकी संस्थान चम्बा में मैक्ट्रोनिक्स डिप्लोमा कोर्स शैक्षणिक सत्र 2023-24 से आरंभ कर दिए गए हैं। इनमें लगभग शत-प्रतिशत प्रवेश दर्ज हुआ है। इसके अतिरिक्त अटल बिहारी वाजपेयी राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज प्रगतिनगर में इलैक्ट्रॉनिक्स एवं कम्यूनिकेशन इंजीनियरिंग का डिप्लोमा कोर्स इसी शैक्षणिक सत्र से आरंभ किया गया है।

युवाओं के सर्वांगीण विकास के दृष्टिगत विभिन्न प्रोत्साहन योजनाएं भी सफलतापूर्वक क्रियान्वित की जा रही हैं। भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थानों के साथ मिलकर उन्हें शैक्षणिक आदान-प्रदान का अवसर भी प्रदान किया जा रहा है। राजकीय बहुतकनीकी संस्थानों के 38 बच्चों तथा इंजीनियरिंग कॉलेजों व बहुतकनीकी संस्थानों के 20 संकाय को आईआईटी मंडी में एक सप्ताह का रोबोटिक प्रशिक्षण प्रदान किया गया। राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेजों के 20 संकाय को सेमीकंडक्टर इको सिस्टम के लिए आईआईटी रोपड़ एवं दिल्ली भेजा गया है। राजकीय बहुतकनीकी एवं इंजीनियरिंग के 10 संकाय एवं 10 छात्र-छात्राओं को भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान ऊना में पांच दिन के मशीन लर्निंग एवं एप्लीकेशन में आधुनिक विकास कोर्स के लिए भेजा गया।

## उद्यान घोटाले के खिलाफ कांग्रेस का दून व हरिद्वार में प्रदर्शन

**देहरादून,** 28 अक्टूबर (देशबन्धु)। उद्यान विभाग के घोटाले में बीजेपी विधायक के भाई का नाम सामने आने के बाद कांग्रेस को एक बार फिर से सरकार को घेरने का मौका मिल गया है। उद्यान विभाग में हुए घोटाले समेत अन्य घपलों पर कांग्रेस ने बीजेपी सरकार को निशाने पर लिया और प्रदेश भर में आज राज्य सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया।

■ सीएम धामी व उद्यान मंत्री का मांगा इस्तीफा

हरिद्वार में कांग्रेस के जिला अध्यक्ष सतपाल ब्रह्मचारी ने कहा कि एक तरफ बीजेपी सरकार जीरो टॉलरेंस की बात करती है, वहीं, दूसरी तरफ बीजेपी सरकार में नए-नए घोटाले हो रहे हैं। उद्यान विभाग के घोटाले में तो उत्तराखंड हाईकोर्ट तक को कहना पड़ा है कि इस मामले की सीबीआई जांच कराई जाए। लगातार बीजेपी सरकार में हो रहे घोटालों को लेकर कांग्रेस ने प्रदेश अध्यक्ष करण माहरा के आह्वान पर हरिद्वार में विरोध प्रदर्शन किया और सरकार का असली चेहरा जनता को दिखाया है।

कांग्रेसी नेताओं ने सीबीआई की उस कार्रवाई का भी विरोध किया है, जिसमें सीबीआई ने हरीश रावत को समन जारी किया है। कांग्रेस का कहना है कि सड़क हादसे में घायल होने के बाद हरीश रावत हॉस्पिटल में अपना इलाज करा रहे है। वहीं सीबीआई उन्हें हॉस्पिटल में जाकर समन दे रही है।कांग्रेस का कहना है कि सीबीआई को कम से कम हरीश रावत के ठीक होने तक का तो इंतजार करना चाहिए था। कांग्रेस इस कार्रवाई की निंदा करती है। सतपाल ब्रह्मचारी ने कहा कि उत्तराखंड में जिस तरह के रोज-रोज नए घोटाले हो रहे हैं, उसके लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का इस्तीफा लेना चाहिए।

उद्यान विभाग के घोटाले को लेकर कांग्रेस ने राजधानी देहरादून में भी सरकार के खिलाफ हल्ला बोल किया है। यहां कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने बीजेपी सरकार का पुतला दहन किया है। देहरादून में कांग्रेस के महानगर अध्यक्ष जसविंदर गोगी ने कहा कि बीजेपी सरकार में नित नए-नए घोटाले हो रहे हैं, लेकिन सरकार दोषियों को सजा देने के बजाए इन पर लीपापोती करने में लगी हुई है।

कांग्रेस का आरोप है कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी खुद घोटाले में लिप्त अधिकारियों और मंत्रियों को संरक्षण दे रहे हैं। राजनीति में नैतिकता का बहुत बड़ा स्थान होता है।

## कोटद्वार और आनंद विहार टर्मिनल के बीच चलने वाली रेलगाड़ी को हरी झंडी

**नई दिल्ली,** 28 अक्टूबर (देशबन्धु)। पुष्कर सिंह धामी, माननीय मुख्यमंत्री, उत्तराखंड ने कोटद्वार और आनंद विहार टर्मिनल (दिल्ली) के बीच चलने वाली नई रेलगाड़ी सेवा संख्या 14090/14089 को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उत्तराखंड के माननीय मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आज देहरादून से एक वर्चुअल वीडियो लिंक के माध्यम से कोटद्वार-आनंद विहार टर्मिनल (दिल्ली)-कोटद्वार के बीच रेलगाड़ी सं 14090/14089 की उद्घाटन यात्रा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर कोटद्वार रेलवे स्टेशन और रेलवे बोर्ड में एक साथ समारोह आयोजित किए गए। श्रीमती रितु खंडूरी भूषण, स्पीकर लेजिस्लेटिव असेंबली, उत्तराखंड, श्री अनिल बलूनी, संसद सदस्य, राज्य सभा (रेलवे बोर्ड में उपस्थित), श्री तीरथ सिंह रावत,



संसद सदस्य, लोकसभा और डॉ. रमेश चंद्र पोखरियाल निशंक पूर्व मुख्यमंत्री, उत्तराखंड और संसद सदस्य, लोकसभा सम्मानित अतिथियों में शामिल हुए। साथ ही, कई अन्य गणमान्य व्यक्ति भी उपस्थित थे। रेलगाड़ी सं.-14090/14089 की समय सारणी

ट्रेन सं. 14090/14089 कोटद्वार-आनंद विहार ट. (दिल्ली)-कोटद्वार सेवा कोटद्वार (उत्तराखंड) और राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली (आनंद विहार ट.) के बीच एक सुविधाजनक रात्रिकालीन ट्रेन सेवा प्रदान करेगी। ट्रेन सं. 14090 कोटद्वार-आनंद विहार ट., कोटद्वार से रात्रि 22:00 बजे प्रस्थान कर अगले दिन प्रात: 04:35 बजे आनंद विहार ट. पहुंचेगी। इसकी वापसी सेवा ट्रेन सं. 14089 आनंद विहार ट. -कोटद्वार एक्सप्रेस, आनंद विहार ट. से रात्रि 21ः45 बजे प्रस्थान कर अगले दिन 3:50 बजे कोटद्वार पहुंचेगी। यह रेल सेवा दोनों दिशाओं में मेरठ सिटी, मुजफ्फरनगर, देवबंद, रूड़की, लक्सर, मुअज्जमपुर नारायण, नजीबाबाद और सानेह रोड पर रुकेगी। यह एक दैनिक सेवा होगी। इस ट्रेन में यात्रियों के लिए एसी-थ्री टियर, स्लीपर क्लास और जनरल क्लास कोच उपलब्ध होंगे। इस अवसर पर संबोधित करते हुए, उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने उत्तराखंड राज्य के लोगों के लिए यह बहुप्रतीक्षित सेवा प्रदान करने के लिए माननीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव और भारतीय रेल के प्रति आभार व्यक्त किया। महाप्रबंधक शोभन चौधुरी ने समारोह में उपस्थित गणमान्य व्यक्तियों का स्वागत संबोधन किया और मण्डल रेल प्रबंधक, मुरादाबाद, राजकुमार सिंह ने कोटद्वार स्टेशन पर उपस्थित विशाल जनसमूह को धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया।

## हर मोर्चे पर फेल रही है हिमाचल की कांग्रेस सरकारः ठाकुर

**शिमला,** 28 अक्टूबर (एजेंसियां)। हिमाचल प्रदेश के नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा है कि वर्तमान में राज्य की कांग्रेस सरकार हर मोर्चे पर फेल हो गई है। सरकार बने एक साल होने को है और अब तक एक भी वादा पूरा नहीं कर पाई है। प्रदेश में विकास के सारे कार्य ठप पड़े हैं।



श्री ठाकुर ने शिमला के ठियोग में पंचायत समिति सदस्य के प्रशिक्षण वर्ग को संबोधित करते हुए इस आशय का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि देश के लोकतंत्र में पंचायत की इकाई सबसे महत्वपूर्ण है। पंचायत स्तर पर भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता एक-एक व्यक्ति से जुड़े और लोगों को केंद्र सरकार और प्रधानमंत्री द्वारा चलाई जा रही जनहित की योजनाओं के बारे में बताए। हर लाभार्थी तक केंद्र की योजनाएं पहुंचे, यह भी सुनिश्चित करना कार्यकर्ता की ज़िम्मेदारी है।

श्री ठाकुर ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा समाज के हर वर्ग के लिए योजनाएं चलाई जा रही हैं। जिससे देश के हर वर्ग का समुचित विकास हो सके।

उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता ही पार्टी का आधार होते हैं। भाजपा आज दुनिया की सबसे बड़ी राजनैतिक पार्टी है। भाजपा में सबसे ज़्यादा कार्यकर्ता हैं। लोकतांत्रिक प्रक्रिया में विश्वास रखने वाली भारतीय जनता पार्टी में हर कार्यकर्ता को शीर्ष पर पहुंचने का अवसर मिलता है। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि पूर्ण समर्पण और अनुशासन के साथ जन-जन से जुड़कर पार्टी को मज़बूत करने के लिए काम करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि हर बूथ और हर पंचायत से बीजेपी को मज़बूत बनाकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथों को मज़बूत करना है।

# प्रादेशिकी

## फर्रुखाबाद में श्रीराम कथा का किया गया भव्य आयोजन

**फर्रुखाबाद,** 28 अक्टूबर (देशबन्धु)। पांडेश्वर नाथ शिवालय (पडाबाग) में श्री रामकथा आचार्य श्री अमरीश जी के द्वारा प्रारंभ हुई। कथा प्रारंभ होने से पूर्व लोहाई रोड स्थित राधा श्याम मंदिर से कलश यात्रा निकाली गई जो की कथा स्थल पंडाल पर आकर संपन्न हुई। इसके उपरांत पूजन के बाद कथा का शुभारंभ किया गया इस रामकथा का आयोजन श्री दुर्वासा ऋषि आश्रम के महंत श्री ईश्वर दास ब्रह्मचारी जी के सरक्षकक्तव किया जा रहा है। इस राम कथा के आयोजन समिति के सदस्यों में प्रमुख रूप से फर्रुखाबाद विकास मंच के जिला अध्यक्ष भईयन मिश्रा, प्रिंस शुक्ला, हिंदू महासभा युवा के प्रदेश अध्यक्ष विमलेश मिश्रा, कथा के व्यवस्थापक कोमल पांडे, सुरेश दीक्षित, मोहित खन्ना, सौरभ मिश्रा, हिंदू महासभा के जिला अध्यक्ष क्रांति पाठक, राजीव तिवारी, विनय दीक्षित, प्रशांत मिश्रा आदि मौजूद रहे।

# भारत को आज संकटमोचक के रूप में देख रही दुनिया : योगी

**लखनऊ,** 28 अक्टूबर (देशबन्धु)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत पूरी दुनिया को

■ मेरी माटी मेरा देश अमृत कलश यात्रा के आयोजन में शामिल हुए मुख्यमंत्री

शांति, सौहार्द और कल्याण की राह दिखाने वाला देश बन चुका है। दुनिया आज भारत को संकटमोचक के रूप में देख रही है। हम आजादी के अमृत काल के प्रथम वर्ष में प्रवेश कर चुके हैं। अगले 25 साल के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने हमें पंच प्रण का विराट संकल्प दिया है। हर देशवासी इस संकल्प के साथ आगे बढ़ेगा तो निश्चित ही भारत आने वाले वर्षों में दुनिया की बड़ी ताकत के रूप में सबके सामने होगा। यह बातें शनिवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मेरी माटी मेरा देश-अमृत कलश यात्रा के राज्यस्तरीय आयोजन के दौरान कही।



**आगामी 25 साल में हमें भारत को विकसित भारत के रूप में स्थापित करना है : योगी आदित्यनाथ**

मुख्यमंत्री ने इससे पहले गोमती तट स्थित वसुधा वंदन अमृत वाटिका, झूलेलाल पार्क में आयोजित कार्यक्रम में लगी चित्र प्रदर्शनी का भी अवलोकन किया। कार्यक्रम के दौरान संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार की ओर से मेरी माटी मेरा देश पर आधारित लघु चलचित्र का प्रदर्शन किया गया। वहीं मुख्यमंत्री ने माटी को वंदन, वीरों को नमन कार्यक्रम में प्रदेशभर से अमृत कलश लेकर लखनऊ पहुंचे स्वयंसेवकों का स्वागत एवं अभिनंदन किया। अपने उद्बोधन में मुख्यमंत्री ने कहा कि पहली बार पूरा देश राष्ट्रीय आयोजनों में एकजुट होकर इसका हिस्सा बन रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आह्वान पर देश के हर घर पर तिरंगा फहराया गया। साबरमती के तट पर 21 मार्च 2021 को जिस अमृत महोत्सव का पीएम मोदी ने शुभारंभ किया उसका विराट स्वरूप हमें 15 अगस्त 2023 को देखने को मिला। मुख्यमंत्री ने प्रदेश के गांव-गांव, विकास खंड और नगर निकायों से अमृत कलश के जरिए मातृभूमि का वंदन और वीरों को नमन करते हुए यहां पहुंचे सभी वॉलेंटियर्स की सराहना की।

### अमृत कलश लेकर आए वॉलेंटियर्स का किया स्वागत

इस दौरान विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जिसमें भातखंडे संगीत विश्वविद्यालय के 75 विद्यार्थियों द्वारा वंदेमातरम का समवेत गायन, इसके अलावा विभिन्न वाद्ययंत्रों द्वारा वैष्णव जन तो तेने कहिए और सारे जहां से अच्छा हिन्दोसतां हमारा की प्रस्तुति हुई। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने वीरों, शहीदों और स्वतंत्रता सेनानियों के परिजनों का सम्मान किया। इसके अलावा विभिन्न जनपदों से अमृत कलश लेकर लखनऊ पहुंचे वॉलेंटियर्स को भी सम्मानित किया गया।



## सुभारती विश्वविद्यालय में फैकल्टी इंडक्शन प्रोग्राम का आयोजित

**मेरठ,** 28 अक्टूबर (देशबन्धु)। स्वामी विवेकानंद सुभारती विश्वविद्यालय में फैकल्टी इंडक्शन प्रोग्राम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य नवनियुक्त शिक्षकों को विश्वविद्यालय के विभिन्न पहलुओं और नीतियों के बारे में जागरूक करना रहा।

कार्यक्रम का शुभारंभ विश्वविद्यालय के कुलपति मेजर जनरल डॉ. जी. के. थपलियाल, प्रतिकुलपति डॉ. अभय शंकरगौड़ा, डीन एवं डायरेक्टर मैनेजमेन्ट एंड कॉमर्स डॉ. आर. के. घई एवं डायरेक्टर आइक्यूएसी डॉ. कपिल कुमार ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। कुलपति मेजर जनरल डॉ.जी.के.थपलियाल ने अपने वक्तव्य में नव नियुक्त शिक्षकों का स्वागत किया तथा शिक्षकों को उनके स्वर्णिम भविष्य के निर्माण करने के लिए गीता के श्लोक का उदाहरण देते हुए प्रेरणा प्रदान की। उन्होंने कहा की एक अच्छा अध्यापक वही है जो विद्यार्थियों के समक्ष खुद का उदाहरण प्रस्तुत करें। उन्होंने रविंद्र नाथ टैगोर की पंक्तियों का उल्लेख करते हुए कहा कि एक शिक्षक को एक मोमबत्ती की भांति पहले खुद को जलाना होगा, तभी वह दूसरों को प्रकाशित कर पाएगा।

## वाल्मीकि जयंती पर सफाई कर्मचारियों को किया गया सम्मानित

**मवाना,** 28 अक्टूबर (देशबन्धु)। नगर के मिल रोड स्थित वाल्मीकि मन्दिर में महर्षि वाल्मीकि की जयन्ती पर पालिका सभासदों व कर्मचारियों के साथ पालिका अध्यक्ष अखिल कुमार कौशिक रामायण व सुन्दर पाठ का आयोजन कराया। इस कार्यक्रम में पूर्व विधायक व पूर्व मंत्री प्रभुदयाल भी शामिल हुए। रामायण व सुन्दर पाठ आठ घंटे तक निरन्तर कराया गया। रामायण व सुन्दर पाठ के बाद पालिका अध्यक्ष अखिल कुमार कौशिक व पूर्व विधायक प्रभुदयाल वाल्मीकि ने सफाई मित्र सुरक्षा एवं सम्मान दिवस समारोह के अन्तर्गत पालिका के सफाई मित्रों को प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया गया।



पालिका ने नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मवाना में पालिका के सफाई मित्रों के स्वास्थ्य परीक्षण कराया। इसमें पालिका अध्यक्ष के अलावा सभासद मुकेश रानी, विशाल कुमार, पूर्व सभासद राजेन्द्र चौहान, अवर अभियन्ता मूलचन्द, राजस्व निरीक्षक मोहित कुमार, पालिका लिपिक लाखन सिंह, उमेश कुमार, सफाई नायक राकेश, सुजीत कुमार, पालिका कर्मचारी संजय, सन्दीप, कुनाल, दीपक, प्रवीन सैन, देवेन्द्र व पालिका के सफाई मित्र आदि उपस्थित रहे। उधर फलावदा नगर पंचायत कार्यालय पर महर्षि वाल्मीकि जयन्ती एवं सफाई मित्र सुरक्षा एवं सम्मान दिवस समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में चेयरमैन अशोक कुमार सैनी व उपस्थित व्यक्तियों ने महर्षि वाल्मिकि के चित्र पर पुष्पार्पण व माल्यार्पण किया गया। चेयरमैन ने नगर पंचायत के सफाई मित्रों सफाई कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। चेयरमैन अशोक सैनी ने बताया कि महर्षि वाल्मीकि संस्कृत रामायण के प्रसिद्व रचियता हैं, जो कवि के रूप में प्रसिद्व है।

महर्षि वाल्मीकि वैदिक काल के महान ऋषियों में माने जाते हैं। इस मौके पर मुकेश सभासद, सोहनवीर सैनी सभासद, नईम अनवर कुरैशी सभासद, सुरेन्द्र सेनी, विवेक कुमार सैनी, निकाय कर्मी उपस्थित रहे।

## सार संक्षेप

### बच्चों ने महर्षि वाल्मीकि की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया नमन

**मवाना।** बाल भारती पब्लिक स्कूल मवाना में शनिवार को वाल्मीकि जयंती पर महर्षि वाल्मीकि को नमन करने के लिए विद्यालय प्रांगण में एक विशेष सभा का आयोजन किया गया, जिसमें प्रधानाध्यापिका संगीता रस्तोगी ने बताया कि वाल्मीकि के जीवन से बहुत कुछ सीखने को मिलता हैं, उनका व्यक्तित्व साधारण नहीं था। उन्होंने अपने जीवन की एक घटना से प्रेरित होकर अपना जीवन पथ बदल दिया, जिसके फलस्वरूप वे महान पूज्यनीय कवियों में से एक बने। महर्षि वाल्मीकि ने पवित्र ग्रंथ रामायण की रचना की परंतु वे आदिराम से अनभिज रहे। अपने वनवास काल के दौरान भगवान श्रीराम वाल्मीकि के आश्रम में भी गए थे। वाल्मीकि को श्रीराम के जीवन में घटित प्रत्येक घटना का पूर्ण ज्ञान था। इसके पश्चात विद्यार्थी प्रतिनिधि के रूप सिधानशी, पल्किन, वीर, यश, प्रयाग रस्तोगी, माही नूर, आराध्या गोयल, अर्णव पोसवाल, अनीका, एंजेल आदि बच्चे वाल्मीकि मंदिर गए, जहां पर उन्होंने उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया।

### जिला न्यायधीश ने किया जिला कारागार का निरीक्षण

**मेरठ।** जिला न्यायाधीश रजत सिंह जैन, जिलाधिकारी दीपक मीणा, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रोहित सिंह सजवाण द्वारा जिला कारागार, राजकीय सम्प्रेक्षण गृह किशोर का संयुक्त रूप से निरीक्षण किया गया। जिला कारागार में जिला न्यायाधीश एवं जिलाधिकारी द्वारा भोजनालय, सिलाई कारखाना, चिकित्सालय, पाकशाला तथा बैरक आदि का निरीक्षण कर जेल अधीक्षक को आवश्यक कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया। राजकीय सम्प्रेक्षण गृह में किशोरो से परिजनो की मुलाकात, बायोमैट्रिक उपस्थिति, ओपन जिम, किचन आदि का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। इस अवसर पर सीजेएम विनय कुमार, सचिव जिला विधिक प्राधिकरण हरीराम, जेल अधीक्षक जिला कारागार शशिकांत मिश्र, राजकीय संप्रेक्षण गृह किशोर का स्टाफसहित संबंधित अधिकारी व कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

### सीसीएसयू में फिल्म महोत्सव का शुभारंभ

**मेरठ।** हमारे स्टूडेंट्स के पास बहुत सारे आइडियाज और बहुत सारी घटनाएं हैं जिससे वो बहुत सारी स्टोरी को डॉक्यूमेंट्री में बदल सकते हैं। डॉक्यूमेंट्री फिल्म बनाना बहुत कठिन नहीं है, बस आपके पास आईडिया होना चाहिए। हमारे पास बहुत सारी सुविधा है, आइडियाज है, हम एनसीआर में रह रहे हैं। यह बात तिलक पत्रकारिता एवं जनसंचार स्कूल एवं मेरठ चलचित्र सोसायटी के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित नवांकुर 2023 फिल्म महोत्सव के उद्घाटन के अवसर पर चौधरी चरण सिंह विवि की कुलपति प्रोफेसर संगीता शुक्ला ने कही।

### सूचना

मेरे ड्राइविंग लाइसेंस संख्या UP 1520120031594 में मेरे पिता का नाम त्रुटिवश किरन पाल सिंह हो गया है जबकि अन्य सभी दस्तावेजों में उनका नाम किरन पाल दर्ज है, जो कि सही है।

**-राजेश गौतम पुत्र किरन पाल निवासी 307 बना इंचौली मेरठ।**

# नार्थ जॉन हॉकी सीबीएसई चैंपियनशिप का आगाज

**मेरठ,** 28 अक्टूबर (देशबन्धु)। शनिवार को सीबीएसई द्वारा नार्थ जॉन हॉकी, अंडर 19 ब्वायज एंड गर्ल्स चैंपियनशिप का आगाज किया गया। यह टूर्नामेंट शास्त्रीनगर स्थित डीएवी सेंटेनरी पब्लिक स्कूल द्वारा कैलाश प्रकाश स्पोर्ट्स स्टेडियम में आयोजित किया जा रहा है। जिसमें यूपी और उत्तराखण्ड की 22 टीमें हिस्सा ले रही हैं। बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करने पहुंचे उर्जा मंत्री डॉ.सोमेंद्र तोमर ने उन्मुक्त आकाश में गुब्बारे उड़ाकर खेलों को आरंभ करने की घोषणा की। डीएवी की यूपी जोन ए की रीजनल ऑफिसर डॉ.अल्पना शर्मा, अंतर्राष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी रोमिओ जेम्स, अशोका एकेडमी की प्रधानाचार्या डॉ.पारूल चौधरी, अश्विनी गुप्ता ने मुख्य अतिथि को गेस्ट ऑफ ऑनर दिया। तत्पश्चात बच्चों ने



■ यूपी और उत्तराखण्ड की 22 टीमें ले रही हिस्सा
■ ऊर्जा मंत्री डा. सोमेन्द्र तोमर ने किया टूर्नामेंट का शुभारंभ
■ लगातार 5 वर्षो से हॉकी टूर्नामेंट करा रहा डीएवी पब्लिक स्कूल

सामूहिक स्वर में 'प्रार्थना स्तुति मंत्रोच्चारण' तथा 'आपके चरणों में है नमन 'गीत गाकर वातावरण को वैदिकमय युग में प्रवेश करा दिया। समस्त टीमों के विद्यार्थियों ने मार्च पास्ट कर अनुशासन और उत्साह को प्रदर्शित किया। बच्चों ने 'आरंभ है प्रचंड' गीत पर सामूहिक नृत्य की प्रस्तुति द्वारा अद्भुत समा बाँध दिया। डॉ. अल्पना शर्मा ने डीएवी परिवार, सी.बी.एस.ई. की ओर से मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथियों, मीडिया, मैनेजर, कोच तथा स्पोर्ट्स ऑफिशियल्स के साथ-साथ आने वाली सभी टीमों का गर्मजोशी से स्वागत किया। उन्होंने कहा कि आज नेशनल, इंटरनेशनल लेवल के खिलाड़ी

### अंडर 19 गर्ल्स मैच के परिणाम

| स्कूल | गोल | स्कूल | गोल |
|---|---|---|---|
| श्री ठाकुर द्वारा बालिका विद्यालय | 5 | सेंट मेरीज़ स्कूल, रामपुर | 0 |
| जे के जी इंटरनेशनल, गाजियाबाद | 5 | बी आर इंटरनेशनल, मेरठ | 0 |

**अंडर 19 ब्वायज़ मैच के परिणाम**

| स्कूल | गोल | स्कूल | गोल |
|---|---|---|---|
| लायल्स फातिमा अकेडमी | वॉक ओवर | बी आर इंटरनेशनल | वॉक ओवर |
| प्लेटिनम वैली इंटरनेशनल स्कूल | 0 | ग्रीनवुड स्कूल | 1 |
| सेंट एंथोनीज स्कूल | 0 | सम्राट इंडियन मॉडल स्कूल | 3 |
| सन वे स्कूल | 3 | गुरुकुल द स्कूल | 0 |

स्टेडियम की शोभा बढ़ा रहे हैं। हम सीबीएसई के अधिकारियों का धन्यवाद करते हैं कि उन्होंने हम पर अपना विश्वास जताया है। हम उनके आभारी हैं कि उन्होंने अपनी व्यस्त दिनचर्या में से अपना कीमती समय हमें दिया। मुख्य अतिथि ने ध्वजारोहण कर उपस्थित लोगों में गौरव की भावना भर दी। तत्पश्चात मुख्य अतिथि ने टॉर्च सेरेमनी से खेल का आगाज किया एवं खिलाड़ियों में नवीन जोश का संचार कर दिया। हैड ब्याय, हैड गर्ल ने सभी खिलाड़ियों को खेल भावना से खेलने की शपथ दिलाई। डा. सोमेंद्र तोमर ने प्रतिभागियों को उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामना देते हुए कहा कि आप हमारे देश की भावी पीढ़ी हैं। आपके स्नेह निमंत्रण को स्वीकार कर मैं स्वयं को कृतज्ञ महसूस कर रहा हूं। उन्होंने कहा कि खेल हमारे जीवन का मुख्य हिस्सा है। खेल भावना हमें अनुशासन, सहयोग, मैत्री, सद्भावना आदि अनेक गुणों को सिखाती है। मैं आशा करता हूं कि हॉकी का खेल एक दिन निश्चित रूप से आगे बढ़ेगा। सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रंशसा करते हुए कहा कि यहां संगठन, अनुशासन, एथिक्स एवं वेद का सुंदर सामंजस्य देखने को मिला है जो खिलाड़ियों के लिए 'संजीवनी' के समान है। रोमियो जेम्स ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्द्धन करते हुए अन्तर्राष्ट्रीय खिलाड़ी प्रवीण शर्मा को स्मरण किया तथा 'दिल लगाओ हॉकी से' का नारा देकर उत्साह और उमंग का संचार किया।

## भगवान शिव के अपमान से सती हो गई थी राजा दक्ष की बेटी : शिवेश शास्त्री

■ **स्वामीनाथ शुक्ल**

**अमेठी,** 28 अक्टूबर (देशबन्धु)। वृंदावन धाम के शिवेश शास्त्री ने कहा कि अपमान सबसे बड़ा जहर है। जीवन में अपमान छोड़कर सब कुछ भूल जाता है। लेकिन अपमान कभी भूलता नहीं है। इसलिए किसी को अपमानित नहीं करना चाहिए। उन्होंने बताया कि राजा दक्ष की पुत्री का विवाह भगवान शिव से हुआ था। एक बार राजा दक्ष बहुत बड़ी यज्ञ का अनुष्ठान किए थे। अनुष्ठान में सभी को निमंत्रण पत्र भेजा गया था। लेकिन राजा दक्ष बेटी और दामाद को निमंत्रण नहीं दिए थे। लेकिन पिता के अनुष्ठान की भनक लगने के बाद बेटी बिना बुलाए पहुंच गई थी।



जिससे राजा दक्ष बेटी को देखकर बहुत क्रोधित हो गए थे। गुस्से में बेटी और भगवान शिव दोनों का बहुत अपमान किए थे।

पिता के अपमान से आहत बेटी सती हो गई थी। माता सती के अपमान की जानकारी होने पर भगवान शिव बहुत क्रोधित हो गए थे। जिससे सती के शव को कंधे पर रखकर तांडव नृत्य करने लगे थे। भगवान शिव के गुस्से वाले तांडव नृत्य से चारों तरफ प्रलय आ गई थी। इस प्रलय से संसार को बचाने के लिए भगवान विष्णु ने सती के पुनर्जन्म और भगवान शिव के तांडव नृत्य को रोकने के लिए सती के शरीर को सुदर्शन से काटकर 52 टुकड़े कर दिए थे। मान्यता है कि माता सती के टुकड़े और आभूषण जहां जहां गिरे हुए थे। वहीं स्थान पवित्र होकर 52 शक्तिपीठ बन गए।

## औद्योगिक भ्रमण करने पहुंचे छात्र

**मेरठ,** 28 अक्टूबर (देशबन्धु)। विनायक विद्यापीठ के ट्रेनिंग एवं प्लेसमेंट विभाग की ओर से वाणिज्य विभाग के छात्र मदर डेयरी में भ्रमण करने पहुंचे। विनायक विद्यापीठ के निदेशक इंजिव विकास कुमार ने



हरी झंडी दिखाकर रवाना किया, उन्होंने छात्रों को रवाना करते हुए कहा कि इस प्रकार के भ्रमण से छात्रों को इंडस्ट्री के अनुरूप तैयार करने में सहायता मिलती है तथा भविष्य में उन्हे इंडस्ट्री में कार्य करने में आसानी रहती है स इस दौरान संस्थान के ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट ऑफिसर प्रवीन शर्मा, वाणिज्य विभाग अध्यक्ष रवीना सहायक प्रोफेसर करुणा त्यागी एवं भारती शर्मा इत्यादि उपस्थित थे स वाणिज्य विभाग अध्यक्ष रवीना ने बताया कि इस विजिट को कराने का हमारा मुख्य उद्देश्य छात्रों को सैद्धांतिक ज्ञान के साथ-साथ व्यवहारिक ज्ञान देना भी है।

## ताला तोड़कर नकदी सहित लाखों के जेवरात ले उड़े चोर

■ सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई चोरी की घटना
■ हस्तिनापुर रोड स्थित अशोक विहार कॉलोनी का मामला

**मवाना,** 28 अक्टूबर (देशबन्धु)। नगर की आशेक विहार कॉलोनी में शनिवार को दिन दहाड़े चोरों ने वारदात को अंजाम दे दिया। घर के गेट का ताला तोड़कर चोर 20 मिनट में अलमारी में रखे एक लाख रुपए और आभूषण चुरा ले गए। सीसीटीवी कैमरे में पूरी घटना कैद हो गई। चोरों ने मोटर साइकिल पर सवार होकर घटना को अंजाम देने आए। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। हस्तिनापुर रोड स्थित अशोक विहार कॉलोनी निवासी जयभगवान उर्फ अमित पुत्र विजयपाल ने बताया कि वह नगर स्थित सरस्वती स्कूल पत्नि के साथ बच्चों का रिपोर्ट कार्ड देखने



के लिए गया था। दोपहर करीब एक बजे वापस लौटा तो घर का ताला टूटा पड़ा है। अंदर जाकर देखा कि पूरा सामान बिखरा पड़ा है और अलमारी का ताला भी टूटा हुआ है।

चोरी की पूरी घटना सीसीटीवी में कैद हुई है। सीसीटीवी फुटेज से पता चला कि चोर कार में सवार होकर आए थे और दो से तीन चक्कर भी लगाए थे।

**आयोजन** *वेंकटेश्वरा संस्थान में संगोष्ठी का आयोजन*

# विश्व में दिखी भारत की मजबूत कृषि अर्थव्यवस्था : डा. यशवीर

**मेरठ, 28 अक्टूबर (देशबन्धु)। राष्ट्रीय राजमार्ग बाईपास स्थित वेंकटेश्वरा संस्थान में कृषि आधारित सुदृढ़ अर्थव्यवस्था से शिखर की ओर भारत विषय पर एकदिवसीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। श्री वेंकटेश्वर विश्वविद्यालय/संस्थान के सरदार पटेल सभागार में आयोजित संगोष्ठी का शुभारंभ मुख्य अतिथि खादी ग्रामोद्योग भारत सरकार के पूर्व अध्यक्ष प्रो.यशवीर सिंह, समूह अध्यक्ष डॉ.सुधीर गिरी, प्रतिकुलाधिपति डॉ.राजीव त्यागी, प्रधान सलाहकार प्रो वी पीएस अरोड़ा, प्रभारी कुलपति राकेश यादव, कुलसचिव पीयूष पांडे आदि ने सरस्वती मां की प्रतिमा।**

के सम्मुख दीप प्रज्वलित करके किया। इस अवसर पर ग्रुप एडवाइजर आरएस शर्मा, प्रो.तेजपाल सिंह, प्रो सी पी सिंह, डॉ. एसएन साहू, डॉ. दिव्या गिरधर, डॉ. एना ब्राउन, डॉ. राहुल सिंह, डॉ. ओमप्रकाश, डॉ. योगेश्वर शर्मा, अरुण गोस्वामी, सीएफओ विकास भाटिया, डॉ. अनिल जायसवाल, मेरठ परिसर निर्देशक डॉ. प्रताप सिंह एवं मीडिया प्रभारी विश्वास राणा आदि लोग उपस्थित रहे। प्रतीकुलाधिपति डॉ. राजीव त्यागी ने प्रधान सलाहकार प्रोफेसर



■ कृषि आधारित सुदृढ़ अर्थव्यवस्था से शिखर की ओर भारत रहा विषय
■ कोविड में दी गई सेवाओं ने भारत को दुनिया के सिरमौर होने का एहसास कराया : डा. सुधीर

वीपीएस अरोड़ा एवं प्रभारी कुलपति डॉ. राकेश यादव के साथ मिलकर पगड़ी पटका एवं स्मृति चिन्ह भेंटकर मुख्य अतिथि को किया सम्मानित। वेंकटेश्वरा समूह के अध्यक्ष डॉ. सुधीर गिरी ने कहा कि मजबूत कृषि एवं खाद्यान्न अर्थव्यवस्था के दम पर कोविड जैसी वैश्विक महामारी में भी भारत ने न सिर्फ अपने लिए बल्कि पूरी दुनिया के लिए दवाइयां, वैक्सीन जरूरी राशन एवं खाद्यान्न सामग्री उपलब्ध कराकर भारत को दुनिया के सिरमौर होने का एहसास कराया।

मुख्य अतिथि के रूप में प्रतिभाग करते हुए देश के जाने-माने शिक्षाविद, जेएनयू के पूर्व प्रोफेसर, भारत के आधा दर्जन प्रधानमंत्रियों के प्रधान सलाहकार रहे डॉ. यशवीर सिंह ने संगोष्ठी को संबोधित करते हुए कहा कि यह भारत की मजबूत कृषि अर्थव्यवस्था का ही असर है था कि कोविड जैसी वैश्विक महामारी में अमेरिका ब्रिटेन जैसे विकसित देश भी आर्थिक मंदी की चपेट में आने से खुद को नहीं बचा पाए, जबकि भारत में वैश्विक नेतृत्व करते हुए बिना भेदभाव के न सिर्फ विकसित देशों को, बल्कि बांग्लादेश पाकिस्तान जैसे भारत के धुर विरोधी देशों को भी दवाइयां, राशन एवं खाद्यान्न व राहत सामग्री पहुंचने का शानदार काम किया।

ऐसे कठिन समय में जब भारत में भी सभी उद्योग धंधे बंद थे, देश के अन्नदाता किसानों ने मजबूत कृषि व्यवस्था एवं उन्नत खेती के दम पर भारतीय जीडीपी को स्थिर रखने में अहम रोल निभाया।

## सतर्कता जागरूकता सप्ताह का आयोजन

**मेरठ,** 28 अक्टूबर (देशबन्धु)। स्वामी विवेकानन्द सुभारती विश्वविद्यालय के शिक्षा विभाग, शिक्षा संकाय द्वारा सतर्कता जागरूकता सप्ताह कार्यक्रम का महत्व एवं उपयोगिता विषय पर अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया गया। डॉ. भवनित बत्रा सहायक प्रोफेसर, गुलावठी बुलंदशहर उत्तर



प्रदेश इस अतिथि व्याख्यान की मुख्य वक्ता रहे। कुलपति-मेजर जनरल डॉ. जी.के. थपलियाल ने इस महत्वपूर्ण विषय पर अतिथि व्याख्यान के सफल आयोजन के लिए शिक्षा विभाग को बधाई दी। उन्होंने इस अतिथि व्याख्यान के लिए एक विद्वान एवं बहुमुखी वक्ता के चयन की सराहना की। शिक्षा संकाय के संकायाध्यक्ष डॉ. प्रो. संदीप कुमार ने सभी अतिथिगण का स्वागत किया ओर सतर्कता जागरूकता सप्ताह कार्यक्रम का महत्व एवं उपयोगिता पर अपने विचार साझा किए।

देशबन्धु नई दिल्ली, रविवार, 29 अक्टूबर, 2023, डाक पंजीयन संख्या :- DL (ND)-11/6176/2015-16-17

## एक्शन थ्रिलर फिल्म साइको में काम करेंगे अक्षय कुमार

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता अक्षय कुमार एक्शन थ्रिलर फिल्म साइको में काम करते नजर आएंगे। अक्षय कुमार, रोहित शेट्टी निर्मित फिल्म साइको में काम करने जा रहे हैं। मोहित सूरी इस फिल्म को निर्देशित करेंगे। साइको एक्शन थ्रिलर फिल्म है। बताया जा रहा है कि इस फिल्म में अक्षय कुमार साइको इंसान का किरदार निभाएंगे। 'साइको' की शूटिंग 2024 की शुरुआत में शुरू होगी,इसे 40 दिन के एक शेड्यूल में स्टार्ट टु फिनिश शूट किया जाना है।

### सप्ताह में 70 घंटे काम

# दिल का दौरा तनाव, बच्चों में ऑटिज्म का खतरा

**लंबे समय तक काम करने से परिवार में तनाव**



**नई दिल्ली,** 28 अक्टूबर (एजेंसियां)। इंफोसिस के संस्थापक नारायण मूर्ति की भारत में युवाओं को सप्ताह में 70 घंटे काम करने की सलाह के बीच, कई डॉक्टरों ने बताया कि इससे दिल का दौरा, तनाव, चिंता, पीठ दर्द तथा दूसरी बीमारियों का खतरा बढ़ सकता है। एक पॉडकास्ट के दौरान मूर्ति ने कहा था कि अगर भारत हाल के दशकों में उल्लेखनीय प्रगति करने वाली विकसित अर्थव्यवस्थाओं के साथ प्रतिस्पर्धा करना चाहता है, तो युवाओं को सप्ताह में 70 घंटे काम करना चाहिए। बेंगलुरु स्थित हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. दीपक कृष्णमूर्ति ने एक औसत पेशेवर द्वारा दिन को काम और अन्य प्रतिबद्धताओं के बीच विभाजित करके बिताया गया समय बताया। कृष्णमूर्ति ने एक्स पर पोस्ट किया कि प्रति दिन 24 घंटे (जहां तक मुझे पता है)। यदि आप सप्ताह में छह दिन काम करते हैं - प्रति दिन 12 घंटे, शेष 12 घंटे - 8 घंटे की नींद, 4 घंटे बचते हैं। बेंगलुरु जैसे शहर में सड़क पर 2 घंटे, 2 घंटे बाकी हैं - ब्रश करना, शौच करना, नहाना, खाना। उन्होंने कहा कि इससे 'न परिवार से मिलने का समय मिलेगा, न बात करने का, न व्यायाम करने का समय होगा, न मनोरंजन का। इतना ही नहीं कंपनियां लोगों से काम के घंटों के बाद भी ईमेल और कॉल का जवाब देने की अपेक्षा करती हैं।' तो युवाओं को हार्टअटैक होने पर आश्चर्य क्यों?

विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के अनुसार, सप्ताह में 35-40 घंटे काम करने की तुलना में प्रति सप्ताह 55 घंटे से अधिक काम करने से स्ट्रोक का जोखिम 35 प्रतिशत और हृदय रोग का खतरा 17 प्रतिशत अधिक होता है। डब्ल्यूएचओ और अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन ने 2021 में एनवायरमेंट इंटरनेशनल में प्रकाशित एक पेपर में दिखाया कि लंबे समय तक काम करने के कारण 2016 में स्ट्रोक और इस्केमिक हृदय रोग से 7,45,000 मौतें हुईं, जो वर्ष 2000 की तुलना में 29 प्रतिशत ज्यादा है। एक्स पर मैक्स हेल्थकेयर के एंडोक्राइनोलॉजी और डायबिटीज के अध्यक्ष डॉ अंबरीश मिथल ने लिखा, '70 घंटे का कार्यसप्ताह एक आदर्श या सिफारिश भी नहीं हो सकता है।' उन्होंने कहा कि अनिवार्य या अपेक्षित कार्य घंटे प्रति सप्ताह लगभग 48 घंटे होंगे। हालांकि सफलता हासिल करने के लिए कई लोगों ने अपनी युवावस्था में प्रति सप्ताह 70 घंटे काम किये हैं। उन्होंने कहा कि इसे अनिवार्य नहीं बनाया जा सकता। बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. मनिनी ने कहा कि लंबे समय तक काम करने से परिवार में तनाव हो सकता है और बच्चों में ऑटिज्म हो सकता है। डॉ. मनिनी ने एक्स पर पोस्ट किया कि विषाक्त कार्य संस्कृति और लंबे समय तक काम के घंटों के कारण परिवार पीड़ित हैं। इसमें कोई आश्चर्य की बात नहीं है कि इन दिनों हम इतने सारे ऑटिस्टिक बच्चे देख रहे हैं।

# रुक-रुक कर उपवास मधुमेह नियंत्रण के लिए प्रभावी



**न्यूयॉर्क,** 28 अक्टूबर (एजेंसियां)। एक नए अध्ययन के अनुसार, रुक-रुक कर उपवास टाइप-2 मधुमेह वाले लोगों को वजन कम करने और उनके ब्लड शुगर को कंट्रोल करने में मदद कर सकता है। अमेरिका के इलिनोइस-शिकागो विश्वविद्यालय के शोधकर्ताओं ने पाया कि जो लोग दोपहर से रात 8 बजे के बीच केवल आठ घंटे की अवधि के दौरान खाते हैं, उन प्रतिभागियों का छह महीने में अधिक वजन कम हुआ और इनके ब्लड शुगर के स्तर में कमी देखी गई।

जेएएमए नेटवर्क ओपन में प्रकाशित अध्ययन में 75 प्रतिभागियों को तीन समूहों में नामांकित किया गया वे जो समय-प्रतिबंधित खाने के नियमों का पालन करते थे, वे जो कैलोरी कम करते थे और एक नियंत्रण समूह। छह महीने के दौरान प्रतिभागियों का वजन, कमर की परिधि, ब्लड शुगर का स्तर और अन्य स्वास्थ्य संकेतक मापे गए।

विश्वविद्यालय में काइन्सियोलॉजी और पोषण के प्रोफेसर क्रिस्टा वरडी ने कहा कि रुक रुक कर उपवास करने वाले समूह के प्रतिभागियों को कैलोरी कम करने वाले समूह की तुलना में ज्यादा फायदा हुआ।

शोधकर्ताओं का मानना है कि ऐसा आंशिक रूप से इसलिए है क्योंकि मधुमेह के रोगियों को आम तौर पर उनके डॉक्टरों द्वारा सबसे पहले कैलोरी में कटौती करने के लिए कहा जाता है, इसलिए इनमें से कई प्रतिभागियों ने पहले से ही आहार के उस रूप की कोशिश की है - और संघर्ष किया है।

जबकि समय-प्रतिबंधित खाने वाले समूह में प्रतिभागियों को अपने कैलोरी सेवन को कम करने का निर्देश नहीं दिया गया था, उन्होंने एक निश्चित अवधि के भीतर खाना खाकर ऐसा किया। छह महीने के अध्ययन के दौरान कोई गंभीर प्रतिकूल घटना सामने नहीं आई।

वरडी ने कहा कि अध्ययन छोटा था और इसे बड़े पैमाने पर किया जाना चाहिए। हालांकि यह अवधारणा के प्रमाण के रूप में कार्य करता है कि टाइप 2 मधुमेह वाले लोगों के लिए समय-प्रतिबंधित भोजन सुरक्षित है। वरडी ने कहा कि मधुमेह वाले लोगों को इस प्रकार का आहार शुरू करने से पहले अपने डॉक्टरों से परामर्श लेना चाहिए।

# 'आर्या' में ऐसी ताकत है जो बवंडर का मुकाबला कर सकती है : सुष्मिता सेन



**मुंबई,** 28 अक्टूबर (एजेंसियां)। क्राइम थ्रिलर 'आर्या 3' में एक्ट्रेस और पूर्व मिस यूनिवर्स सुष्मिता सेन का किरदार आर्या सरीन एक बेहतरीन पावरहाउस हैं, जिसमें ऐसी ताकत है जो बवंडर का मुकाबला कर सकती है।

सुष्मिता ने कहा कि पहले सीजन से ही वह शो चलाने वाली सिंगल मदर हैं। सुष्मिता ने कहा कि मेरा किरदार 'आर्या' बहुत मजबूत है। उसमें दर्द सहने की क्षमता है। वह काफी हद तक शांत है। जब तक जरूरी न हो, वह रिएक्ट करना नहीं बल्कि रिस्पॉन्ड देना पसंद करती है। मैं वैसे ही बनी हूं, लेकिन उसने मुझसे ज्यादा विश्वासघात देखा है, इसके लिए भगवान का शुक्र है, मैंने अपनी लाइफ में अच्छे लोग देखे हैं। मैं उम्मीद कर रही हूं कि इस शो में वह अच्छे लोगों से मिलेंगी, जिससे उनके जीवन में कुछ आशा, कुछ रोमांस वापस आ जाएगा।

दूरदर्शी राम माधवानी द्वारा निर्मित और सह-निर्देशित और अमिता माधवनी, राम माधवानी, राम माधवानी फिल्म्स और एंडेमोल शाइन इंडिया द्वारा सह-निर्मित, 'आर्या 3' 3 नवम्बर से डिज्नी पल्स हॉटस्टार पर प्रसारित होगा।

वर्कफ्रंट की बात करें तो सुष्मिता वेब सीरीज 'ताली' में भी नजर आई थीं। यह शो सुष्मिता द्वारा अभिनीत ट्रांसजेंडर कार्यकर्ता श्रीगौरी सावंत की प्रेरक यात्रा को जीवंत करता है। यह अर्जुन सिंह बरन और कार्तिक डी निशानदार द्वारा निर्मित और रवि जाधव द्वारा निर्देशित है।



# साल का आखिरी चंद्रग्रहण आंशिक पड़ा

**नई दिल्ली,** 28 अक्टूबर (एजेंसियां)। भारत सहित दुनिया भर के खगोलप्रेमियों को आज खुशी होगी क्योंकि 2023 का आखिरी आंशिक चंद्रग्रहण शनिवार की रात लगने वाला है। भारतीय मौसम विभाग ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि आसमान देखने वालों और उत्साही लोगों के लिए वर्ष की खगोलीय घटना के लिए तैयार हो जाइए! 28-29 अक्टूबर को आंशिक चंद्रग्रहण होगा। उसने आगे कहा कि जैसे ही पृथ्वी घूमते हुए सूर्य और चंद्रमा के बीच आयेगी, खगोल विज्ञान की सुंदरता को साकार होते देखें!आंशिक चंद्रग्रहण तब लगता है जब चंद्रमा का सिर्फ एक हिस्सा पृथ्वी की छाया में प्रवेश करता है। आंशिक ग्रहण में चंद्रमा के पृथ्वी की ओर वाले हिस्से पर पृथ्वी की छाया बहुत गहरी दिखाई देती है। आंशिक चंद्र ग्रहण के दौरान लोग पृथ्वी से क्या देखते हैं यह इस बात पर निर्भर करता है कि सूर्य, पृथ्वी और चंद्रमा एक सीध में कैसे हैं। चंद्रग्रहण लगना रात लगभग 11.31 बजे शुरू हुआ, और रात लगभग 1 बजे, चंद्रमा की सतह धीरे-धीरे पृथ्वी की छाया के गहरे हिस्से से ढंक गई, जिसे उपछाया के रूप में जाना जाता है। भारत के विभिन्न हिस्सों के अलावा, ग्रहण यूरोप, एशिया, ऑस्ट्रेलिया, अफ्रीका, उत्तरी अमेरिका, उत्तर/पूर्व दक्षिण अमेरिका, प्रशांत, अटलांटिक, हिंद महासागर, आर्कटिक और अंटार्कटिका में दिखाई देगा।इस साल पहला चंद्रग्रहण 5 मई को लगा था। ठीक दो सप्ताह पहले 14 अक्टूबर को सूर्य ग्रहण भी लगा था। भारत में दिखाई देने वाला अंतिम पूर्ण चंद्रग्रहण 8 नवम्बर 2022 को था जबकि अगला पूर्ण चंद्रग्रहण 7 सितम्बर 2025 को लगेगा।

# हर अंत की एक नई शुरुआत होती है : रिंकू घोष



**मुंबई,** 28 अक्टूबर (एजेंसियां)। 'दुर्गेश नंदिनी', 'मोहे रंग दे', 'मिसेज पम्मी प्यारे लाल' जैसे शो फेम एक्ट्रेस रिंकू घोष ने दुख व्यक्त किया है कि उनका शो 'जुनूनियत' जल्द ही ऑफ एयर होने वाला है, उन्होंने कहा कि हर अंत की एक नई शुरुआत होती है। यह लोकप्रिय शो अंकित गुप्ता (जहान), गौतम सिंह विग (जॉर्डन) और नेहा राणा (इलाही) द्वारा संचालित प्रेम और संगीत की कहानी के साथ दर्शकों का मनोरंजन कर रहा है। शो के बंद होने के बारे में बात करते हुए, रिंकू ने कहा कि पहले तो मैं थोड़ी उदास थी। मैं इसके इतनी जल्दी खत्म होने के लिए तैयार नहीं थी, क्योंकि शो अच्छा चल रहा है। फिक्शन कैटेगरी में यह चैनल पर बिताया गया दूसरा सबसे ज्यादा समय है, लोगों को भी यह काफी पसंद आ रहा है। इम्तिहान फेम एक्ट्रेस ने कहा कि सीरियल करते समय आप अपने सह-कलाकारों के साथ कई बंधन बनाते हैं क्योंकि हम अपना अधिकांश समय एक-दूसरे के साथ बिताते हैं। ऐसा लगता है जैसे एक परिवार टूट रहा है। लेकिन, अब मैं इसे एक और नए अध्याय की शुरुआत के रूप में लेती हूं। हर अंत की एक नई शुरुआत होती है। रिंकू ने आगे कहा कि टीवी इंडस्ट्री बहुत अप्रत्याशित है, और कभी भी कुछ भी हो सकता है। यह सब लोगों पर निर्भर करता है कि उन्हें कौन सा कंटेंट पसंद है या नापसंद। इसलिए, मैं बस प्रवाह के साथ चलती हूं और अपने काम और चरित्र पर ध्यान केंद्रित करती हूं।

# आशका गोराडिया ने दिया बेटे को जन्म, पति ब्रेंट ने शेयर की फोटो



**मुंबई,** 28 अक्टूबर (एजेंसियां)। एक्ट्रेस आशका गोराडिया और उनके पति ब्रेंट ग्लोब ने अपने पहले बच्चे का स्वागत किया है। उन्होंने अपने बच्चे का नाम विलियम अलेक्जेंडर रखा। ब्रेंट ने सोशल मीडिया पर हॉस्पिटल से पहली तस्वीर साझा की, इसमें एक्ट्रेस और उनके पति ने बच्चे का हाथ अपने हाथों पर रख रखा है। जियो टैग लोकेशन अहमदाबाद, गुजरात की है।

पोस्ट के साथ, उन्होंने लिखा कि आज सुबह 7.45 बजे, विलियम अलेक्जेंडर ने इस दुनिया में कदम रखा है और सीधे हमारे दिलों में बस गया। हालांकि मुझे पता है कि आज से पहले भी मेरा अस्तित्व था, लेकिन मुझे इस बारे में अब बहुत कम याद है। अभी से लेकर अब मरने के दिन तक, मैं एलेक्स का डैडी ही रहूंगा। पोस्ट में आगे लिखा कि आशका आराम कर रही है, उसके बगल में हमारा छोटा बच्चा है। हमारे दिल कभी इतने उज्जवल नहीं रहे, मैंने इस तरह का प्यार कभी नहीं देखा। अब और हर दिन मेरे पास ईश्वर के अस्तित्व का जीवंत प्रमाण होगा।

मशहूर हस्तियों ने कमेंट सेक्शन में बधाई दी।

जन्नत जुबैर ने कहा कि बधाई हो, बहुत खुश हूं!!!! अल्लाह आप लोगों को हमेशा आशीर्वाद दे। सुधा चंद्रन ने लिखा कि दोनों को बधाई और बच्चे को आशीर्वाद। टीना दत्ता ने कहा कि वाह, बधाई हो। फलक नाज़ ने कहा कि माशाल्लाह आप लोगों को बधाई हो। सुरभि ज्योति ने कहा कि हार्दिक बधाई दोस्तों। दिव्यंका त्रिपाठी ने टिप्पणी की कि आप दोनों को बधाई। वर्कफ्रंट की बात करें तो आशका को आखिरी बार 'किचन चैंपियन 5' में प्रतियोगी के रूप में देखा गया था।

# उत्साही और निडर - सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन दर्शकों को दबंगी मुलगी आई रे आई में आर्या से परिचित करा रहा है




मुंबई 28 अक्टूबर (एजेंसियां)। यादगार किरदारों के साथ विविध पृष्ठभूमि वाली कहानियों को पेश करने में सबसे आगे रहने वाला सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन अपने आगामी फिक्शन लॉन्च, 'दबंगी - मुलगी आई रे आई' में दर्शकों को साहसी और निडर आर्या से परिचित कराने के लिए पूरी तरह तैयार है। 30 अक्टूबर, 2023 को प्रीमियर होने वाला यह मनोरंजक ड्रामा हर सोमवार से शुक्रवार रात 8:30 बजे प्रसारित होगा, जो दर्शकों को एक बेटी की अपने पिता को खोजने और उसके साथ एकजुट होने की खोज की एक दिलचस्प कहानी पेश करेगा, जहां वो छिपे हुए रहस्यों और उलझे हुए रिश्तों वाली दुनिया में प्रवेश करेगी जिससे उसकी दुनिया ही बदल जाएगी। माही भद्रा, साई देवधर, आमिर दलवी और मानव गोहिल की शानदार टीम शो के मनोरम पात्रों में जान फूंक देगी, जिनमें से प्रत्येक मानवीय भावनाओं की बहुमुखी परतों और अच्छे और बुरे के बीच शाश्वत लड़ाई की खोज करेगा। माही भद्रा द्वारा अभिनीत आर्या का मानना है कि उसके पिता एक सुपरकॉप हैं और एक मिशन पर हैं, यही कारण है कि वह उनसे कभी नहीं मिली हैं, लेकिन वह अपनी असली जड़ों से अनजान हैं। वह वास्तव में आमिर दलवी द्वारा अभिनीत रहस्यमय और शक्ति-संपन्न सत्या की बेटी है, जो एक सच्चाई है जिसे उसकी मां, छाया, जो साई देवधर द्वारा अभिनीत किरदार है, ने आर्या से छुपाया है। मानव गोहिल ने सीनियर इंस्पेक्टर अंकुश राज्यवधकर की भूमिका निभाई है, जो सत्या का भाई है, और वह अनजाने में आर्या के अपने पिता की कल्पना की शारीरिक अभिव्यक्ति है, और दर्शकों के लिए यह देखना दिलचस्प होगा कि उनका जीवन कैसे आपस में जुड़ा हुआ है।

# 80 के दशक की तुलना में आज सिनेमा जगत में काफी बदलाव हो गए : गुड्डी



**बरेली,** 28 अक्टूबर (एजेंसियां)। बॉलीवुड की सुप्रसिद्ध फिल्म अभिनेत्री मारुति गुड्डी ने कहा है कि 80 दशक और आज बहुत चीजें बदल गईं हैं। कोरोना काल में सिनेमा उद्योग से काफी बदलाव हो गए हैं। ओटीटी प्लेटफॉर्म को बढ़ावा मिला, हालांकि इसमें आपत्तिजनक कंटेंट व भाषा में कुछ सुधार की जरूरत है। उन्होंने कहा कि टीवी धारावाहिक, नाटक, वेब सीरीज और तमाम आपाधापी में दर्शक नई फिल्मों को बहुत दिन याद नहीं रख पाते। इसी कारण थिएटर में दर्शकों की कमी होने लगी है। यहां शनिवार शाम आयोजित कार्यक्रम में भाग लेने पहुंची हास्य अभिनेत्री गुड्डी मारुति ने बातचीत उन्होंने कहा कि तमाम माध्यमों के बीच कलाकार के लिए काम की कोई कमी नहीं है। फिल्में, सीरियल और वेब सीरीज भी खूब बन रही हैं। आज के दौर में कंटेंट की कमी नहीं है। उन्होंने बताया कि वह अचानक फिल्मों में आईं। एक दौर था जब टुनटुन और प्रीति गांगुली हास्य अभिनेत्री फिल्मों में काम कर रही थीं। उसी दौरान प्रीति गांगुली थोड़ा दुबली हो गईं। तब एक ऐसी अभिनेत्री की जरूरत पड़ने लगी जो भारी-भरकम हो। उस दौर में अचानक से उनकी फिल्मी दुनिया में एंट्री हुई। उनकी पहली फिल्म सौ दिन सास के थी। उन्होंने बताया कि वे अब तक लगभग डेढ़ सौ फिल्मों में काम कर चुकी हैं। अपने अभिनय से लोगों को आकर्षित किया है। गुड्डी मारूति ने बताया कि जल्द ही यशराज की नई फिल्म विजय 69 में दर्शक उन्हें देख सकेंगे। इसके अलावा उन्होंने सनम तेरी कसम और शोला शबनम जैसी फिल्मों को भी अपनी यादगार के रूप में बताया। वह यहां बुलेट आर्केस्ट्रा ग्रुप की ओर से आयोजित यादगार-ए- मुकेश कार्यक्रम शामिल होने आई हैं।

उन्होंने बताया कि उनके दिल में आज भी फिल्म अभिनेता बिग बी अमिताभ बच्चन के साथ काम करने की चाहत है। वह 80 के दशक से वह काम कर रहीं हैं। ऋषि कपूर से लेकर लगभग सभी फिल्म अभिनेता के साथ वह काम कर चुकीं हैं। अमिताभ बच्चन के साथ शहंशाह फिल्म में काम करने का मौका मिला था। शूटिंग के बाद जब फिल्म रिलीज़ हुई तो वह सीन कट कर दिया गया था। अब जब भी मौका मिलेगा तो वह उनके साथ जरूर काम करेंगी। गुड्डी मारुति ने बताया कि 80 के दशक में और अब के समय में अंतर इतना है कि अब सिनेमा इंडस्ट्री पूरी तरह से कॉरपोरेट हो गई है।

# फिल्म निर्माण को बढ़ावा देने के लिए तीन दिवसीय ताज फिल्म महोत्सव




**फिल्म महोत्सव के पांचवें संस्करण में दस पुरस्कार विजेता की दिखाई जाएंगी फिल्में**

**आगरा,** 28 अक्टूबर (एजेंसियां)। ग्लोबल ताज फिल्म (जीटीएफ) फेस्टिवल का पांचवां संस्करण उत्तर प्रदेश में न केवल फिल्म निर्माण को बड़ा बढ़ावा देगा बल्कि स्थानीय प्रतिभाओं के लिए काम के रास्ते भी खोलेगा। तीन से पांच नवम्बर तक आगरा विश्वविद्यालय के जेपी सभागार में आयोजित जीटीएफ-2023 फिल्म महोत्सव के पांचवें संस्करण में दस पुरस्कार विजेता फिल्में दिखाई जाएंगी।

निर्देशक सूरज तिवारी ने बताया कि ग्लोबल ताज इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल पिछले कुछ वर्षों में छोटे बजट के फिल्म निर्माताओं और महत्वाकांक्षी अभिनेताओं के बीच लोकप्रिय हो गया है। तिवारी ने कहा कि इस वर्ष प्रदर्शित होने वाली सभी फिल्मों में शक्तिशाली सामाजिक संदेश हैं। दर्शकों के लिए कई लघु फिल्में, एनीमेशन फिल्में और संगीत वीडियो भी दिखाए जाएंगे।

इंस्टीट्यूट ऑफ टूरिज्म एंड होटल मैनेजमेंट के निदेशक यूएन शुक्ला ने कहा कि कई वर्कशॉप आयोजित होंगे जो महत्वाकांक्षी अभिनेताओं और फिल्म निर्माताओं के लिए विशेष रूप से सहायक होंगे।

उन्होंने कहा कि जिस तरह के प्रदर्शन की उम्मीद है उससे लोगों को बहुत फायदा होगा। हर साल दादा साहेब फाल्के की पत्नी और पहली महिला तकनीशियन सरस्वती फाल्के के नाम पर एक पुरस्कार किसी प्रतिष्ठित महिला कलाकार या तकनीशियन को दिया जाता है।

आयोजकों ने कहा कि तीन दिवसीय उत्सव में निर्माताओं और निर्देशकों की एक बड़ी भीड़ आएगी, जिन्हें ताज महल और अन्य मुगल स्मारकों के अलावा, आगरा में प्राकृतिक स्थलों से भरे संभावित शूटिंग लोकेशन दिखाए जाएंगे।

उत्तर प्रदेश संगीत नाटक अकादमी के प्रमुख सदस्य और फिल्म निर्माता रंजीत सामा ने कहा कि इससे निश्चित रूप से आगरा को बढ़ावा देने और स्थानीय प्रतिभाओं के लिए रोजगार के नए रास्ते खुलने में मदद मिलेगी।

सामा ने कहा कि इस महोत्सव से ग्रेटर नोएडा में फिल्म सिटी परियोजना को भी बढ़ावा मिलेगा। तिवारी ने कहा कि फिल्म महोत्सव में कई गणमान्य व्यक्ति और अभिनेता विभिन्न सत्रों में भाग लेंगे। यह संवाद निश्चित रूप से ब्रज क्षेत्र (आगरा, मथुरा, फिरोजाबाद, हाथरस, अलीगढ़, भरतपुर) में रचनात्मकता के विकास के लिए बेहतर माहौल बनाने में मदद करेगा।

फेस्टिवल जूरी में टीवी अभिनेता उमेश वाजपेई, निर्देशक शशांक श्रीवास्तव, गोवा के निर्माता संदीप कोटेजा, निर्माता राशिद अंसारी (दिल्ली) और निर्माता बीएस जोगदंड (नासिक) शामिल हैं।

# इंडियन आइडल सीज़न 14 के टॉप 15 प्रतियोगियों को इस वीकेंड मिलेगा एक शानदार 'गृह प्रवेश'!



नई दिल्ली 28 अक्टूबर (एजेंसियां)। सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन का प्रतिष्ठित गायन रियलिटी शो, 'इंडियन आइडल सीजन 14', जो महत्वाकांक्षी गायकों के लिए अपनी क्षमता साबित करने के लिए एक राष्ट्रीय मंच के रूप में उभरा है, को हाल ही में थिएटर राउंड के दौरान टॉप 5 प्रतियोगी मिले हैं। एक कदम आगे बढ़ते हुए, प्रतियोगी इस वीकेंड बहुप्रतीक्षित ग्रैंड प्रीमियर एपिसोड के दौरान अपने गायन कौशल के साथ एक प्रभावशाली छाप छोड़ने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। 'गृह प्रवेश' की थीम पर आधारित यह सिंगिंग रियलिटी शो 'संगीत का सबसे बड़ा घराना' होने का पर्याय है, जिसमें प्रतिष्ठित जज कुमार सानू, श्रेया घोषाल और विशाल ददलानी भारत की बेहतरीन गायन प्रतिभाओं की खोज की यात्रा पर निकलेंगे। इतना ही नहीं, मेजबान हुसैन कुवाजेरवाला अपने आकर्षण और बुद्धि के साथ शाम को मनोरंजक बनाने के लिए शो में जोड़ देंगे! इतना ही नहीं, इसे एक तरह का भव्य आयोजन बनाते हुए, यह शो मनोरंजन और संगीत उद्योग के प्रतिष्ठित नामों जैसे - सलीम और सुलेमान, हंसराज रघुवंशी, ऋचा शर्मा और अभिजीत सावंत का स्वागत करेगा। और, शो में ग्लैमर और चमक जोड़ने वाले आगामी डांस रियलिटी शो झलक दिखला जा के जज अरशद वारसी और प्रतियोगी श्रीराम चंद्रा और शोएब इब्राहिम होंगे।

देशबन्धु

# [ अर्थ जगत ]

### सर्वाधिक बढ़ने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| एक्सिस बैंक | 3.07 प्रतिशत |
| एचसीएल टेक | 3.01 प्रतिशत |
| एसबीआई | 2.53 प्रतिशत |
| टाटा मोटर्स | 2.27 प्रतिशत |
| एनटीपीसी | 2.12 प्रतिशत |

### सर्वाधिक घटने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| महिंद्रा एंड महिंद्रा | 4.06 प्रतिशत |
| बजाज फाइनेंस | 3.54 प्रतिशत |
| एशियन पेंट | 0.14 प्रतिशत |
| अल्ट्रासिमको | 0.07 प्रतिशत |
| आईटीसी | 0.03 प्रतिशत |

### सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (प्रति दस ग्राम)स्टैंडर्ड | 47,310 |
| बिटुर | 47,320 |
| गिन्नी (प्रति आठ ग्राम) | 31,400 |
| चांदी (प्रति किलो) टंच हाजिर | 70,096 |
| वायदा | 70,183 |
| चांदी सिक्का लिवाली | 870 |
| बिकवाली | 880 |

### मुद्रा विनिमय

| मुद्रा | क्रय | विक्रय |
|---|---|---|
| अमेरिकी डॉलर | 67.77 | 78.57 |
| पौड स्टर्लिंग | 90.94 | 105.45 |
| यूरो | 76.54 | 88.78 |
| चीन युआन | 08.24 | 13.38 |

### अनाज

| | |
|---|---|
| देसी गेहूँ एमपी | 2400-3000 |
| गेहूं दड़ा | 2500-2600 |
| आटा | 2800-2900 |
| मैदा | 2900-2950 |
| चोकर | 2000-2100 |

### मोटा आनाज

| | |
|---|---|
| बाजरा | 1300-1305 |
| मक्का | 1350-1500 |
| ज्वार | 3100-3200 |
| जौ | 1430-1440 |
| काबुली चना | 3500-4000 |

### चावल

| | |
|---|---|
| चीनी एस | 3640-3740 |
| चीनी एम | 3800-3900 |
| मिल डिलीवरी | 3520-3620 |
| गुड़ | 4300-4400 |

### दाल-दलहन

| | |
|---|---|
| चना | 6450-6550 |
| दाल चना | 7450-7550 |
| मसूर काली | 7800-7900 |
| उड़द दाल | 10600-10700 |
| मूंग दाल | 9900-10000 |
| अरहर दाल | 10400-10500 |

## पेट्रोल और डीजल की कीमतें अपरिवर्तित



**नई दिल्ली।** इजराइल-हमास युद्ध को लेकर अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में जबरदस्त उबाल आने के बावजूद घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम में आज कोई बदलाव नहीं हुआ, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 96.72 रुपये प्रति लीटर तथा डीजल 89.62 रुपये प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 106.31 रुपये प्रति लीटर पर और डीजल 94.27 रुपये प्रति लीटर पर रहा।

## भारत का मेट्रो रेल नेटवर्क दो-तीन साल में अमेरिका को पछाड़ देगाः पुरी

**नई दिल्ली,** 27 अक्टूबर (एजेंसियां)। केंद्रीय आवास एवं शहरी मामलों के मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने शुक्रवार को कहा कि भारत के मेट्रो नेटवर्क की लंबाई अगले दो-तीन वर्षों में अमेरिका से अधिक हो जाएगी और दुनिया में दूसरा सबसे बड़ा बन जाएगा। वर्तमान में देश का मेट्रो नेटवर्क दुनिया में तीसरा सबसे बड़ा है। यहां 16वें अर्बन मोबिलिटी इंडिया (यूएमआई) सम्मेलन सह एक्सपो 2023 के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए मंत्री ने कहा कि देश में मेट्रो नेटवर्क के विकास की गति में हाल के वर्षों में अभूतपूर्व वृद्धि देखी गई है।

केंद्रीय मंत्री ने कहा, '2014 में भारत में केवल 248 किमी मेट्रो रेल लाइन थी। केवल नौ साल में आज 20 अलग-अलग शहरों में 895 किलोमीटर मेट्रो लाइनें चालू हैं।' मंत्री ने कहा कि मेट्रो नेटवर्क हमारे नागरिकों के जीवन में आराम, स्थिरता और सुरक्षा लाया है। उन्होंने कहा, 'मुझे यह जानकर खुशी हुई कि मेट्रो नेटवर्क में प्रतिदिन लगभग एक करोड़ यात्री सफर करते हैं।' उन्होंने कहा कि अंतिम कनेक्टिविटी में आसानी और अन्य कारकों से सवारियों की संख्या बढ़ने वाली है। मंत्री ने



कहा कि शहरी परिवहन से संबंधित मुद्दों के प्रति सरकार के दृष्टिकोण में 2014 के बाद एक महत्वपूर्ण बदलाव देखा गया है। इस अवधि के दौरान तेजी से शहरीकरण को चुनौती की बजाय एक अवसर के रूप में अपनाया गया है। मंत्री ने क्षेत्रीय और अंतर-शहर कनेक्टिविटी में क्षेत्रीय रैपिड ट्रांजिट सिस्टम और वंदे भारत ट्रेनों के महत्व को भी रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि देश रेल आधारित रैपिड ट्रांजिट सिस्टम के क्षेत्र में बड़े बदलाव के दौर से गुजरा है। टिकाऊ शहरी परिवहन के विकास पर अपने विचार साझा करते हुए, मंत्री ने इस बात पर प्रकाश डाला कि ई-वाहनों के माध्यम से हरित गतिशीलता को बढ़ावा देने के अलावा, जैव ईंधन मिश्रण, स्वच्छ ऊर्जा विकल्प - बायोगैस, ग्रीन हाइड्रोजन आदि पर भी ध्यान केंद्रित किया गया है।

## भारत ने ओसाका में जी-7 बैठक के दौरान जापान, ब्रिटेन के साथ व्यापार वार्ता की

**नई दिल्ली,** 28 अक्टूबर (एजेंसियां)। वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने शनिवार को ओसाका में जापान के व्यापार मंत्री निशिमुरा यासुतोशी और ब्रिटेन के व्यापार मंत्री केमी बडेनोच के साथ अलग-अलग बैठकों में व्यापार और निवेश पर द्विपक्षीय वार्ता की।

ओसाका में जी 7 व्यापार मंत्रियों की बैठक के दौरान जापान के अर्थव्यवस्था, व्यापार और उद्योग मंत्री के साथ एक बैठक की। गोयल ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट में कहा, विभिन्न क्षेत्रों में भारत-जापान व्यापार और निवेश संबंधों को और अधिक गति देने पर विचार-विमर्श किया। मंत्री ओसाका में ग्रुप ऑफ सेवन (जी7) के व्यापार मंत्रियों की बैठक के लिए जापान में हैं।

सीईपीए पर हस्ताक्षर के बाद दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय व्यापार बढ़ गया है और वित्त वर्ष 2022 में 20 बिलियन अमेरिकी डॉलर को पार कर गया है, हालांकि, 11 वर्षों की अवधि में जापान के साथ भारत का व्यापार घाटा लगभग दोगुना होकर 8.2 बिलियन अमेरिकी डॉलर हो गया है। जापान से भारत के आयात में 1.6 प्रतिशत की सीएजीआर वृद्धि देखी गई, जबकि जापान को भारत के निर्यात में 2012 से 2022 तक 0.3 प्रतिशत की गिरावट आई है। दोनों सरकारें अपने विनिर्माण क्षेत्र को मजबूत करने के लिए 'मेक इन इंडिया' अभियान, पीएलआई योजना और व्यापार के विविधीकरण आदि पर जोर देते हुए भारत सरकार के साथ पारस्परिक रूप से लाभप्रद व्यापार संबंधों की



दिशा में काम कर रही हैं। इससे निर्यात में योगदान बढ़ाने में मदद मिलेगी। गोयल ने एक्स पर यह भी कहा कि उन्होंने यूके के व्यापार मंत्री केमी बडेनोच के साथ भारत-ब्रिटेन मुक्त व्यापार समझौते की वार्ता की प्रगति पर चर्चा की।

जिन मुद्दों पर चर्चा की जा रही है उनमें सामान, सेवाएं, निवेश और इंटेलेक्चुअल प्रॉपर्टी राइट्स शामिल हैं। भारत यूके के बाजार में आईटी और स्वास्थ्य सेवा जैसे क्षेत्रों से अपने कुशल पेशेवरों के लिए अधिक पहुंच की मांग कर रहा है, इसके अलावा शून्य सीमा शुल्क पर कई वस्तुओं के लिए बाजार पहुंच की भी मांग कर रहा है। दूसरी ओर, यूके स्कॉच व्हिस्की, ऑटोमोबाइल और चॉकलेट जैसी कुछ कन्फेक्शनरी वस्तुओं जैसे सामानों पर सीमा शुल्क में महत्वपूर्ण कटौती चाहता है। ओसाका में डब्ल्यूटीओ के महानिदेशक के साथ एक अन्य बैठक में गोयल ने विकासशील देशों को वैश्विक व्यापार में उचित सौदा देने का मुद्दा भी उठाया।

## पावर ग्रिड ने राजस्थान के हरित ऊर्जा क्षेत्रों के लिए ट्रांसमिशन लाइन परियोजना का अधिग्रहण किया

**नई दिल्ली,** 27 अक्टूबर (एजेंसियां)। आरईसी पावर डेवलपमेंट एंड कंसल्टेंसी लिमिटेड, आरईसी लिमिटेड की मालिकाना हक वाली सहायक कंपनी ने राजस्थान में रामगढ़ 2 ट्रांसमिशन परियोजना के निर्माण के लिए गठित विशेष प्रयोजन वाहन (एसपीवी) को पावर ग्रिड कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया को सौंप दिया है। एसपीवी के कार्य में राजस्थान में 765 केवी डी/सी लाइन के साथ-साथ रामगढ़ में 765/400 केवी और 2×500 एमवीए 400/220 केवी पूलिंग स्टेशन का कार्यान्वयन शामिल है। इस परियोजना को 18 महीने में पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है और यह राज्य में नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्रों से ग्रिड तक बिजली की निकासी में मदद करेगा, ताकि लोड केंद्रों तक आगे संचरण या वितरण किया जा सके। यह परियोजना 2030 तक गैर-जीवाश्म ईंधन स्त्रोतों से 500 गीगावॉट स्थापित बिजली क्षमता हासिल करने की सरकार की व्यापक योजना का हिस्सा है। ट्रांसमिशन सेवा प्रदाता के रूप में पीएसयू पावर ग्रिड कॉर्पोरेशन का चयन टैरिफ आधारित प्रतिस्पर्धी बोली के माध्यम से किया गया था। आरईसी लिमिटेड, विद्युत मंत्रालय के तहत एक महारत्न केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र उद्यम, एक एनबीएफसी है जो पूरे भारत में बिजली क्षेत्र के वित्तपोषण और विकास पर ध्यान केंद्रित करता है। चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही के अंत में आरईसी की ऋण पुस्तिका 4.54 लाख करोड़ रुपये हैं।

## एयरटेल की माइक्रोसॉफ्ट टीम्स के जरिए इंटीग्रेटेड कॉलिंग के लिए साझेदारी

**नई दिल्ली,** 28 अक्टूबर (एजेंसियां)। दूरसंचार सेवा प्रदाता भारती एयरटेल ने आज माइक्रोसॉफ्ट के साथ साझेदारी की घोषणा की जिसके तहत भारतीय व्यापारिक संस्थाओं को माइक्रोसॉफ्ट टीम्स के जरिए कॉलिंग सेवा दी जाएगी। यह सेवा एयरटेल आईक्यू को माइक्रोसॉफ्ट टीम्स के साथ इंटीग्रेट कर प्रदान की जाएगी। एयरटेल ने यहां यह घोषणा करते हुये कहा कि माइक्रोसॉफ्ट टीम्स के लिए एयरटेल आईक्यू के साथ, एंटरप्राइज जल्द ही इंटरनेट के माध्यम से फिक्स्ड लाइन पर देश भर के ग्राहकों से आसानी से जुड़ सकेंगे। यह नई सेवा एंटरप्राइजेज को टीम्स के जरिये बाहरी यूजर्स, कॉल करने और उनकी कॉल लेने एवं उन्हें अपने कार्यप्रवाह में संचार एवं




सहयोग को जारी रखने में सक्षम बनाएगी। एयरटेल आईक्यू के बिजनेस हेड अभिषेक बिस्वाल ने कहा, 'हम एक बेहतरीन, लचीले और इनोवेटिव समाधान को पेश करने के लिए माइक्रोसॉफ्ट से साझेदारी करके खुश हैं। इससे भारतीय उद्यमों के सामने वर्तमान में आने वाली सबसे बड़ी चुनौतियों में से एक का समाधान होगा। माइक्रोसॉफ्ट की तकनीक के साथ एयरटेल की कनेक्टिविटी की पारंपरिक ताकत सभी ग्राहकों के लिए विश्वसनीयता, लागत में बचत, आसान प्रबंधन और व्यापक समाधान सुनिश्चित करेगी, इससे वे अपना दायरा भी बढ़ाएंगे और इसकी मदद से आने वाले समय में वे सिर्फ और सिर्फ अपनी उत्पादकता को बढ़ाने पर ही फोकस करेंगे।'<माइक्रोसॉफ्ट टीम्स के लिए एयरटेल आईक्यू एक प्लग एंड प्ले सॉल्यूशन है, जिसे न्यूनतम प्रॉविजनिंग और प्रबंधन के साथ एक दिन के भीतर स्थापित किया जा सकता है। यह कंपनी प्रबंधन को इस सेवा के लिए जरूरी बुनियादी ढांचे के खर्च से बचाता है क्योंकि इसके लिए किसी अतिरिक्त हार्डवेयर की जरूरत नहीं होती है और यह एंटरप्राइज ग्रेड की विश्वसनीयता और सहयोग देता है।

## सार संक्षेप

### एनटीपीसी का मुनाफा 38 प्रतिशत बढ़ा

**नई दिल्ली।** सरकारी बिजली उत्पादक कंपनी एनटीपीसी लिमिटेड ने चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में 4726.4 करोड़ रुपए का सकल शुद्ध लाभ कमाया है जो पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि के 3417.67 करोड़ रुपए की तुलना में 38.3 प्रतिशत अधिक है। कंपनी ने आज निदेशक मंडल की बैठक के बाद बीएसई को बताया कि निदेशक मंडल ने 10 रुपये अंकित मूल्य वाले शेयर पर 22.5 प्रतिशत अंतरिम लाभांश को मंजूरी दी है। यह लाभांश 23 नवंबर को दिया जायेगा। सितंबर 2023 को समाप्त इस तिमाही में कंपनी का कुल राजस्व 44983.35 करोड़ रुपये रहा है जो पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि के 44175.03 करोड़ रुपये की तुलना में 1.8 प्रतिशत अधिक है। एनटीपीसी देश की सबसे बड़ी बिजली उत्पादक कंपनी है और देश के कुल बिजली उत्पादन में कंपनी ही हिस्सेदारी 25 प्रतिशत है।

### पोर्श टेक्नॉलाजीज ने लांच किया खिपू माइक्रो डेटा सेंटर

**नई दिल्ली।** डेटा स्टोरेज एवं कनेक्टिविटी समाधान प्रदाता पोर्श टेक्नॉलाजीज ने इंडिया मोबाइल कांग्रेस अपना नया उत्पाद खिपू माइक्रो डेटा सेंटर लांच करने की घोषणा की है। कंपनी के अध्यक्ष अरशद फाखरी ने आज यहां कहा कि आमतौर पर डेटा सेंटर का आकार बड़ा होता है और उसके लिए बिजली आपूर्ति से लेकर हर तरह की व्यवस्था करनी पड़ती है लेकिन इस माइक्रो डेटा सेंटर को एक रेफ्रिजरेटर जैसे आकार में पूरी तरह से बनाया गया है जिसमें पावर आपूर्ति , कूलिंग से लेकर इसके लिए जरूरी सभी सुविधायें उपलब्ध है। इसमें स्टोरेज को बढ़ाने की भी सुविधा दी गयी है। उन्होंने कहा कि कड़े जर्मन गुणवत्ता मानकों का पालन कर इसको तैयार किया गया है। एकीकृत स्मार्ट कैबिनेट डेटा सेंटर इंफ्रास्ट्रक्चर समाधान डेटा सेंटर इंफ्रास्ट्रक्चर को बदल देता है। अनुकूलित उत्पादों में निर्माण, एकीकृत डिज़ाइन में बिजली की आपूर्ति, वितरण प्रणाली, प्रशीतन प्रणाली, कैबिनेट प्रणाली, अग्नि नियंत्रण प्रणाली, गतिशील निगरानी सभी को इसमें शामिल कर दिया गया है। इस पर कंपनी 25 वर्षों की वारंटी दे रही है।

### जियो का 'इमरजेंसी रिस्पॉस कम्युनिकेशन सिस्टम'

**नई दिल्ली।** रिलायंस जियो ने इंडिया मोबाइल कांग्रेस-2023 में अपना 'इमरजेंसी रिस्पॉस कम्युनिकेशन सिस्टम' डिस्प्ले किया है, जिससे जिंदगियों को बचाया जा सकेगा। जियो के ट्रू 5जी पर चलने वाला यह 'इमरजेंसी रिस्पॉस कम्युनिकेशन सिस्टम' कई स्तरों पर कम्युनिकेशन का मजबूत करेगा। लोकल संचार व्यवस्था ठप्प हो जाने पर इस सिस्टम में उपग्रह से कनेक्टिड 'कम्युनिकेश टॉवर ऑन व्हील' होगा, जिसे कभी भी, कहीं भी और किसी भी स्थिती में तैनात किया जा सकता है। सहायता पहुंचाने वाली टीमों के कमांड सेंटर के लिए, रिलायंस जियो ने 'एक्सआर कंपेनियन' नाम का एक ऐप डिजाइन किया है। यह ऐप अपनी सहायता टीमों से रियल टाइम कनेक्ट रहेगा।

## बीपीसीएल ने जुलाई-सितंबर तिमाही में 8,501 करोड़ रुपए के मुनाफे के साथ वापसी की

**नई दिल्ली,** 27 अक्टूबर (एजेंसियां)। भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (बीपीसीएल) ने शुक्रवार को वित्त वर्ष 2023-24 की दूसरी तिमाही में 8,244 करोड़ रुपये का शुद्ध मुनाफा दर्ज किया है। कंपनी ने कहा कि वित्त वर्ष 2022-23 की दूसरी तिमाही में 338 करोड़ रुपए का घाटा दर्ज किया था। सार्वजनिक क्षेत्र की दिग्गज कंपनी ने 19,052 करोड़ रुपए का अपना अब तक का सबसे अधिक अर्धवार्षिक लाभ भी कमाया है। बीपीसीएल ने जुलाई-सितंबर 2023 तिमाही के लिए परिचालन से 1,16,594 करोड़ रुपए का स्टैंडअलोन राजस्व दर्ज किया, जो पिछले वर्ष की समान तिमाही में 1,28,333 करोड़ रुपए था। वित्त वर्ष 2023-24 की दूसरी तिमाही में तेल दिग्गज का स्टैंडअलोन मुनाफा 8,501 करोड़ रुपए था, जबकि वित्त वर्ष 2022-23 की दूसरी तिमाही में 304 करोड़ रुपए का घाटा हुआ था। अप्रैल-सितंबर




2023 की अवधि के लिए कंपनी का सकल रिफाइनिंग मार्जिन (जीआरएम) 15.42 डॉलर प्रति बैरल था, जबकि 1 जुलाई 2022 से लगाए गए विशेष अतिरिक्त उत्पाद शुल्क, सड़क और बुनियादी ढांचे उपकर के प्रभाव को शामिल करने से पहले इसी तुलनात्मक अवधि में 22.30 डॉलर प्रति बैरल था। वित्त वर्ष 23-24 की दूसरी तिमाही के लिए स्टैंडअलोन कर पूर्व लाभ 13,679.21 करोड़ रुपये है, जबकि वित्त वर्ष 22-23 की दूसरी तिमाही में 1,991.41 करोड़ रुपए है; वित्तीय वर्ष 23-24 की दूसरी तिमाही में कर पूर्व लाभ मार्जिन 11.73 प्रतिशत था, जबकि वित्तीय वर्ष 22-23 की दूसरी तिमाही में 1.55 प्रतिशत था। 30 सितंबर 2023 को ऋण-इक्विटी अनुपात (30 सितंबर, 2022 के 1.10 गुणा के मुकाबले) 0.32 गुणा था। फीजिकल प्रदर्शन-चालू तिमाही में, वित्त वर्ष 2022-23 की दूसरी तिमाही में थ्रूपुट 9.35 एमएमटी बनाम 8.82 एमएमटी था। वित्त वर्ष 2023-24 की दूसरी तिमाही में बाजार बिक्री 12.19 एमएमटी थी, जबकि वित्त वर्ष 2022-23 की दूसरी तिमाही में यह 11.44 एमएमटी थी। बिक्री 6.56 फीसदी बढ़ी है। अप्रैल से सितंबर' 2023 के दौरान तुलनात्मक अवधि में थ्रूपुट 19.71 एमएमटी बनाम 18.51 एमएमटी था। अप्रैल से सितंबर' 2023 की अवधि के लिए बाजार की बिक्री तुलनात्मक अवधि में 23.20 एमएमटी से बढ़कर 24.94 एमएमटी (7.50 प्रतिशत की वृद्धि) हो गई है।

## देश का विदेशी मुद्रा भंडार में एक सप्ताह में 2.36 अरब डॉलर घटा


**मुंबई,** 27 अक्टूबर (एजेंसियां)। देश का विदेशी मुद्रा भंडार 20 अक्टूबर को समाप्त सप्ताह में 2.36 अरब डॉलर घटकर 583.53 अरब डॉलर रह गया। आरबीआई के शुक्रवार को जारी आंकड़ों में यह तथ्य सामने आया है। इससे पहले के सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार पांच सप्ताह की गिरावट के बाद 1.15 अरब डॉलर बढ़ गया था। देश का विदेशी मुद्रा भंडार 6 अक्टूबर को समाप्त सप्ताह में 14.166 अरब डॉलर गिरकर पांच महीने के निचले स्तर 584.74 अरब डॉलर पर आ गया था। ताजा गिरावट के साथ, विदेशी मुद्रा भंडार और भी कम हो गया है। यह चिंता का कारण है क्योंकि आरबीआई देश के विदेशी मुद्रा भंडार का उपयोग रुपए में तेज गिरावट होने पर उसे स्थिर करने के लिए करता है। आरबीआई रुपए को दबाव में आने से रोकने के लिए अधिक डॉलर जारी करके हाजिर और वायदा बाजारों में हस्तक्षेप करता है। विदेशी मुद्रा भंडार में किसी भी तेज गिरावट से आरबीआई के पास रुपये को स्थिर करने के लिए बाजार में हस्तक्षेप करने की गुंजाइश कम हो जाती है, जिससे भारतीय मुद्रा कमजोर हो सकती है।

## एफपीआई की बिकवाली का सबसे ज्यादा असर वित्तीय, आईटी शेयर पर

**नई दिल्ली,** 28 अक्टूबर (एजेंसियां)। जियोजित फाइनेंशियल सर्विसेज के मुख्य निवेश रणनीतिकार वी के विजयकुमार ने कहा है कि एफपीआई की बिक्री लगातार जारी है, जिसका सबसे ज्यादा असर वित्तीय सेवाओं और आईटी सेगमेंट पर पड़ रहा है।

अक्टूबर में एफपीआई ने 20,356 करोड़ रुपये की इक्विटी बेची है। उन्होंने कहा कि एक्सचेंजों के माध्यम से बिक्री 25,575 करोड़ रुपये से अधिक रही है। एफपीआई ने वित्तीय, बिजली, एफएमसीजी और आईटी जैसे क्षेत्रों में सबसे ज्यादा बिकवाली की। निरंतर बिक्री का मुख्य कारण अमेरिकी बांड यील्ड में तेज वृद्धि है, जिसने 10 साल की यील्ड को 17 साल के उच्चतम 5 प्रतिशत पर पहुंचा दिया है। यील्ड अब घटकर 4.84 फीसदी पर है। उन्होंने कहा, इतनी ऊंची बॉन्ड यील्ड के साथ एफपीआई के लिए पैसा निकालना तर्कसंगत भी है। उन्होंने कहा, पश्चिम एशिया में इजराइल-हमास संघर्ष को लेकर अनिश्चितता से बाजार में नेगेटिव सेंटीमेंट्स हैं। एफपीआई निवेश की एक महत्वपूर्ण विशेषता ऋण बाजार में बढ़ती आमद है।

एफपीआई की बिकवाली ने वित्तीय सेवाओं और आईटी सेगमेंट को दूसरों की तुलना में अधिक प्रभावित किया है। इसका




कारण यह है कि ये दो सेगमेंट एफपीआई के एयूएम (एसेट अंडर मैनेजमेंट) का बड़ा हिस्सा हैं। लगभग 652 अरब डॉलर के कुल एफपीआई एयूएम में से वित्तीय सेवाओं का हिस्सा 213 अरब डॉलर और आईटी का हिस्सा 64 अरब डॉलर है। उन्होंने कहा, यह ध्यान रखना महत्वपूर्ण है कि इन सेग्मेंट्स में स्टॉक की कीमतें एफपीआई की बिक्री के कारण कमजोर हैं, न कि किसी बुनियादी कारक के कारण।

## जिंसों में टिकाव

**नई दिल्ली,** 28 अक्टूबर (एजेंसियां)। स्थानीय स्तर पर उठाव कमजोर पड़ने से आज दिल्ली थोक बाजार में खाद्य तेलों के साथ ही दाल दलहन और अन्य जिंसों में टिकाव रहा।



तेल-तिलहन : इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा। सरसों तेल, वनस्पति तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड और पाम ऑयल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ।

गुड़-चीनी : मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर पड़े रहे।

दाल-दलहन : दाल-दलहन बाजार में टिकाव रहा। अरहर दाल, चना, दाल चना, मसूर दाल, मूंग दाल, और उड़द दाल में कोई बदलाव नहीं हुआ और वह पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टिकी रही।

अनाज : अनाज मंडी में भाव स्थिर रहे। इस दौरान चावल और गेहूं के दाम में कोई बदलाव नहीं हुआ।

## आईएमसी 2023: दूरसंचार में भारत की परिवर्तनकारी भूमिका का प्रदर्शन

**नई दिल्ली,** 28 अक्टूबर (एजेंसियां)। भारतीय मोबाइल कांग्रेस (आईएमसी) 2023 का 7वां संस्करण, एशिया का सबसे बड़ा दूरसंचार, मीडिया और प्रौद्योगिकी मंच, दूरसंचार नेटवर्क की परिवर्तनकारी भूमिका का प्रदर्शन कर रहा है जो 5जी, 6जी स्वचालन के लिए महत्वपूर्ण रीढ़ है। आईओटी उछाल, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई), ड्रोन, उपग्रह संचार, ग्रामीण कनेक्टिविटी और बहुत कुछ। दूरसंचार विभाग (डीओटी) और सेल्युलर ऑपरेटर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया (सीओएआई) द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित आईएमसी ने भारत और अन्य जगहों से नीति और कॉर्पोरेट परिदृश्य में अग्रणी दिमागों को एक साथ लाया है। प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत में लचीली और सुरक्षित आपूर्ति श्रृंखलाओं और विनिर्माण को बढ़ावा देने की आवश्यकता को रेखांकित किया, क्योंकि उन्होंने शिक्षा, कृषि और स्वास्थ्य जैसे क्षेत्रों में अनुप्रयोगों के विकास के लिए 100 शैक्षणिक



संस्थानों के लिए '5जी यूज़ केस लैब्स' लॉन्च किया। सेल्युलर ऑपरेटर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया (सीओएआई) के महानिदेशक लेफ्टिनेंट जनरल डॉ. एसपी कोचर ने कहा, 'एक दूरदर्शी दृष्टिकोण अपनाने की जरूरत है जिसमें नेटवर्क से लाभान्वित होने वाले सभी हितधारक इसके रखरखाव और उन्नति के लिए जिम्मेदारी से योगदान दें।' एरिक्सन के क्लाउड सॉफ्टवेयर और सर्विसेज प्रमुख लुडविग लैंडग्रेन ने कहा, '5जी भारत में बदलाव ला रहा है। एक साल में हमारे पास 5जी के 100 मिलियन ग्राहक हैं। हमारा मानना है कि 2023 के अंत तक अतिरिक्त 30 मिलियन भारतीयों के पास 5जी तक पहुंच होगी।' जैसे-जैसे 5जी का विस्तार होगा और नए एप्लिकेशन तैयार होंगे, इससे बड़े पैमाने पर रोजगार सृजन भी होगा। टेलीकॉम सेक्टर स्किल काउंसिल के सीईओ अरविंद बाली ने कहा, 'भारत में टेलीकॉम सेक्टर को 11.59 मिलियन कुशल पेशेवरों की आवश्यकता है। हालांकि, 2.4 मिलियन कुशल श्रमिकों की मांग-आपूर्ति का अंतर मौजूद है।

इंडिया सेल्युलर एंड इलेक्ट्रॉनिक्स एसोसिएशन के चेयरमैन, पंकज मोहिन्द्रू ने कहा, 'भारत जनशक्ति का वैश्विक आपूर्तिकर्ता बनने के लिए तैयार है। अब हम खुद को उत्तरी अमेरिका, ताइवान और जापान की मांगों को पूरा करने के लिए एक अद्वितीय स्थिति में पाते हैं, खासकर सेमीकंडक्टर विनिर्माण जैसे उद्योगों में, जहां श्रम की गंभीर कमी है। टेलीकॉम पर ध्यान केंद्रित करने में आईएमसी की भूमिका पर मीडियाटेक इंडिया के प्रबंध निदेशक अंकु जैन ने कहा, 'आईएमसी अत्याधुनिक प्रौद्योगिकियों में भारत की स्थिति को बढ़ावा दे रही है और अगली लहर को डिजाइन करने के लिए वैश्विक विचारकों के लिए डिजिटल नवाचार का एक प्रमुख मंच के रूप में कार्य करती है।'

# खेल जगत

## मनु भाकर ने निशानेबाजी में भारत के लिए 11वां पेरिस ओलंपिक कोटा हासिल किया

**नई दिल्ली,** 28 अक्टूबर (एजेंसियां)। ओलंपियन और भारत के सबसे सफल समकालीन निशानेबाजों में से एक मनु भाकर ने कोरिया के चांगवोन में चल रही 15वीं एशियाई शूटिंग चैंपियनशिप में महिलाओं की 25 मीटर पिस्टल में पांचवें स्थान पर रहकर शूटिंग में भारत का 11वां पेरिस 2024 ओलंपिक कोटा हासिल किया। मनु ने फाइनल में 24 का स्कोर किया और शूट-ऑफ में हारकर एक और अंतरराष्ट्रीय पदक से चूक गईं। ईरान की हनियेह रोस्तमियान दूसरे स्थान पर रहीं, उन्होंने चीन का पदक छीन लिया, क्योंकि पावरहाउस राष्ट्र ने अन्य सभी स्थानों को एक से चार तक ले लिया। यह देखते हुए कि चीन केवल एक कोटा का दावा कर सकता है और हनियाह ने पहले ही अपना कोटा सुरक्षित कर लिया था, दूसरा पेरिस स्थान भारतीय ने हासिल किया। बाहर होने से पहले, मनु अक्सर शीर्ष दो में और पूरे समय पदक की स्थिति में रहती थीं।



# भारत की निगाहें जीत के 'छक्के' साथ सेमीफाइनल में स्थान पक्का करने पर

■ सत्येन्द्र पाल सिंह

- भारत के विजय रथ को रोकना इंग्लैंड के लिए बेहद मुश्किल
- भारत अब इंग्लैंड से हिसाब चुकता करने को बेताब

लखनऊ, 28 अक्टूबर (देशबन्धु)। चेज मास्टर विराट कोहली, हिटमैन कप्तान रोहित शर्मा, दमदार शुभमन गिल और भरोसेमंद केएल राहुल सहित भारत का शीर्ष क्रम पूरे रंग में है। रफ्तार के सौदागर जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद शमी व मोहम्मद सिराज, बाएं हाथ के लेग स्पिनर कुलदीप यादव और रवींद्र जडेजा की जुगल जोड़ी के साथ बेहद अनुभवी ऑफ स्पिन ऑलराउंडर रविचंद्रन अश्विन के रूप में भारत को स्पिनरों की त्रिमूर्ति उपलब्ध है। शुरू के अपने पांचों मैच जीतने वाली भारतीय टीम की निगाहें अब मौजूदा चैंपियन इंग्लैंड को भी यहां रविवार को हरा जीत के %छक्के% के साथ आईसीसी वन डे क्रिकेट विश्व कप 2023 के सेमीफाइनल में स्थान पक्का करने पर लगी हैं। भारत के लिए एक अच्छी बात यह है कि पिछली उपविजेता न्यूजीलैंड पर धर्मशाला में चार जीत के बाद उसकी टीम करीब एक हफ्ते आराम कर तरोताजा होकर इंग्लैंड के खिलाफ खेलने उतरेगी।

भारत अब यहां इकाना भारत रत्न अटल बिहारी स्टेडियम मे 2019 में बर्मिंघम में रोहित शर्मा के शतक , विराट के अर्द्धशतक तथा मोहम्मद शमी के गेंद से %पंजे% के बावजूद इंग्लैंड से मिली 31 रन की हार का हिसाब चुकाने को बेताब होगा। बतौर टीम बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले भारत के विजयरथ को शुरू के अपने पांच में चार मैच हार चुकी इंग्लैंड के लिए नवाबों के शहर रोक पाना नामुमकिन न सही लेकर बेहद मुश्किल तो जरूर है। इंग्लैंड को सेमीफाइनल की अपनी उम्मीदों को जिंदा रखने के लिए भारत के खिलाफ जीत बेहद जरूरी है।अगर- मगर फंसा इंग्लैंड यदि भारत से रविवार को हारा तो उसके सेमीफाइनल के रास्ते बंद हो जाएंगे। दोनों देशों के बीच वनडे विश्व कप में अब आठ में चार मुकाबले इंग्लैंड ने और तीन भारत ने जीते जबकि एक टाई रहा। ,

बेशक क्रिकेट रोचक अनिश्तिताओं का खेल है और यह कमतर अफगानिस्तान ने इंग्लैंड और पाकिस्तान जैसी दुनिया की बड़ी टीमों को तथा नीदरलैंड ने दक्षिण अफ्रीका को हराकर साबित किया है। भारत को इसलिए आत्ममुग्धता से बचते हुए इंग्लैंड के निराशाजनक प्रदर्शन के बावजूद उसे हल्के में लेने की गलती करने से बचना होगा। इंग्लैंड की टीम जब अपना खिताब बरकरार रखने की हसरत के साथ भारत आई तो उसकी शुरू से जवाबी हमला कर किसी भी प्रतिद्वंद्वी टीम को पस्त करने के चर्चे थे लेकिन किस्मत का फेर देखिए वह खुद इस वक्त पूरी तरह पस्त है। भारत के कप्तान रोहित शर्मा ने शुरू खुद दे दनादन की रणनीति में इसलिए कामयाब रहे हैं क्योंकि उन्हें मालूम है उनके किसी मैच में नाकाम रहने पर मैच के मिजाज के गियर बदलने में माहिर विराट कोहली और केएल राहुल जैसे जोश के साथ होश रखने में माहिर अनुभवी बल्लेबाज हैं। कप्तान सलामी बल्लेबाज हिटमैन ने पारी के शुरू में जहां दे दनादन कर चेज मास्टर विराट कोहली व केएल राहुल जोश के साथ होश से बल्लेबाजी कर भारत को मंजिल तक पहुंचा रहे हैं वहीं सदाबहार जसप्रीत बुमराह खुद गेंद से रफ्तार के साथ धार दिखा अपने साथी गेंदबाजों को बढिया गेंदबाजी से भी बढिया गेंदबाज कराने में कामयाब हो रहे हैं। उपकप्तान ऑलराउंडर हार्दिक पांड्या टखने में चोट के कारण इंग्लैंड के खिलाफ भी उपलब्ध न होने के बावजूद भारत के पास पर्याप्त विकल्प हैं। हार्दिक के चोट के चलते बाहर होने पर मिले मौके को लपकते हुए अनुभवी तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी ने न्यूजीलैंड के खिलाफ गेंद से %पंजा% जड़ पूरी तरह भुनाते हुए भारत को जीत दिलाने के साथ खुद का अगले सभी मैचों के लिए एकादश में स्थान





**मैच का समय : दोपहर 2 बजे से।**

पक्का कर दिया है। मौजूदा वनडे विश्व कप में सबसे ज्यादा तीन अर्द्धशतक और एक शतक सहित रन बनाने में सबसे आगे चल रहे चेज मास्टर विराट कोहली (कुल 354 रन), पहली ही गेंद से दे दनादन हिट करने वाले कप्तान रोहित शर्मा(311 रन) और सबसे भरोसेमंद केएल राहुल (177 रन) की सूझबूझ भरी बल्लेबाजी भारत को जीत के लक्ष्य का कामयाबी से पीछा कर जिस तरह शुरू के पांचों मैच जिताए उसके मद्देनजर इंग्लैड के लिए गेंदबाजों के लिए लगाम लगाना सबसे मुश्किल चुनौती होगा। विराट कोहली बांग्लादेश के खिलाफ पुणे में मैच अविजित शतक जड़ अंतरराष्ट्रीय वनडे क्रिकेट मे सचिन तेंदुलकर (49 शतक) के दुनिया में सबसे ज्यादा शतक जडने् से बस एक शतक के फासले पर रह गए। धर्मशाला में अगले मैच में विराट न्यूजीलैंड के मैट हेनरी की गेंद को उड़ाने के फेर में फिलिप्स के हाथों लपके जाने से मात्र पांच रन से लगातार दूसरा शतक जड़ने सचिन की बराबरी से चूके। लखनऊ में पूरी भारतीय टीम ही नहीं हर देश और दुनिया का हर क्रिकेट प्रेमी यह उम्मीद करेगा कि विराट इंग्लैंड के खिलाफ मैच में रविवार को वनडे में अपना 49 वां शतक जडने् के साथ अपने आदर्श सचिन की बराबरी कर लेंगे। डेंगू की चपेट में आने के बाद शुरू के मैचों से बाहर रहने के बाद इस साल के वनडे क्रिकेट के सफल बल्लेबाज शुभमन गिल ने पिछले तीन मैचों में भले ही एक अर्द्धशतक जड़ा हो लेकिन वह आत्मविश्वास खेले वह इस वन डे विश्व कप में प्रतिद्वंद्वी टीम के गेंदबाजों के लिए खतरनाक की घटी है। भारत ने पहले मैच में मात्र दो रन पर तीन विकेट गंवाने के बाद जिस तरह विराट और केएल राहुल ने संभाला और इसके बाद जिस दे दनादन के अंदाज में कप्तान रोहित शर्मा ने आगाज कर तेज शुरुआत दिलाई है उससे इससे पहले की प्रतिद्वंद्वी टीम कुछ समझे मुट्ठी में से रेत की तरह मैच प्रतिद्वंद्वी टीम के हाथ से फिसल जाता रहा। इंग्लैंड के कप्तान जोस बटलर का बराबर लगभग हर मैच में अपनी एकादश साफ साफ यह दर्शाता है उन्हें न तो अपने बल्लेबाजों पर भरोसा दिख रहा है न ही अपने गेंदबाजों पर। भारतीय बल्लेबाज इंग्लैंड के गेंदबाजों में विश्वास की कमी का लाभ उठाकर खासतौर पर तेज गेंदबाज मार्क वुड(कुल 3 विकेट) को निशाना बनाने से नहीं चूकेंगे और सबसे अनुभवी लेग स्पिनर आदिल राशिद (कल छह विकेट)को भी निशाना बनाने से नहीं चूकेंगे। भारत के कप्तान रोहित ने टॉस जीता या उन्हें पहले बल्लेबाजी की दावत मिली तो वह इसे खुशी खुशी कबूल कर टीम की जीत के सिलसिले को आगे बढ़ाने में कसर नहीं छोड़ेंगे। इंग्लैंड को चोट के चलते अपने सबसे लंबे और सबसे कामयाब तेज गेंदबाज रीस टॉप्ले (8 विकेट) की कमी बुरी तरह अखरेगी। इंग्लैंड की सबसे बड़ी दिक्कत है कि सही मायनों में उसके लिए एक शतक सहित पांच मैचों में उसके लिए रन बनाने में सबसे आगे चल रहे डेविड मलान (कुल 220 रन) और दो अर्द्धशतक सहित रन बनाने में दूसरे स्थान पर चल रहे जो रूट(कुल 175) को छोड़ कर एक एक अर्धशतक जड़ने वालशे जॉनी बैरिस्टो (कुल 127)व हैरी ब्रुक (कुल 128 रन) लगातार बड़ी पारी खेलने में नाकाम रहे हैं। पिछले दो मैचों से जिस तरह इंग्लैंड का शीर्ष क्रम पहले दिल्ली में अफगानिस्तान और फिर बेंगलुरु में श्रीलंका के खिलाफ जिस तरह ताश के पत्तों की ढहा उसके मद्देनजर उनके लिए भारत के रंग में चल रहे तेज गेंदबाजों - जसप्रीत बुमराह (कुल 11 विकेट), मोहम्मद सिराज (कुल छह विकेट) तेज और मात्र एक मैच खेल गेंद से पंजा जडने् वाले मोहम्मद शमी(5 विकेट) की त्रिमूर्ति के साथ बाएं हाथ के लेग स्पिनर कुलदीप यादव (कुल 8 विकेट) और रवींद्र जडेजा (7 विकेट) के स्पिनरों की जुगल जोड़ी के सामने टिक पाना बेहद मुश्किल नजर आ रहा है। भारत शॉर्ट गेंद के खिलाफ परेशान नजर आए श्रेयस अय्यर और सूर्य कुमार यादव में किसी एक को शीर्ष क्रम में रख कर ऑफ स्पिन ऑलराउंडर रविचंद्रन अश्विन को भी एकादश में उतारता है तो इंग्लैंड की परेशानी और भारत की तेज और स्पिन त्रिमूर्ति के सामने और बढ़ सकती है।

# रनो की बारिश में आस्ट्रेलिया ने बाजी मारी, न्यूजीलैंड पांच रन से हारा




**धर्मशाला** 28 अक्टूबर (एजेंसियां)। ट्रैविस हेड (109) और डेविड वार्नर (81) के बीच 175 रन की तूफानी भागीदारी की के बाद सधी हुयी गेंदबाजी और चुस्त क्षेत्ररक्षण की मदद से आस्ट्रेलिया ने शनिवार को आईसीसी विश्व कप के रोमांचक मुकाबले में न्यूजीलैंड को पांच रन से हरा दिया। हिमाचल प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन के खूबसूरत मैदान पर आस्ट्रेलिया ने टॉस हार कर पहले बल्लेबाजी करते हुये 388 रन का स्कोर खड़ा किया जिसके जवाब में न्यूजीलैंड की टीम नौ विकेट पर 383 रन ही बना सकी। विश्व कप में अब तक खेले गये छह मुकाबलों में न्यूजीलैंड की यह दूसरी हार है, इससे पहले भारत ने उसे हराया था जबकि शुरुआती दो मैच हारने वाली आस्ट्रेलिया ने पिछले चार मुकाबलों में जीत दर्ज कर सेमीफाइनल में पहुंचने की अपनी राह आसान की हैं। न्यूजीलैंड ने हालांकि गेंद और बल्ले से कंगारूओं को कड़ी टक्कर दी जिसके चलते अंतिम क्षणों तक मैच का रोमांच बरकरार रहा। रचिन रविंद्र (116) ने एक छोर को संभाल कर आस्ट्रेलिया के गेंदबाजी आक्रमण का सामना किया। इसके अलावा डैरिल मिचेल (54) और जिमी मीशम (58) ने भी फटाफट रन बटोरते हुये अपनी टीम को जीत की दहलीज पर पहुंचाने का भरपूर प्रयास किया मगर एडम जम्पा (74 रन पर तीन विकेट) के अलावा पैट कमिंस और जॉश हेजलवुड ने दो दो विकेट झटक कर कीवियों को जीत से महरूम कर दिया। रनो से भरपूर विकेट पर गेंदबाजों की जम कर पिटाई हुयी मगर दोनो टीमों को मिलाकर कुल 19 विकेट भी गिरे जबकि कुल 771 रन बनाये गये जो आस्ट्रेलिया-न्यूजीलैंड मैच का एक रिकार्ड है। इस दौरान कुल 32 छक्के लगाये गये जिसमें 20 छक्के आस्ट्रेलिया के बल्लेबाजों ने 12 न्यूजीलैंड के बल्लेबाजों ने जड़े।

टॉस हार कर पहले बल्लेबाजी करने उतरे हेड और वार्नर के बल्ले की आग ने स्टेडियम के माहौल में तपिश ला दी। दोनो ने कीवी गेंदबाजों की जमकर धुलायी करते हुये 19वें ओवर तक टीम के स्कोर को 175 रन पर लाकर खड़ा कर दिया जिससे लगने लगा था कि आस्ट्रेलिया 450 के आसपास स्कोर कर लेगा मगर ग्लेन फिलिप्स (37 रन पर तीन विकेट) ने न सिर्फ इस तूफान को थामा बल्कि पूरी आस्ट्रेलिया टीम को 388 रनो के भीतर पैक करने में भी अहम योगदान दिया।

विश्व कप में अपना पहला मैच खेल रहे हेड ने मात्र 59 गेंदों पर अपना शतक दस चौके और सात छक्कों की मदद से पूरा किया। इसके साथ ही हेड विश्व कप के पदार्पण मैच में सबसे तेज शतक लगाने वाले पहले बल्लेबाज बन गये है जबकि तेज शतक के मामले में वह ग्लेन मैक्सवेल के बाद दूसरे आस्ट्रेलियाई खिलाड़ी है। मैक्सवेल ने मौजूदा विश्व कप में 40 गेंदों में शतक जड़ा था। विशाल साझीदारी को तोड़ने के लिये पैट कमिंस ने गेंदबाजों को बदला और आखिरकार कंगारू टीम को पहली सफलता वार्नर के विकेट के तौर पर मिली जिन्हे ग्लेन फिलिप्स अपनी ही गेंद पर लपका। वार्नर ने अपनी धाकड़ पारी में 65 गेंद खेल कर पांच चौके और छह छक्के लगाये। फिलिप्स ने ही हेड को भी जल्द ही दूसरा शिकार बनाया। सलामी साझीदारी टूटने के बाद न्यूजीलैंड के गेंदबाजों ने आस्ट्रेलिया के रनो की रफ्तार पर अंकुश लगाया। इस बीच फिलिप्स ने स्टीव स्मिथ (18) को कैच आउट करा कर अपनी टीम को मैच में वापस ला दिया। बाद में मिचेल मार्श (36),ग्लेन मैक्सवेल (41),जॉश इग्लस (38) और पैट कमिंस (37) ने तेज गति से रन बटोरने की कोशिश की मगर उतनी ही तेजी से ट्रेंट बोल्ट ( 77 पर तीन विकेट) और मिचेल सेंटनर (80 रन पर दो विकेट) ने आस्ट्रेलियाई बल्लेबाजों को आउट करने की सफल कोशिश की। गेंद और बल्ले की इस रोमांचक जंग के बीच पूरी आस्ट्रेलियाई टीम 49.2 ओवरों में 388 रन बना कर पवेलियन लौट गयी।

# इंग्लैंड को लखनऊ जाना है और भारत की पार्टी खराब करनी है : नासिर हुसैन



मैंने इस टूर्नामेंट से पहले टीम नहीं बदली होती, लेकिन मैं निश्चित रूप से अब इसे बदलने के बारे में सोच रहा हूं क्योंकि यह एक युग के अंत जैसा लगता है। इससे इंग्लैंड की इस टीम ने जो हासिल किया है उससे कुछ भी कम नहीं होता है। हम सभी हताश और उदास हो सकते हैं और कह सकते हैं, इनमें से बहुतों से छुटकारा पाए : नासिर हुसैन

**नई दिल्ली,** 28 अक्टूबर (एजेंसियां)। इंग्लैंड के पूर्व क्रिकेटर नासिर हुसैन ने जोस बटलर की अगुवाई वाली इंग्लैंड टीम से आईसीसी वनडे विश्व कप 2023 में रविवार को मेजबान टीम के खिलाफ खेलते हुए भारत की पार्टी खराब करने और उन्हें पहली बार हार देने का आग्रह किया है।

अंक तालिका में नौवें स्थान पर मौजूद इंग्लैंड चाकू की धार पर चल रहा है और सेमीफाइनल की दौड़ से लगभग बाहर हो गया है। हालाँकि, नासिर को अभी भी इंग्लैंड की टीम एक प्रभावशाली टीम लगती है जिसे अपनी क्षमताओं को दिखाने के लिए एशेज से आगे बढ़ना होगा।

खिलाड़ियों को इसकी जिम्मेदारी लेनी चाहिए। मैं बैज के लिए खेलने जैसी घिसी-पिटी बातों में माहिर नहीं हूं, लेकिन इंग्लैंड को अब यही करना है। उन्हें रविवार को लखनऊ जाना है और भारत की पार्टी खराब करनी है। उन्हें ऐसा करना ही होगा। हुसैन ने द डेली मेल के लिए अपने कॉलम में लिखा, भारत और दुनिया को याद दिलाएं कि वे कितने महान क्रिकेटर थे और अब भी हैं। इससे पहले श्रीलंका के खिलाफ करारी हार के बाद, नासिर ने सफेद गेंद क्रिकेट में इंग्लैंड के दृष्टिकोण पर सवाल उठाया था और इंग्लिश टीम के एक युग का अंत बताते हुए उनसे बाहर निकलने और व्यक्तिगत जिम्मेदारी लेने का आग्रह किया था।

हुसैन ने स्काई स्पोर्ट्स को बताया, हम अपने सफेद गेंद के इतिहास के कुछ महानतम खिलाड़ियों के बारे में बात कर रहे हैं, लेकिन यह उनमें से कुछ के लिए बहुत दूर का पुल साबित हुआ है।

मैंने इस टूर्नामेंट से पहले टीम नहीं बदली होती, लेकिन मैं निश्चित रूप से अब इसे बदलने के बारे में सोच रहा हूं क्योंकि यह एक युग के अंत जैसा लगता है। इससे इंग्लैंड की इस टीम ने जो हासिल किया है उससे कुछ भी कम नहीं होता है। हम सभी हताश और उदास हो सकते हैं और कह सकते हैं, इनमें से बहुतों से छुटकारा पाएं लेकिन उन्होंने हमें छह या सात साल बिल्कुल शानदार सफेद गेंद वाला क्रिकेट दिया है।

भारत पांच मैचों में पांच जीत के साथ विश्व कप में हार न झेलने वाली एकमात्र टीम है। वे दक्षिण अफ्रीका के बाद अंक तालिका में दूसरे स्थान पर हैं और उनका प्रदर्शन बहुत अच्छा रहा है। इंग्लैंड रविवार को लखनऊ के एकाना क्रिकेट स्टेडियम में मेजबान भारत से भिड़ेगा।

## सार संक्षेप

### मयंक चाफेकर ने मॉडर्न पेंटाथलॉन में तीन स्वर्ण पदक जीते

**पणजी।** एशियाई खेल 2023 में भाग लेने वाले भारत के पहले आधुनिक पेंटाथलॉन एथलीट महाराष्ट्र के मयंक चाफेकर ने राष्ट्रीय खेलों में मॉडर्न पेंटाथलॉन में तीन स्वर्ण पदक अपने नाम किये हैं। चापेकर को हांगझाउ एशियन गेम्स के दौरान पिंडली की हड्डी में चोट लग गई थी, जब वह तलवारबाजी कर रहे थे। इस दौरान एक तलवार ने उनका पैर छेद दिया था। ठाणे के कलवा के रहने वाले 23 साल के इस खिलाड़ी ने शुक्रवार को पोंडा में चल रहे 37वें राष्ट्रीय खेलों में पुरुषों की व्यक्तिगत ट्रायथल, पुरुष ग्रुप ट्रायथल और मिश्रित रिले ट्रायथले में स्वर्ण पदक जीतकर घरेलू सर्किट में अपने दबदबे को साबित किया। दो मॉडर्न पेंटाथलन विश्व और एशियाई चैंपियनशिप में भाग ले चुके चाफेकर ने मॉडर्न पेंटाथलन के राष्ट्रीय खेलों में पदार्पण के मौके का पूरा लुत्फ उठा रहे हैं। ट्रायथल आधुनिक पेंटाथलॉन अनुशासन में एक उप-खेल है। जहां एथलीटों को 5×600 मीटर की दौड़ लगानी होती है, 4×50 मीटर गोद में तैरना पड़ता है। साथ ही 10 मीटर की दूरी से लक्ष्य पर लेजर गन शूट करना पड़ता है।

### भारत ने पाकिस्तान को रोमांचक मुकाबले में 3-3 से बराबरी पर रोका

**जोहोर बाहरू (मलेशिया)।** मौजूदा चैंपियन भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम ने दो बार एक गोल से पिछड़ने के बाद शानदार वापसी करते हुए शुक्रवार को सुल्तान ऑफ जोहोर कप के रोमांचक शुरुआती मैच में प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान को 3-3 से ड्रा पर रोक दिया। . यह अमनदीप लाकड़ा (30), आदित्य अर्जुन लालागे (56) और उत्तम सिंह (59) के गोल थे जिन्होंने सुनिश्चित किया कि भारत को ड्रॉ से एक अंक मिले जबकि अरबाज अहमद (31, 58) और अब्दुल शाहिद (49) ) ने पाकिस्तान के लिए गोल किये। दोनों टीमें बिलिंग पर खरी उतरीं, अभियान के शुरुआती मैच में कुछ बेहतरीन हॉकी का प्रदर्शन किया - एक रोमांचक टूर्नामेंट के लिए क्षण स्थापित किया जो मलेशिया में दिसंबर में आगामी एफआईएच हॉकी पुरुष जूनियर विश्व कप 2023 में भाग लेने वाली टीमों के लिए एक लिटमस टेस्ट होने का वादा करता है। जबकि दोनों टीमों को शुरुआती घबराहट से उबरते हुए खेल में जमने में समय लगा, स्कोर करने का पहला बड़ा मौका 12वें मिनट में भारत की जूनियर पुरुष हॉकी टीम के फॉरवर्ड अंगद बीर सिंह के पास आया। लेकिन उनका शॉट गोल के पार चला गया और गेंद को टैप करने के लिए दूर-दूर तक कोई नहीं था।

# बाबर आजम को जिम्मेदार न ठहराएं : मिकी आर्थर

**चेन्नई,** 28 अक्टूबर (एजेंसियां)। पाकिस्तान के कोच मिकी आर्थर ने मौजूदा विश्व कप में उनकी टीम की विफलता के लिए कुछ लोगों को दोष देने के बजाय परफेक्ट मैच को जिम्मेदार ठहराया। शुक्रवार को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टीम की 1 विकेट से हार के बाद आर्थर ने पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) को कप्तान बाबर आजम के खिलाफ साजिश रचने से रोकने का भी वादा किया। केशव महाराज और तबरेज़ शम्सी के बीच 10वें विकेट के लिए सराहनीय साझेदारी से पाकिस्तान को विश्व कप इतिहास में पहली बार लगातार चौथी हार का सामना करना पड़ा। इससे पहले अफगानिस्तान के खिलाफ हार के बाद, पीसीबी ने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा था, बोर्ड विश्व कप में टीम के प्रदर्शन के आधार पर पाकिस्तान क्रिकेट के सर्वोत्तम हित में निर्णय लेगा। दक्षिण अफ्रीका से हार के बाद आर्थर ने कहा, वे हर किसी को दोषी ठहराएंगे, चिंता मत कीजिए। यह तो बस दुनिया का दस्तूर है। निश्चित रूप से बाबर आज़म,




इंजी (मुख्य चयनकर्ता, इंजमाम-उल-हक), हमारे कोचों, प्रबंधन टीम पर जादू-टोना शुरू करना वास्तव में अनुचित है। मुझे पता है कि लड़कों ने कोशिश की है और प्रयास किया है कोचिंग स्टाफ और खिलाड़ियों का प्रयास प्रथम श्रेणी का रहा है। अगर वे देखेंगे कि खिलाड़ियों और स्टाफ ने कितना प्रयास किया है, तो वे आश्चर्यचकित हो जाएंगे। 271 का औसत स्कोर बनाने के बाद, पाकिस्तान ने दूसरी पारी के पहले भाग में 12.3 ओवर के अंतराल में 54 रन पर पांच विकेट लेकर जीत की तरफ कदम बढ़ाया, जिससे दक्षिण अफ्रीका का स्कोर 9 विकेट पर 260 रन हो गया, इससे पहले कि अंपायर की कुछ खामियां सामने आईं और महाराज ने मामूली अंतर से जीत हासिल की।

मुझे लगा कि हमने वास्तव में अच्छी गेंदबाजी की, लेकिन मुझे अभी भी लगा कि रन बनाने के मामले में हम कमतर थे। हमने अभी तक एक साथ सही खेल नहीं दिखाया है। ऐसा प्रयास की कमी के कारण नहीं हुआ है, ऐसा नहीं है प्रयास की कमी के कारण, लेकिन इस समय हमारे पास पर्याप्त खिलाड़ी नहीं हैं, विशेषकर बल्ले से। अफगानिस्तान के खेल में, हम सभी विभागों में औसत थे। आज रात, हम बल्ले से ठीक थे, मुझे लगा कि हम गेंद से बहुत अच्छे थे। और आज रात, मुझे वास्तव में उन (खिलाड़ियों) पर गर्व है क्योंकि उन्होंने सही तरीके से लड़ाई लड़ी लेकिन कड़वा अंत। 6 मैचों में 2 जीत के साथ, विश्व कप में पाकिस्तान की यात्रा समाप्त होती दिख रही है, हालांकि, आर्थर टीम के प्रदर्शन को लेकर आशावादी हैं और टूर्नामेंट के लिए तत्पर हैं। आप कभी नहीं जानते। मैं जो जानता हूं वह यह है कि हमें फिर से संयोजनों का आकलन करने की जरूरत है, हमें अपनी टीम के भीतर मौजूद कमियों पर नजर डालने की जरूरत है। हमें कई क्षेत्रों में सुधार शुरू करने की जरूरत है और हमें मिल गया है, इस टूर्नामेंट को तीन जीत के साथ समाप्त करना है। मैं यही जानता हूं। हर दिन हम कोशिश करेंगे और हम ऐसा करने का प्रयास करेंगे।

# टीम का फॉर्म उतना अच्छा नहीं रहा जितना हम आम तौर पर रखते हैं : मार्कस ट्रेस्कोथिक

**लखनऊ,** 28 अक्टूबर (एजेंसियां)। 2023 पुरुष एकदिवसीय विश्व कप में इंग्लैंड से बहुत उम्मीदें थीं, वैश्विक आयोजन के 2015 संस्करण के पहले दौर में हार के बाद 2019 में घरेलू मैदान पर ट्रॉफी जीतकर 50 ओवर के प्रारूप में खेलने के तरीके को फिर से परिभाषित किया। लेकिन मौजूदा चैंपियन 2023 विश्व कप में जोरदार प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं, पांच में से चार मैच हार गए हैं और सेमीफाइनल से चूकने के कगार पर हैं। विश्व कप के अपने पांच मैचों में, बल्लेबाजी अभी तक मौके के अनुरूप नहीं आई है, जिसका सारांश यह है कि केवल पांच बल्लेबाज ही 50 के पार गए हैं। इंग्लैंड के सहायक कोच मार्कस ट्रेस्कोथिक ने स्वीकार किया कि टीम की बल्लेबाजी फॉर्म उतनी अच्छी नहीं रही जितनी सामान्य परिस्थितियों में हुआ करती थी। मुझे लगता है कि आत्मविश्वास, लय, जो भी आप इसे कहना चाहें - टीम का फॉर्म उतना अच्छा नहीं है जितना हम आम तौर पर




रखते हैं। आम तौर पर उस टीम में हमेशा एक, शायद दो लोग होते हैं जो सौ से अधिक या बड़ा स्कोर हासिल करने वाले होते हैं जो एक बड़ा अंतर पैदा करने वाला होता है। इस प्रतियोगिता के दौरान लगातार हर कोई फॉर्म से बाहर रहा है या रन नहीं बना पाया है जो आपको करना चाहिए, इसलिए हम समझते हैं कि यह आता है और जाता है और हम जानते हैं कि यह क्या है। यह सुनिश्चित करने का प्रयास किया जा रहा है कि हम इसे सही ढंग से महसूस कर सकें कि यह क्या है।